CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :41°C
न्यूनतम: 25°C

लखनऊ, मंगलवार 28 अप्रैल 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 171 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 9 जिल कदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



इजरायल पर भारत के रुख को नहीं मिला समर्थन: कांग्रेस पेज 2



मोहसिन खान पर नजर होनी चाहिए भारतीय चयनकर्ताओं की: बांगर खेल टाइम्स



अब बदलाव की प्रयोगशाला बनने को तैयार है मप्र का धार सम्पादकीय




इजरायल के साथ सीधी बातचीत की संभावना नहीं: हिजबुल्लाह पेज 12

# पुतिन से मिले अराघची, ईरान की हिमायत में खुलकर आया रूस

**तेहरान/ मास्को।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। बैठक में रूस ने ईरान के प्रति खुला समर्थन जताया।

रूसी मीडिया के मुताबिक, पुतिन ने कहा कि ईरानी जनता साहस और वीरता के साथ अपनी आजादी और संप्रभुता के लिए लड़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें ईरान के सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई का संदेश मिला है। अराघची की यह यात्रा ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच हालिया बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। ऐसे में ईरान रूस का समर्थन मजबूत करने में जुटा है। साथ ही पुतिन ने कहा कि हम हर वो काम करेंगे जो ईरान के हित में होगा। दोनों नेताओं की वार्ता के बाद ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने रूसी राष्ट्रपति का धन्यवाद किया।इस मीटिंग के बाद से पश्चिमी एशिया में चल रहा युद्ध का माहौल एक बार फिर गर्म हो गया है, क्योंकि सभी जानते हैं कि इस युद्ध में ईरान का समर्थन रूस कर रहा है। साथ ही चीन भी रूस के पीछे-पीछे चल रहा है।



- रूसी राष्ट्रपति बोले: ईरान अपनी आजादी के लिए लड़ रहा, ट्रम्प के अफसरों के साथ बैठक करेंगे

## पहले खुले होर्मुज, फिर होगी परमाणु मुद्दे पर बात: ईरान

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और शांति वार्ता के ठप पड़ने के बीच ईरान ने अमेरिका को एक नया दो-चरणीय शांति प्रस्ताव भेजा है। यह प्रस्ताव पाकिस्तानी मध्यस्थों के जरिए वाशिंगटन तक पहुंचाया गया है, जिसमें सबसे पहले होर्मुज स्ट्रेट को खोलने और क्षेत्रीय युद्ध को समाप्त करने की बात कही गई है।

अमेरिकी न्यूज आउटलेट एक्सियोस के अनुसार, ईरान चाहता है कि परमाणु मुद्दों पर बातचीत को बाद के चरण में रखा जाए। ईरान की प्रस्तावित दो-चरणीय योजना के अनुसार पहले होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने और अमेरिका की नाकेबंदी खत्म करने पर जोर दिया गया है। इसके बाद युद्धविराम या स्थायी शांति समझौते की बात है, जबकि परमाणु मुद्दों पर बातचीत बाद में की जाएगी। यह प्रस्ताव पाकिस्तान और ओमान के जरिये अमेरिका तक पहुंचा है। पहले चरण में होर्मुज स्ट्रेट को -**शेष पृष्ठ दो पर**

## ईरान के पास युद्धविराम पर सिर्फ तीन दिन: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी। उसके पास युद्ध खत्म करने के लिए युद्धविराम पर सहमत होने के लिए सिर्फ तीन दिन हैं, नहीं तो उसकी तेल पाइपलाइन में ब्लास्ट हो जाएगा। अगर ईरान तेल का निर्यात नहीं कर पाता, तो पाइपलाइन में दबाव बढ़ेगा। ऐसा इसलिए होगा, क्योंकि तेल को जहाजों या स्टोरेज टैंकों में भेजने का रास्ता बंद है और उस पर नाकेबंदी लगी हुई है। उन्होंने दावा किया कि जब तेल का बहाव अचानक रोकना पड़ता है, तो पाइपलाइन के अंदर दबाव बनता है और तकनीकी व प्राकृतिक कारणों से वह फट सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान ने भारतीय रासायनिक टैंकर को बनाया निशाना

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में समुद्र के रास्ते व्यापार करना लगातार खतरनाक होता जा रहा है। भारत सरकार ने बताया ईरान ने भारतीय चालक दल वाले एक रासायनिक टैंकर को अपना निशाना बनाया। ओमान की समुद्री सीमा के पास हुई इस फायरिंग की घटना ने सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। हालांकि, भारत सरकार पूरे हालात पर करीब से नजर बनाए हुए है और देशवासियों को खाद और रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर भी बड़ा भरोसा दिया है।

### राजस्थान में बारिश बीकानेर-गंगानगर में ओले गिरे

**नई दिल्ली।** देश में भीषण गर्मी जारी है। राजस्थान, यूपी और महाराष्ट्र के 7 शहरों में रविवार को तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। महाराष्ट्र का अकोला 46.9 डिग्री सेल्सियस के साथ देश में सबसे गर्म रहा। अमरावती 46.8 डिग्री सेल्सियस, बांदा 46.6डिग्री सेल्सियस, वर्धा और बाड़मेर 46.4डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर और यवतमाल 46डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ हीटवेव की चपेट में हैं। इस बीच राजस्थान के बीकानेर और गंगानगर में सोमवार को बारिश के साथ ओले गिरे। यूपी के 60 जिलों में लू का अलर्ट है। मध्य प्रदेश के खजुराहो में पहली बार तापमान 45 डिग्री पहुंचा। इंदौर-भोपाल में भी पारा 43डिग्री पर बना हुआ है। उत्तराखंड के देहरादून में गर्मी के चलते 12वीं तक स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

### पीएम मोदी ने बंगालवासियों के नाम लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का चुनाव प्रचार खत्म हो चुका है। वहीं इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यवासियों के नाम एक पत्र और एक ऑडियो संदेश जारी किया है। बता दें कि, राज्य में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 29 अप्रैल को मतदान होगा और इसके नतीजे 4 मई को जारी होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र में लिखा कि पश्चिम बंगाल के पूरे चुनाव अभियान के दौरान मुझे अपने परिवारजनों का जो अपार स्नेह और आशीर्वाद मिला है, उसने एक नई ऊर्जा से भर दिया है।

### पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**नई दिल्ली।** कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान-इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग क्षेत्रों में विशिष्ट तथा असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के नामांकन और सिफारिश आगामी 31 जुलाई तक की जा सकती है। प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन या सिफारिशें भेजने की प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू हो गई हैं। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें राष्ट्रीय पद्म पुरस्कार पोर्टल पर केवल ऑनलाइन की जा सकती हैं। पद्म पुरस्कार यानी पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं।

# 'आप' के सात सांसदों का भाजपा में विलय

## राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने दी मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के सात बागी सांसदों के भाजपा में विलय को मंजूरी दे दी है।

इस फैसले के बाद राज्यसभा में आप की संख्या घटकर 3 रह गई है, जबकि भाजपा सांसदों की संख्या 106 से बढ़कर 113 हो गई है। जो सात सांसद भाजपा में शामिल हुए हैं, उनमें राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, संदीप पाठक, विक्रमजीत साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंद्र गुप्ता शामिल हैं। राज्यसभा की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी इन सांसदों को भाजपा के सदस्यों के रूप में दिखाया गया है। आप ने रविवार को सभापति से सातों सांसदों की सदस्यता खत्म करने की मांग की थी। संजय सिंह ने भी लेटर लिखकर उन्हें दलबदल कानून के उल्लंघन का दोषी बताते हुए अयोग्य घोषित करने की अपील की। संजय सिंह के मुताबिक, आप ने एडवोकेट कपिल सिब्बल और लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी अचारी सहित कई संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह ली है। कपिल सिब्बल ने कहा था कि संविधान की 10वीं अनुसूची के मुताबिक सबसे पहले पार्टी को प्रस्ताव पास करके दूसरी पार्टी विलय करना पड़ेगा। कोई भी सांसद दूसरी पार्टी में विलय नहीं कर सकते। आप के 10 राज्यसभा सांसदों में से राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने शुक्रवार को भाजपा जाइन कर ली थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन सांसदों ने शुक्रवार को राज्यसभा सभापति को आवेदन देकर खुद को भाजपा सांसद के रूप में मान्यता देने की मांग की थी, जिसे अब स्वीकार कर लिया गया है।

- राज्यसभा में भाजपा सांसद 106 से बढ़कर 113 हुए
- केजरीवाल की आम आदमी पार्टी तीन पर सिमटी



### जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से न्याय की उम्मीद खत्म: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी मामले में सुनवाई से हटने की (रिक्युजल) याचिका खारिज होने के बाद जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत में व्यक्तिगत रूप से या अपने वकील के माध्यम से पेश होने से इन्कार कर दिया है। यह घटनाक्रम जस्टिस शर्मा के उस विस्तृत आदेश के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने मामले की सुनवाई से हटने से इनकार कर दिया था। उन्होंने स्पष्ट किया था कि 'दबाव में झुकने से न्याय नहीं मिलता' और न्यायाधीश किसी वादी की निराधार आशंकाओं के आधार पर खुद को सुनवाई से अलग नहीं कर सकते। जस्टिस शर्मा ने यह भी टिप्पणी की थी कि उन पर व्यक्तिगत हमले न्यायपालिका पर हमले के समान हैं और याचिका को 'अनुमानों' और 'कथित झुकाव' पर आधारित बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद, श्री केजरीवाल ने पत्र लिखकर कहा कि उन्होंने इस अदालत से 'न्याय मिलने की उम्मीद खो दी है।

# महिला अधिवक्ता पर पति के हमले को लेकर सुप्रीम संज्ञान, पुलिस कमिश्नर को सख्त निर्देश

## अस्पतालों ने इलाज से क्यों किया इन्कार, सीजेआई ने पूछे सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में महिला अधिवक्ता पर कथित बर्बर हमले के मामले का सोमवार को स्वत: संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस को कई सख्त निर्देश दिए। अदालत ने मामले की जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी को सौंपने का आदेश दिया और कहा कि जांच अधिकारी महिला अधिकारी हो तो बेहतर होगा, जो एसीपी या डीसीपी रैंक की हो।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकान्त और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि अदालत को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग वाला पत्र मिला था, जिसके बाद स्वत: संज्ञान लिया गया। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अदालत को बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पीड़िता के पति, जो हमले का मुख्य आरोपी है, को 25 और 26 अप्रैल की दरम्यानी रात गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी मनोज कुमार, जो सोनिया विहार का निवासी है, जिसे रविवार को खजूरी खास इलाके से पकड़ा गया। आरोप है कि उसने 22 अप्रैल को अपनी 38 वर्षीय पत्नी पर चाकू से हमला किया। पूछताछ में उसने पारिवारिक विवाद के चलते वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एक गंभीर पहलू पर भी चिंता जताई। अदालत ने दिल्ली को निर्देश दिया कि यह जांच की जाए कि घायल महिला को तीन अलग-अलग अस्पतालों ने भर्ती करने से कथित रूप से इन्कार क्यों किया। अदालत ने कहा कि अगर गंभीर हालत में किसी पीड़ित को समय पर इलाज नहीं मिलता है, तो यह बेहद चिंताजनक विषय है और इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। पीठ ने शिकायत में लगाए गए उस आरोप पर भी संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया कि पीड़िता के ससुराल पक्ष दो नाबालिग बच्चों को अपने साथ ले गया है और उनका पता नहीं चल पा रहा। अदालत ने पुलिस को दोनों बच्चों का तत्काल पता लगाने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने जांच अधिकारी को मामले की विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट अगली सुनवाई में पेश करने का आदेश दिया है। फिलहाल पुलिस घरेलू विवाद समेत सभी संभावित पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

### 2030 राष्ट्रमंडल खेल: गुजरात में जमीन वापस लेने की कार्रवाई पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश देते हुए विवादित जमीन मामले में 4 मई तक यथास्थिति बनाए रखने को कहा है। यह मामला स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम के अहमदाबाद स्थित आश्रम की जमीन से जुड़ा है, जिसे गुजरात सरकार 2030 राष्ट्रमंडल खेल 2030 की तैयारी के लिए लेना चाहती है। करीब 45,000 वर्ग मीटर जमीन, जहां यह आश्रम बना हुआ है, अहमदाबाद के मोटेरा इलाके में नरेंद्र मोदी स्टेडियम के पास स्थित है। सरकार इस जमीन पर सरदार पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना पर काम कर रही है। इस मामले में संत श्री आसाराम ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ट्रस्ट ने गुजरात उच्च न्यायालयके 17 अप्रैल के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें हाईकोर्ट ने सरकार द्वारा जमीन वापस लेने के फैसले को सही ठहराया था। सरकार का आरोप है कि ट्रस्ट ने जमीन की लीज की शर्तों का उल्लंघन किया और आसपास की सरकारी जमीन पर भी कब्जा किया। सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसमें जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता शामिल हैं, ने पहली नजर में कहा कि ऐसा लगता है कि ट्रस्ट को सही तरीके से नोटिस नहीं दिया गया था।

### 80 की उम्र कोर्ट में लड़ने की नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने सोना ग्रुप विवाद में दी मध्यस्थता की सलाह

**नई दिल्ली।** भारत के बड़े कॉर्पोरेट घरानों में संपत्ति और व्यापार पर नियंत्रण को लेकर विवाद होना आम बात हो गई है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट में दो प्रमुख व्यापारिक घरानों- सोना ग्रुप और गाडफ्रे फिलिप्स के पारिवारिक विवादों पर अहम सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे पारिवारिक व्यापारिक झगड़ों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए लंबी मुकदमेबाजी के बजाय शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया है। ऑटोमोटिव सेक्टर की जानी-मानी कंपनी सोना ग्रुप के भीतर इन दिनों एक बड़ा कानूनी विवाद चल रहा है। यह विवाद 80 वर्षीय रानी कपूर और उनकी बहू प्रिया सचदेवा कपूर के बीच है। रानी कपूर ने रानी कपूर फैमिली ट्रस्ट के गठन को चुनौती देते हुए आरोप लगाया है कि यह ट्रस्ट धोखे से बनाया गया था। रानी कपूर के अनुसार, 2017 में स्ट्रोक (लकवा) आने के बाद उनकी खराब सेहत का फायदा उठाया गया। उनका आरोप है कि उनके दिवंगत बेटे संजय कपूर और बहू प्रिया कपूर ने प्रशासनिक काम का बहाना देकर उनसे खाली कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए और उनकी सारी संपत्ति ट्रस्ट में डाल दी। पिछले साल जून में संजय कपूर के निधन के बाद यह विवाद और बढ़ गया।



# एस्ट्रोनॉट कैडर पहली बार आम नागरिकों के लिए खुलेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पहली बार अपने एस्ट्रोनॉट कैडर को आम नागरिकों के लिए खोलने का फैसला किया है। इसरो की एस्ट्रोनॉट सिलेक्शन कमेटी ने इसकी सिफारिश की है। हालांकि इसका क्राइटेरिया अभी जारी नहीं किया गया है।

कमेटी की सिफारिश में कहा गया है कि गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के दूसरे बैच में वायुसेना के 6 पायलट के साथ 4 सिविलियन स्पेशलिस्ट शामिल किए जाएं। ये सिविलियन साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ बैकग्राउंड से होंगे। पहला बैच सिर्फ पायलटों का, दूसरे में आम लोगों के एंट्री होगी। एक एस्ट्रोनॉट को चुनने से लेकर उसकी ट्रेनिंग और मिशन की तैयारी में करीब साढ़े 4 साल (54 महीने) का समय लगता है। कमेटी ने लक्ष्य रखा है कि दूसरे बैच को अगले 72 महीनों में और तीसरे बैच को 96 महीनों में पूरी तरह तैयार कर लिया जाए। भले ही दूसरे बैच में सिविलियंस को शामिल किया जा रहा है, लेकिन वे तुरंत अंतरिक्ष में नहीं जाएंगे। कमेटी की योजना के अनुसार, सिविलियन एस्ट्रोनॉट्स को चौथे मानव मिशन से चालक दल का हिस्सा बनाया जाएगा। दुनिया भर में यह परंपरा रही है कि तकनीक के परिपक्व होने से पहले मिलिट्री बैकग्राउंड वाले पायलटों को ही भेजा जाता है, इसके बाद ही नागरिकों की बारी आती है। मिशन गगनयान इसरो का पहला क्रू वाला स्पेस फ्लाइट प्रोग्राम है, जो 2027 तक लॉन्च होगा। ये 3 दिन का एक मिशन होगा। इसमें 3 एस्ट्रोनॉट्स 400 किमी की यात्रा कर अंतरिक्ष में जाएंगे। उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाने के लिए डिजाइन किया गया है। पहले बैच में चार एस्ट्रोनॉट्स शामिल हैं। इसरो के पहले बैच में इंडियन एयरफोर्स के टेस्ट पायलट शामिल थे। इसमें चार एस्ट्रोनॉट्स को सिलेक्ट किया गया था। इन एस्ट्रोनॉट्स को सिलेक्ट करने का उद्देश्य पहले क्रू मिशन को सुरक्षित पहुंचाना है। पहले बैच में फाइटर प्लेन के एयर कमांडर प्रशांत बी. नायर, जीपी कैप्टन शुभांशु शुक्ला, जीपी कैप्टन अजीत कृष्णन, जीपी कैप्टन अंगद प्रताप शामिल हुए थे। दूसरे बैच में इंडियन आर्मी के फाइटर जेट के लड़ाकू हेलीकॉप्टर पायलट भी शामिल हो सकते हैं। सातवें मिशन के बाद इसरो अपने मिशन की क्षमता को बढ़ाएगा, जिससे एक साथ 3 एस्ट्रोनॉट्स अंतरिक्ष में जा सकेंगे। इसके लिए तीसरे बैच में 12 एस्ट्रोनॉट्स की जरूरत होगी। इस बैच में रेशियो पूरी तरह बदल जाएगा, जिसमें केवल 2 मिशन पायलट और 10 सिविलियन स्पेशलिस्ट शामिल किए जाएंगे। इसरो अब एक स्थायी एस्ट्रोनॉट कैडर बनाने की दिशा में काम कर रहा है।



- सिविल एक्सपर्ट को भी अंतरिक्ष में भेजेगा इसरो
- गगनयान मिशन के एस्ट्रोनॉट के दूसरे बैच में शामिल होंगे
- ट्रेनिंग में साढ़े चार साल लगेंगे, सिलेक्शन कमेटी ने सिफारिश की

# भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों में सोमवार को एक नए युग की शुरुआत हुई। दोनों देशों ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो व्यापार, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाने वाला है।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल व न्यूजीलैंड के उनके समकक्ष टाड मैक्ले की उपस्थिति में इस महत्वपूर्ण समझौते को आधिकारिक रूप दिया गया। यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था और निर्यातकों के लिए वैश्विक बाजार में एक बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत मानी जा रही है। इस एफटीए की सबसे खास बात इसकी गति रही है। 16 मार्च, 2025 को शुरू हुई बातचीत को रिकॉर्ड नौ महीनों के भीतर संपन्न कर लिया गया। इस समझौते के लागू होने से भारत को सभी टैरिफ उत्पादों पर तत्काल 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त होगी। इसके परिणामस्वरूप, न्यूजीलैंड को होने वाले शत-प्रतिशत भारतीय निर्यात पर अब कोई टैरिफ (सीमा शुल्क) नहीं लगेगा। वर्तमान में न्यूजीलैंड द्वारा भारत से निर्यात किए जाने वाले लगभग 450 उत्पादों पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगाया जाता था। नए समझौते के तहत यह शुल्क खत्म हो जाएगा, जिससे भारतीय निर्यात को भारी बढ़ावा मिलेगा।

- द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत

## संक्षिप्त समाचार

### महिला को कार ने मारी टक्कर, भीड़ ने चालक की कर दी हत्या

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घमहापुर में सड़क किनारे बर्तन धोते समय महिला को कार से टक्कर लग जाने के बाद हुए विवाद में परिजनों और ग्रामीणों ने कार चालक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि 26 अप्रैल की रात करीब 10:30 बजे एक कार ने अनियंत्रित होकर घमहा. पुर निवासी बिदू देवी (40) को टक्कर मार दी। घटना के बाद कार चालक मनीष सिंह (घमहापुर निवासी) के साथ घायल महिला के परिजनों और ग्रामीणों ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट इतनी बुरी तरीके से हुई कि मनीष सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके परि. जनों ने उन्हें इलाज के लिए बीएचयू के ट्रॉमा सेंटर ले जाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### जम्मू-कश्मीर: शोपियां के मदरसे पर शिकंजा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शोपियां जिले के इमाम साहिब इलाके में स्थित दारुल उलूम जामिया सिराज-उल-उलूम को गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया है। यह कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) 1967 के तहत की गई है। प्रशासन ने प्रति. बंधित संगठन से कथित संबंधों, वित्तीय अनियमितताओं और परिसर के दुरुपयोग का हवाला दिया है। कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर अंशुल गर्ग द्वारा जारी आधिकारिक आदेश में संस्था पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यह कार्रवाई शोपियां के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) द्वारा 24 मार्च 2026 को भेजे गए एक विस्तृत डोजियर के आधार पर की गई है, जिसमें संस्था की गति. विधियों को लेकर कई आपत्तियां दर्ज की गई थीं।

# पंजाब सरकार पर माकन का हमला

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने पंजाब के हालात को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि पंजाब में अलगाववादी ताकतें एक बार फिर सिर उठाने लगी हैं। माकन ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि देश की सरहद की रक्षा करने वाले अहम राज्य पंजाब में गैंगवार, ड्रोन के जरिए ड्रग्स की सप्लाई और बढ़ता अपराध 1980 के दशक जैसे हालात की ओर इशारा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब भी अलगाववाद बढ़ता है, उससे पहले ड्रग्स और अपराध का ग्राफ ऊपर जाता है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में मात्र 6.6 प्रतिशत वोट हासिल करने वाली पार्टी को अब राज्यसभा में 85.7 प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिल गया है, जो लोकतांत्रिक भावना के खिलाफ है। माकन ने सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी इस असंतुलन को जनता के सामने कैसे जायज ठहराएंगे। इसके साथ ही, माकन ने आम आदमी पार्टी पर भी हमला बोला। उन्होंने आप को 'बीजेपी की बी टीम' और

**आप 'अरबपतियों की पार्टी': अजय माकन**

'अरबपतियों की पार्टी' करार देते हुए आरोप लगाया कि पार्टी ने योग्य लोगों की जगह धनकुबेरों को राज्यसभा भेजा है। उन्होंने दावा किया कि आप से राज्यसभा पहुंचे और बाद में बीजेपी में शामिल हुए सांसदों के एफिडेविट के अनुसार उनकी औसत संपत्ति करीब 818 करोड़ रुपये है। माकन ने कहा कि ऐसे में सवाल उठता है कि यह 'आम आदमी' की पार्टी कैसे हो सकती है। माकन ने यह भी आरोप लगाया कि आप ने पहले से तय 'सेटिंग' के आधार पर नेताओं को राज्यसभा भेजा, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

### युवा कांग्रेस का अमेरिकी दूतावास के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत को लेकर कथित 'हेल होल' टिप्पणी के विरोध में सोमवार को यहां अमेरिकी दूतावास के बाहर प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने आज यहां बताया कि प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने तीन मूर्ति सर्किल से अमेरिकी दूतावास की ओर मार्च करने का प्रयास किया, लेकिन दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया और कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने आरोप लगाया कि श्री ट्रम्प लगातार भारत के खिलाफ टिप्पणी कर रहे हैं और 'हेल होल' जैसे शब्दों का प्रयोग कर देश का अपमान किया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। देश के सम्मान के खिलाफ कोई भी बयान स्वीकार्य नहीं है।

# असफलता से न घबराने की सीख

## योगी की पाती: छात्रों के नाम मुख्यमंत्री का संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद छात्रों के नाम एक भावनात्मक संदेश जारी किया है जिसमें मुख्यमंत्री ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए असफल छात्रों का मनोबल बढ़ाने पर विशेष जोर दिया है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए अपने संदेश में लिखा कि इस वर्ष का परीक्षा परिणाम उत्साहजनक रहा है और अनेक छात्रों ने कठिन परिश्रम व लगन से प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। हालांकि, उन्होंने खास तौर पर उन छात्रों को संबो. धित किया है जो अपेक्षित परिणाम



हासिल नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि सफलता और असफलता जीवन का हिस्सा हैं। सफलता जहां उत्साह देती है, वहीं असफलता निराशा ला सकती है, लेकिन उससे सीख लेकर आगे बढ़ना ही असली मार्ग है। 'चरैवेति-चरैवेति' का मंत्र देते हुए उन्होंने निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि एक असफलता भविष्य की कई सफलताओं का आधार बन सकती है। कोई भी परिणाम अंतिम नहीं होता, बल्कि यह नए अवसरों की शुरुआत करता है। उदाहरण देते हुए उन्होंने महान वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन का जिक्र किया, जिन्होंने हजारों असफल प्रयासों के बाद बल्ब का आविष्कार किया। इसी तरह महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम का उदाहरण देते हुए बताया कि बाधाओं के बावजूद उन्होंने अपने क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। यदि बच्चे अपेक्षित परिणाम न ला पाएं तो उन्हें निराश करने के बजाय उनका हौसला बढ़ाएं और उनकी रुचि व क्षमता को समझकर सही दिशा देने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि बच्चों में अपार संभावनाएं होती हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन देकर उनके कौशल को निखारा जा सकता है। अंत में मुख्यमंत्री ने सभी छात्रों को निरंतर प्रयास करते रहने और अपने सपनों को साकार करने का संदेश दिया।

## गर्मी से मिलेगी राहत, 28 अप्रैल से तीन मई तक बदलेगा मौसम

# दिल्ली-यूपी में आंधी-बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली।

पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी के कारण देश की जनता का बुरा हाल है, देशभर में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी है। दुनियाभर के सबसे गर्म शहरों की लिस्ट में भारत के सबसे अधिक शहर नाम दर्ज हैं। महाराष्ट्र के अकोला शहर में तो पारा 46.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो देश का सबसे अधिाक तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को दिन में जरूरी काम न होने पर घरों से न निकलने की सलाह दी है।

मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार शाम को भारत में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इस के चलते हफ्तेभर देश में आंधी-तफ़ान और भारी बारिश होने की संभावना है, जिससे तापमान में



**पूर्वोत्तर भारत में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश होने की संभावना, असम, मेघालय में अलर्ट जारी**

3 से 4 डिग्री गिरावट देखी जा सकती है। इससे गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी 28 से 30 अप्रैल तक गरज के साथ बारिश और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कुछ इलाकों में 60-70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं भी चलने का अलर्ट जारी किया है। पूर्वोत्तर भारत में अगले 5 दिनों तक भारी बारिश का होने की संभावना है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा में कई जगह भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वी भारत के बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में आंधी-तूफान और बारिश होने की संभावना है। मध्य भारत और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में भी इस हफ्ते गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलेंगी। कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना में कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है, जिससे यहां उमस भरा माहौल रहेगा। हालांकि राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में तापमान की गिरावट तो दर्ज की जाएगी, लेकिन हीटवेव का अलर्ट जारी रहेगा। आंधी-तूफान और बारिश के होने से तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आने की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। हालांकि मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आंधी, बिजली चमकने और तेज हवाओं के दौरान सतर्क रहें, बेवजह बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थान पर ही रहें।

### ब्रिटिश मौलाना मदरसे पर बुलडोजर फेल

**संतकबीरनगर।** संतक. बीरनगर में ब्रिटिश मौलाना शमसुल हुदा खान का मदरसा बुलडोजर और पोकलैण्ड से नहीं टूट रहा है। अब प्रशासन ने ड्रिल मशीनें मंगाई हैं। वजह यह है कि मदरसे का ढांचा बेहद मजबूत है।प्रशासन ने सोमवार सुबह 10 बजे दूसरे दिन की कार्रवाई शुरू की। आगे के हिस्से को तोड़ने के लिए 2 पोकलैण्ड मशीनें और 5 बुलडोजर लगाए गए हैं लेकिन थोड़ी देर बाद एक पोकलैंड मशीन में खराबी आ गई। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय पर स्थित खलीलाबाद के मीटमंडी रोड पर ब्रिटिश मौलाना शमसुल हुदा द्वारा स्थापित मदरसा करोड़ों का है, जिसे बहुत मजबूत बनाया गया है। जिला प्रशासन ने पहले तो ब्रिटिश मौलाना के बैंक खाते सीज कर दिए इसके बाद मदरसे को सील कर दिया।

# इजरायल पर भारत के रुख को नहीं मिला समर्थन

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने इजरायल-फलस्तीन मुद्दे पर भारत के रुख को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि भारत 'असामान्य रूप से इजरायल के पक्ष में खड़ा' है और ब्रिक्स देशों की बैठक में उसके रुख का अन्य सदस्यों ने समर्थन नहीं किया।

पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां बयान में कहा कि 23-24 अप्रैल को नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों के उप विदेश मंत्रियों और विशेष दूतों की बैठक आयोजित हुई, जो बिना किसी संयुक्त वक्तव्य के समाप्त हुई। उन्होंने कहा कि इजरायल-फलस्तीन मुद्दे पर भाषा को लेकर सदस्य देशों के बीच मतभेद सामने आए और भारत द्वारा भाषा को नरम करने के आग्रह को अन्य देशों ने स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि रूस, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, यूएई और ईरान के प्रतिनिधियों ने भारत के रुख का समर्थन नहीं किया। कांग्रेस ने इसे मोदी सरकार की गलत विदेश नीति का परिणाम बताते हुए कहा कि यह देश के हितों को प्रभावित करने वाली नीति है। श्री रमेश ने कहा कि भारत दुनिया का एकमात्र प्रमुख देश बन गया है, जो गाजा, दक्षिण लेबनान और वेस्ट बैंक में जारी घटनाओं के बावजूद इजरायल के प्रति 'अडिग समर्थन' बनाए हुए है, जिससे पारंपरिक संतुलित विद. ेश नीति पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 77303.63
निफ्टी 24092.70



सोना 151000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 244000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लौटी तेजी

मुंबई, वार्ता

फार्मा, आईटी और ऑटो कंपनियों में अच्छी लिवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार तीन दिन की गिरावट से उबरने में कामयाब रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 639.42 अंक (0.83 प्रतिशत) की बढ़त में 77,303.63 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 194.75 अंक यानी 0.81 प्रतिशत की तेजी में 24,092. 70 अंक पर रहा। इससे पहले लगातार तीन दिन दोनों प्रमुख सूचकांक टूटे थे। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। निफ्टी-मिडकैप-50 सूचकांक 1.52 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.90 प्रतिशत चढ़ा। दवा बनाने वाली कंपनी सनफार्मा द्वारा इसी क्षेत्र की अमेरिकी कंपनी ऑर्गानॉन के अधिग्रहण की खबर के बाद भारतीय कंपनी का शेयर आज सात प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स, टेक



महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टीसीएस के शेयर दो से तीन प्रतिशत चढ़े। टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, पावरग्रिड, मारुति सुजुकी और इंफोसिस के शेयर एक से दो प्रतिशत तक ऊपर बंद हुए। भारतीय स्टेट बैंक, इंडिगो, टाइटन, एलएंडटी, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे।

एक्सिस बैंक का शेयर तीन फीसदी लुढ़क गया। बीईएल में दो प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रेंट, आईसीआईसीआई बैंक और इटरनल के शेयर भी टूट गए।

### चांदी 2.44 लाख किलो पर सोना 1.51 लाख का हुआ

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने-चांदी के दाम में बढ़त दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी 278 रुपए महंगी होकर 2,44,103 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,43,825 रुपए प्रति किलो थी। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 16 रुपए महंगा होकर 1,51,495 रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले 23 अप्रैल को इसकी कीमत 1,51,479 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

2026 में सोना अब तक 18 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.51 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इस साल चांदी 10 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब बढ़कर 2.44 लाख रुपए पर पहुंच गई है। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है। असली चांदी चुंबक से नहीं चिपकती।

# चावल, गेहूं के भाव बढ़े, चीनी, खाद्य तेलों में नरमी, दालों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक लजस बाजारों में सोमवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी देखी गयी। चीनी और खाद्य तेलों के भाव टूट गये जबकि दालों के दामों में घट-बढ़ रही।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़कर 3,849 रुपये प्रति लक्वटल पर पहुंच गयी। गेहूं चार रुपये महंगा हुआ और 2,784 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 10 रुपये घट गयी। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। तुअर दाल और मसूर दाल की औसत कीमत 23.23 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। उड़द दाल 14 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल में 33 रुपये और चना दाल में 11 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गयी। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा 62 रिंगिट टूटकर 4,535 लरगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.42 प्रतिशत नीचे 71.03 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 92 रुपये और सूरजमुखी तेल की 67 रुपये प्रति लक्वटल गिर गयी। सरसों तेल 39 रुपये और मूंगफली तेल 34 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति 23 रुपये और पाम ऑयल 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 25 रुपये प्रति क्विंटल नीचे बोला गया। चीनी भी पांच रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7697.22 रुपये, मसूर काली 8107.80 रुपये, मूंग दाल 10176.13 रुपये, उड़द दाल 10840. 92 रुपये, तुअर दाल 11254.45 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2783.96 रुपये और चावल 3849.47 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3264.63 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4305.79 रुपये और गुड़ 5019. 96 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17836.83 रुपये, मूंगफली तेल 18888.60 रुपये, सूरजमुखी तेल 17441.45 रुपये, सोया तेल 14887. 02 रुपये, पाम ऑयल 13415.75 रुपये और वनस्पति 14945.93 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### पूर्व डीआईजी भुल्लर पर प्रवर्तन निदेशालय का शिकंजा

**नई दिल्ली।** ईडी पंजाब पुलिस के पूर्व डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर और अन्य से संबंधित कई स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। सीबीआई, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), चंडीगढ़ ने पूर्व डीआईजी और अन्य के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं, उनके आधार पर ही ये कार्रवाई की जा रही है। इन मामलों में आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति और एक आपराधिक मामले के निपटारे के लिए बिचौलिए के माध्यम से अवैध धनराशि की मांग जैसे आरोप शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी, सहयोगियों और संदिग्ध बेनामीदारों से जुड़े 11 परिसरों (चंडीगढ़-2, लुधियाना जिला-5, पटियाला-2, नाभा-1 और जालंधर-1) में धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 17 के तहत तलाशी ली जा रही है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पहले खुले...** फिर से खोला जाए और अमेरिका की ब्लाकेड नीति खत्म की जाए। दूसरा चरण- युद्धविराम या स्थायी शांति समझौता लागू हो। इसके बाद परमाणु कार्यक्रम पर औपचारिक वार्ता शुरू हो। रूस, ओमान और पाकिस्तान जैसे देश मध्यस्थता की कोशिशों में लगे हुए हैं। वहीं अमेरिका अभी इस नए प्रस्ताव पर विचार कर रहा है, लेकिन उसकी अंतिम प्रतिक्रिया स्पष्ट नहीं है। अमेरिका ने ईरान पर सख्त शर्तें रखी हैं, जिनमें कम से कम 10 साल तक यूरेनियम संवर्धन रोकना, मौजूदा परमाणु सामग्री देश से बाहर भेजना और मिसाइल कार्यक्रम के साथ क्षेत्रीय समूहों को समर्थन खत्म करना शामिल है। ट्रम्प की नीति के अनुसार, ईरान को किसी भी स्थिति में परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# पीडीए को मजबूत करने में जुटी सपा

## बसपा के पुराने चेहरों के सहारे राजनीतिक जमीन तैयारी करने में जुटी पार्टी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल शुरू हो गई है। समाजवादी पार्टी ने अपनी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) रणनीति को मजबूत करने के लिए बहुजन समाज पार्टी के पुराने और अनुभवी चेहरों को साथ जोड़कर नई राजनीतिक जमीन तैयार करनी शुरू कर दी है। पार्टी के सूत्रों की मानें, तो समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की अगुवाई में यह रणनीति 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है।

सपा के एक सांसद ने यूएनआई को बताया कि पार्टी का मानना है कि बी आर अंबेडकर और कांशी राम की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए



बसपा के पुराने नेताओं को साथ लाना जरूरी है। इसी उद्देश्य से सपा लगातार ऐसे चेहरों को जोड़ रही है, जो कभी बसपा की जमीनी ताकत रहे हैं और सामा. जिक समीकरणों की गहरी समझ रखते हैं। सूत्रों की मानें तो दरअसल, सपा की पीडीए रणनीति का मुख्य आधार यही पुराने बसपा नेता बन रहे हैं। इन नेताओं ने न केवल इस रणनीति को वैचारिक मजबूती दी है, बल्कि इसे जमीन पर उतारने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इनमें इंद्रजीत सरोज, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, लालजी वर्मा, रामअचल राजभर, त्रिभुवन दत्त और ददूदू प्रसाद जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं, जिन्होंने बसपा संस्थापक कांशीराम के मिशन को आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया था। समाजवादी पार्टी के सांसद ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि सपा का लक्ष्य 2027 में सत्ता में वापसी करना है, क्योंकि वर्तमान समय में बसपा अपने पारंपरिक वोट बैंक तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पा रही है। ऐसे में सपा इस खाली स्थान को भरने की कोशिश कर रही है। अखिलेश यादव का पीडीए का फार्मूला इसी रणनीति का हिस्सा है। दरअसल उत्तर प्रदेश की राजनीति में सपा और बसपा के रिश्ते उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं। 1993 का गठबंधन दोनों दलों के लिए फायदेमंद साबित हुआ था, लेकिन बाद में दोनों अलग-अलग रास्तों पर चले गए। इसके बाद 2019 में फिर से गठबंधन हुआ, मगर अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी।

### भगवान करवा रहे केदारेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण: अखिलेश

**इटावा।** महाभारत कालीन सभ्यता से जुड़े उत्तर प्रदेश के इटावा में लायन सफारी के पास निर्माणाधीन केदारेश्वर महादेव मंदिर को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि कुछ अद्भुत कार्य खुद भगवान ही करवा रहे हैं। यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया कि जिनको करवाते खुद 'भगवान', कुछ ऐसे अनोखे होते हैं काम! इटावा में लायन सफारी के पास केदारेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है।

# गाजीपुर: पांच लाख की मदद देंगे अखिलेश यादव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में पिछले दिनों एक युवती की हत्या के बाद प्रदेश की सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस का आरोप है कि उसकी ओर से भेजे गए प्रतिनिधिमंडल को पीड़ित परिवार वालों से मिलने नहीं दिया गया। इस बीच समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि गाजीपुर में हमारे लोगों के साथ बहुत खराब व्यवहार हुआ। सपा का एक प्रतिनिधिमंडल गाजीपुर में पीड़ित परिवार से मिलने जाएगा, साथ ही परिवार को आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी।

पूर्व सीएम अखिलेश ने कहा कि ये सब सरकार के इशारे पर कराया गया। बीजेपी वाले जब खुद कुछ नहीं कर पा रहे, तो दूसरों से पत्र लिखवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल (आज) मंगलवार को सपा का एक और प्रतिनिधिमंडल फिर से

**आज गाजीपुर जाएगा सपा का प्रतिनिधिमंडल**

दौरे पर जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल गाजीपुर जाएगा और परिवार से मिलकर उनकी मदद करेगा और उनकी बात सुनकर आएगा। उन्होंने पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की भी बात कही। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने बीजेपी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि यूपी में जब से बीज. ेपी की सरकार बनी है, तब से बहनों और बेटियों पर अत्याचार बढ़ा है। बीजेपी वाले महिलाओं के नाम पर रैलियां और प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन गाजीपुर की बेटी जिस हालत में मिली, एक बार उसकी तस्वीर तो देख लेते। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, बीज. ेपी के मंत्री जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### तिलक समारोह में सपा नेता लल्लन की बिगड़ी तबीयत, मौत

**प्रयागराज।** खौर गांव में तिलक समारोह में शामिल होने गए सपा नेता हरिशंकर उर्फ लल्लन सिंह (81) की अचानक तबीयत बिगड़ गई। इलाज के लिए चित्सिालय ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मेजा थाना क्षेत्र के भूईपारा गांव के मूल निवासी सपा नेता लल्लन सिंह मेजारोड चौराहे पर परिवार संग रहते थे। वे पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह के करीबी थे। लल्लन सिंह दोपहर खौर गांव में अधिवक्ता अनिल सिंह के यहां तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। वहां पर उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। इस दौरान उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

### शिवानी मिश्रा को मिला डा. ए खान स्मृति सम्मान

**प्रयागराज।** घूरपुर स्थित एक पैरामेडिकल कालेज में आयोजित अंतरयात्रा व डा. ए खान स्मृति सम्मान समारोह के 14वें संस्करण में शहर की प्रसिद्ध कोरियोग्राफर शिवानी मिश्रा को नृत्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने उन्हें प्रदान किया। प्रयागराज निवासी शिवानी मिश्रा ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से नृत्य की शिक्षा प्राप्त की है। वर्तमान में वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नृत्य व कोरियोग्राफी के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी कला, समर्पण और निरंतर उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा. खान व लोकसंस्कृति विकास संस्थान के डायरेक्टर शरद मिश्रा मौजूद थे।

### टेनिस खिलाडियों ने प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**प्रयागराज।** टेनिस डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी की ओर से आजाद पार्क स्थित इलाहाबाद जिमखाना टेनिस अकादमी में दो दिवसीय इंटर क्लब रैंकिंग टेनिस शुरू हुई। शुभारंभ करते हुए विधायक डा. वाचस्पति ने खेलों में अनुशासन और समर्पण के महत्व पर जोर दिया। विभिन्न आयु वर्गों के फाइनल में जगह बनाने वाले खिलाड़ियों में हिरल सिंह, अवीका सचदेवा, प्रजीत सिंह, अथर्व सिंह, श्रेयश श्रीवास्तव, हमदान हबीब, प्रकृति सिंह, गर्वी सिंह, कियान महेश्वरी, शाश्वत, नीलोत्पाल सिंह, रोनिन चौधरी, सैयद इब्राहिम, मोहम्मद इब्राहिम, वर्णिका मिश्रा और अद्वैता सिन्हा शामिल रहे।

# बिजली निजीकरण के विरुद्ध लामबंदी

## संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर पूरे प्रदेश के सभी जनपदों में जोरदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आज पूरे प्रदेश के सभी जनपदों एवं तहसीलों में किसानों ने बिजली के निजीकरण के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया और निजीकरण की प्रक्रिया को तत्काल निरस्त करने की मांग उठाई।

लखनऊ में हुए प्रदर्शन का नेतृत्व विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संयोजक शैलेन्द्र दुबे तथा संयुक्त किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष एकादशी यादव ने किया। इस दौरान सदर तहसील, लखनऊ में उपजिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। मांग की गई कि बेमौसम बारिश, तेज हवाओं एवं ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों का किसानों को समुचित मुआवजा दिया जाए, पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण का निर्णय और उसकी प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जाए, बिजली कर्मचारियों के आंदोलन के दमन हेतु की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों को समाप्त किया जाए तथा स्मार्ट मीटर में उपभोक्ताओं की सहमति के बिना लागू की गई प्रीपेड व्यवस्था को समाप्त कर पूर्व की पोस्टपेड व्यवस्था बहाल की जाए। साथ ही किसानों एवं मजदूरों को सस्ती और सुलभ बिजली उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई गई।सदर तहसील परिसर में क्रांतिकारी किसान यूनियन एवं अन्नदाता किसान यूनियन के संयुक्त बैनर तले बड़ी संख्या में किसान एकत्र हुए और निजीकरण पर पूर्ण रोक, फसल क्षति का मुआवजा तथा मजदूरों पर हो रहे दमन को तत्काल बंद करने की मांग की। मुख्य वक्ता शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि प्रदेश में 500 से अधिक दिनों से बिजली कर्मचारी निजीकरण के खिलाफ आंदोलनरत हैं। यह संघर्ष केवल कर्मचारियों का नहीं, बल्कि किसानों, मजदूरों और आम उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा का आंदोलन है। सभाओं को संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारी जितेंद्र सिंह गुर्जर, महेंद्र राय, मोहम्मद वसीम एवं आर सी पाल ने संबोधित किया। कार्यक्रम में संघर्ष समिति केपीके दीक्षित सहित किसान संगठनों के पदाधिकारी विशंभर दयाल, दिनेश कुमार रावत, गोकर्ण यादव, मोहम्मद हफीज, मुकेश कुमार, जगदीश प्रसाद, ब्रह्मा देवी, फरीदा, मंजू गौतम, काशीराम गौतम, विवेक कुमार, रामप्रकाश पाल, हनुमान पाल, गिरजा शंकर तिवारी, मनीराम रावत आदिक आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दरगाह विवाद पर स्पष्ट रुख, वक्फ स्थिति पर जोर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुस्लिम मजलिस उत्तर प्रदेश के महासचिव इरफान कादरी ने दरगाह हाजी हरमैन शाह और दरगाह शाह मीना से जुड़े विवाद पर बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि ये दोनों स्थान वक्फ में दर्ज ऐतिहासिक धरोहर हैं, जिनका संरक्षण आवश्यक है।

उन्होंने केजीएमयू परिसर में मौजूद अन्य मज़ारों को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इन्हें नज़रअंदाज़ करना उचित नहीं है। कादरी ने कुछ बयानों पर आपत्ति जताते हुए उन्हें माहौल बिगाड़ने वाला बताया और ऐसे बयानों पर रोक लगाने की मांग की।उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई की अपील की, ताकि शांति और कानून-व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना दस्तावेज़ किसी भी प्रकार की कार्रवाई के खिलाफ लोग शांतिपूर्ण तरीके से आवाज़ उठाएंगे। कादरी ने जल्द ही उलेमा और बुद्धिजीवियों की बैठक बुलाने की बात कही और युवाओं से जिम्मेदारी के साथ आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि एकता और जागरूकता ही इस समय सबसे बड़ी ताकत है।

# एमएलसी पवन सिंह चौहान का व्यापारियों ने जताया आभार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब क्षेत्र में प्रतिष्ठित संस्थानों एवं उद्योग जगत से जुड़े व्यापारियों द्वारा माननीय एमएलसी पवन सिंह चौहान का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। यह कार्यक्रम क्षेत्र के विकास और जनहित में किए गए उनके उल्लेखनीय कार्यों के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

समारोह में संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष वेद रतन सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष कौशल पथ शुक्ल, विनोद अवस्थी, महामंत्री महाराजा ईतेंद्र सिंह, सभासद महाना मनोज रावत, व्यापार मंडल सदस्य मोनू रावत, कुंदन लोधी सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे। श्रीचौहान ने व्यापारियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और बेहतर सुविधा, सुरक्षा तथा सरकारी सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया, विशेष रूप से छोटे और जरूरतमंद व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता देने की बात कही। बख्शी का तालाब क्षेत्र की जनता ने इस जनहितकारी पहल का स्वागत करते हुए आशा जताई कि भविष्य में भी क्षेत्र के विकास के लिए ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

# मृतक ने कैसे किया अतिक्रमण: हाईकोर्ट



अदालत ने एक अहम मामले में तेल कंपनी को निर्देश दिया वह शपथपत्र दाखिल कर स्थिति स्पष्ट करे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अहम मामले में तेल कंपनी को निर्देश दिया है कि वह शपथपत्र दाखिल कर यह स्पष्ट करे कि वर्ष 1996 में मृत व्यक्ति ने कैसे अतिक्रमण किया है। अदालत ने प्रथम दृष्टया नोटिस जारी करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए मामले में अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है।

प्रयागराज निवासी याचिकाकर्ता महेंद्र कुमार ने 16 अगस्त 2025 और 15 अक्तूबर 2025 को जारी किए गए नोटिस को चुनौती दी है। याची अधिवक्ता ने दलील दी कि संबंधित अधिकारियों की ओर से जारी किए गए नोटिस बिना किसी तथ्यात्मक सत्यापन के भेजे गए थे। नोटिस याचिकाकर्ता के पिता के नाम पर जारी किए गए, जबकि उनके पिता का निधन 11 अक्तूबर 1996 को ही हो गया था। ऐसे में मृत व्यक्ति के नाम पर अतिक्रमण का आरोप लगाना और नोटिस जारी करना प्रशासनिक लापरवाही दर्शाता है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार और संबंधित तेल कंपनी की ओर से अधिवक्ताओं ने दलील दी कि पाइपलाइन के ऊपर अतिक्रमण किए जाने की जानकारी मिलने के बाद नोटिस जारी किए गए थे।

इस पर अदालत ने पूछा कि जब संबंधित व्यक्ति का निधन वर्ष 1996 में हो चुका है तो यह कैसे माना गया कि उसी व्यक्ति ने अतिक्रमण किया है। खंडपीठ ने तेल कंपनी को निर्देश दिया कि वह शपथपत्र दाखिल कर यह स्पष्ट करे कि कथित अतिक्रमण का पता कैसे चला और किन आधारों पर मृत व्यक्ति का नाम नोटिस में दर्ज किया गया। अदालत ने यह भी कहा कि शपथपत्र में यह स्पष्ट रूप से बताया जाए कि जांच या सत्यापन की प्रक्रिया किस प्रकार अपनाई गई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 12 मई की तिथि तय की है।

# समस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली नहीं चलेगी



मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में प्रदेशभर से आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए आला अफसरों को चेतावनी दी

परिजनों के साथ आए बच्चों पर अपना स्नेह लुटाया, उन्हें चाकलेट के साथ आशीर्वाद भी दिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में प्रदेशभर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को तय समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए सीएम ने इस दौरान अधिकारियों से कहा कि अब हीलाहवाली नही चलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन के दौरान बच्चों को दुलार और उनको खाने के लिए चाकलेट दी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बंगाल चुनाव प्रचार के लिए जाना था लेकिन वह जनता की समस्याओं को सुनने से नहीं भूले और उन्होंने जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी और उनका तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन का कार्य पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार के लिए बंगाल रवाना हो गए । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन प. बंगाल रवाना होने से पहले जनसेवा का संकल्प भी पूरा किया। मुख्यमंत्री ने सोमवार सुबह श्जनता दर्शनश में प्रदेश भर से आए फरियादियों की पीड़ा सुनी और अधिकारियों को संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया। संवेदनशील होकर समस्याओं का कराएं समाधान मुख्यमंत्री ने श्जनता दर्शनश में आए सभी फरियादियों से मुलाकात की। एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया, फिर अधिकारियों को समय सीमा के भीतर समाधान कराने को कहा। राजस्व व पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हीलाहवाली नहीं चलेगी, समयसीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करके पीड़ित को सूचित करना होगा।अपने जनपद में अधिकारियों से मिलें। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों पर अपना स्नेह लुटाया। उन्हें चाकलेट के साथ आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री ने मां की गोद में बैठे बच्चों से पूछा-चाकलेट चाहिए तो एक बच्चे ने मुस्कुराकर अभिव्यक्ति दी, इस पर मुख्यमंत्री ने उसे चाकलेट दी। चाकलेट पाकर बच्चा खिलखिला उठा।

# गौतम खट्टर की गिरफ्तारी पर महासभा ने की निन्दा



**लखनऊ।** सेंट फ्रांसिस जेवियर के कृत्यों के बारें में अपनी बात करने वाले आर्यसमाजी और सनातन महासंघ के संस्थापक गौतम खट्टर की गिरफ्तारी पर अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदण्डी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने गोवा सरकार की कड़ी निन्दा करते हुए तत्काल रिहा करने की मांग की।

त्रिवेदी नेक हा कि यदि खट्टर की जल्द रिहाई न हुई तो गोवा सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरने के लिये बाध्य होंगे। हिन्दु बाहुल्य भारत में सनातन धर्म पर हमला करने और हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन कराने वालों के बारे में बोलना अब अपराध हो गया है। सेंट फ्रांसिस जेवियर के बारे सच्चाई सामने रखने पर खट्टर की गिरफ्तारी साफ संकेत देती है कि राजनैतिक दल, शासन-सत्ता में हो, वह जरूरत पड़ने पर अपने धर्म के लोगों के प्रति सहानुभूति रखकर ही कार्य करेंगे भले ही उसने क्रूरता क्यों न की हो।

# अस्पतालों में बढ़ी रोगियों की कतारें

**प्रयागराज।** बढ़ती गर्मी में पानी की कमी डायबिटीज के मरीजों के लिए हानिकारक हो सकती है। ऐसे में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है। इसके अलावा पसीने के कारण खुजली व घमौरी की समस्या देखने को मिल रही है। वहीं दूषित भोजन के कारण होने वाले दस्त ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।बढ़ती गर्मी के साथ शहर के सरकारी अस्पतालों में रोजाना त्वचा रोग, अनियंत्रित शुगर व दस्त के करीब 35 फीसदी मरीज देखने को मिल रहे हैं। छावनी सामान्य अस्पताल में इस हफ्ते करीब 65 मरीजों का शुगर लेवल 450 के ऊपर पाया गया। इनमें अधिकांश मरीजों को कम पानी पीने की आदत थी। वहीं स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में पिछले 10 दिनों में लगभग 150 मरीज त्वचा संबंधित बीमारी से पीड़ित मिले। इसके अलावा तेज बहादुर सप्रू व मोती लाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय में गर्मी शुरू होने के बाद से रोजाना ओपीडी में लगभग 15 मरीज लूज मोशन के आ रहे हैं। इनमें से 90 फीसदी मरीज विद्यार्थी हैं। सामान्य चिकित्सालय छावनी के निदेशक डा एसके पाण्डेय ने बताया कि गर्मी में पानी की कमी के वजह से डायबिटीज के मरीजों में अनियंत्रित शुगर लेवल देखने को मिल रहा है। ऐसे में पूरे दिन थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीना जरूरी है। दूसरी ओर तेज बहादुर सप्रू जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डा मंसूर अहमद ने कहा कि बाहर का व बासी खाने का सेवन करने से बचें। हल्का खाना थोड़ी-थोड़ी देर में खाएं और खूब पानी पीएं। मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज के त्वचा रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा अमित शेखर ने बताया कि शरीर में लगातार पसीना आने से त्वचा हमेशा गीली रहती है।

# अंगदान को महादान बनाए समाज: डा.वाणी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** अन्नदान की तरह ही अब अंगदान के लिए समाज में व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। जिस तरह परिवार के बड़े-बुजुर्ग बच्चों को अन्न बर्बाद न करने की सीख देते हैं, उसी तरह मृत्यु के बाद शरीर के अंगों को मिट्टी में दफनाकर या आग में जलाकर बर्बाद न करने की शिक्षा देकर लाखों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।

यह विचार स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डा. वाणी गुप्ता ने व्यक्त किए। अवसर था मेडिकल कालेज देवकली में आयोजित श्मेडिकल एल्ट्रि विषय पर उत्तर प्रदेश के पहले दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन का। सम्मेलन के दूसरे दिन यूनाइटेड किंगडम की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी हास्पिटल के डा. अभिषेक रे ने वीडियो कान्फेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया। अपोलो हास्पिटल लखनऊ के डा. अभिषेक यादव ने बताया कि लीवर प्रत्यारोपण की सफलता दर निरंतर बढ़ रही है। आयोजन को सफल बनाने में उपप्रधानाचार्य डा. राजेश झिंगरन, डा. मीनाक्षी शर्मा, डा. अमित कुमार सिंह, डा. अपर्णा दीक्षित, डा. जान जेब रिज़वी, डा. विकास तिवारी, डा. प्रमोद कुमार, डा. इन्द्रेश रजावत, डा. विनीत कुमार, डा. अखिलेश वर्मा, डा. मनोज कुमार, डा. कमलेन्द्र वर्मा, डा. विकास कुमार, डा. जगभान सिंह, डा. अभिषेक गुप्ता, डा. सोमेश वाजपेयी, डा. मृदुलेश कुमार यादव, डा. नीति सोलंकी और डा. शिखा पाण्डेय की भूमिका रही।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शिवांशु शुक्ला और रहनुमा बानो बने टॉपर



क्षेत्र के आदर्शनगर खेममऊ स्थित श्रीपाल पब्लिक इंटर कॉलेज के मेधावी छात्रों ने यूपी बोर्ड परीक्षाओं मे शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया

**बाजार शुकुल,अमेठी।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में क्षेत्र के आदर्शनगर खेममऊ स्थित श्रीपाल पब्लिक इंटर कॉलेज के मेधावी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया है।

हाईस्कूल में शिवांशु शुक्ला ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि इंटरमीडिएट में रहनुमा बानो ने 80.2 प्रतिशत अंक पाकर टापर बनने का गौरव हासिल किया।छात्रों की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। सोमवार को कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान के प्रबंधक व समाजसेवी पी.के. तिवारी ने विद्यालय पहुंचकर दोनों टापर छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने मेधावियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और लगन से ही सफलता हासिल होती है।इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक डा. बृजेश कुमार तिवारी ने कहा कि छात्रों की सफलता उनके परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे और सभी ने मेधावियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# होटल में मृत मिले दवा कंपनी के डिप्टी डायरेक्टर

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस के एक होटल में दवा कंपनी के डिप्टी डायरेक्टर सैबाल मुखर्जी संदिग्ध हालात में मृत पाए गए। वह हाईकोर्ट में मुकदमे की पैरवी के लिए प्रयागराज आए थे। सिविल लाइंस पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।मूलरूप से पश्चिम बंगाल के जाधवपुर साउथ के रहने वाले सैबाल एक नामचीन दवा कंपनी के डिप्टी डायरेक्टर थे। वह मुकदमे की पैरवी करने के लिए प्रयागराज आए थे। शुक्रवार से सिविल लाइंस स्थित एक होटल में ठहरे थे। होटल से जाने के लिए कैब बुक कराई थी। चालक ने होटल पहुंचने पर उन्हें काल किया लेकिन काल रिसीव नहीं हुई। इस पर उसने रिसेप्शन पर जाकर बात की। जब होटल कर्मियों को कमरे का दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला, तब दूसरी चाभी से कमरा खोला गया। देखा कि सैबाल बाथरूम में बेसुध पड़े थे। पुलिस उन्हें एसआरएन अस्पताल ले गई। डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसी बीच सैबाल मुखर्जी के अधिवक्ता भी पहुंच गए। सिविल लाइंस थाना प्रभारी रामाश्रय यादव ने बताया कि घटना की जानकारी सैबाल मुखर्जी के घरवालों को दे दी गई है। उनके आने पर शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# कैंटीन से हजारों की चोरी, पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रजबपुर**। थाना क्षेत्र में चोरी की एक वारदात के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। हसनपुर मार्ग स्थित एक कैंटीन को निशाना बनाकर चोर नकदी, कमर्शियल सिलेंडर और अन्य सामान ले उड़े, लेकिन शिकायत के चार दिन बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया, जिससे पीड़ित और स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

रजबपुर थाना क्षेत्र में चोरी की एक वारदात ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हसनपुर मार्ग स्थित एक कैंटीन को निशाना बनाकर चोर भरा कमर्शियल सिलेंडर, नकदी और अन्य सामान ले उड़े। हैरानी की बात यह है कि शिकायत के चार दिन बाद भी पुलिस ने न तो मुकदमा दर्ज किया और न ही कोई ठोस कार्रवाई की। देर रात चोरों ने बोला धावा घटना 22 और 23 मई की दरमियानी रात की है। अज्ञात चोरों ने सुनसान रात का फायदा उठाकर कैंटीन में सेंध लगा दी। चोर कैंटीन से एक भरा हुआ कमर्शियल सिलेंडर, करीब पांच हजार रुपये की नकदी और अन्य सामान चोरी कर ले गए। दो संदूकों से कपड़े भी ले गए पीड़ित के अनुसार, चोरों ने कैंटीन में रखे दो संदूकों को भी खंगाला और उनमें रखे कपड़े अपने साथ ले गए। गांव देवीपुरा निवासी पीड़ित विनेश सागर ने 23 मई को अतरासी चौकी में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन चार दिन बाद भी मामला दर्ज नहीं किया गया।घटना के बाद पुलिस की सुस्त कार्रवाई से स्थानीय लोगों और पीड़ित में नाराजगी है। इससे कानून-व्यवस्था को लेकर भी चिंता बढ़ी है। अतरासी चौकी प्रभारी सोनू चौधरी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। हालांकि, पीड़ित अब भी ठोस कार्रवाई और न्याय की प्रतीक्षा कर रहा है।

# गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

## अभाहिप ने तहसील में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। सोमवार को अखिल भारतीय हिंदू परिषद की गौ-रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश गोला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे और प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार मूसा राम थारू को सौंपा।



प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने गौ माता को 'राष्ट्र माता' घोषित करने की मांग की। साथ ही गौ-तस्करी और गौ-वंश की हत्या पर सख्त कानून बनाने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष ओपी गोला ने कहा कि सनातन धर्म में गाय का बहुत महत्व है, लेकिन आज भी गौ-वंश सुरक्षित नहीं है। उन्होंने सरकार से मांग की कि गौ-तस्करी करने वालों पर गैर-जमानती धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आजीवन कारावास की सजा दी जाए। कार्यकर्ताओं ने अवैध वधशालाओं को बंद कराने और बेसहारा गौ-वंश के लिए सरकारी गौशालाएं बनाने की भी मांग उठाई। ओपी गोला ने कहा कि जब तक गौ-तस्करी पूरी तरह बंद नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान श्रीकृष्ण सैनी, शंकर लाल सैनी, नेमपाल सिंह, सतवीर सिंह, बलवीर सिंह, दुष्यंत चौधरी, आदर्श कुमार, अनुज कुमार, आर्यन चौधरी और राम किशोर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गौ तस्करी में लिप्त लोगों की सम्पत्ति कुर्क करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। गोवंश को राष्ट्रमाता घोषित करने और तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर गौ सेवकों ने राष्ट्रपति राज्यपाल मुख्यमंत्री के नाम संबंधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा है।



गौ सेवा और संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, हिंदू संगठनों और गौ भक्तों ने राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के नाम एक महत्वपूर्ण ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। इस ज्ञापन में मांग की गई है कि गोवंश को श्राष्ट्रमाताश का दर्जा दिया जाये। और देश में श्केंद्रीय गौ सेवा एवं संरक्षण अधिनियमश को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाये। प्रदर्शनकारियों ने गौ हत्या को जघन्य अपराध बताते हुए मांग की कि दोषियों के खिलाफ आजीवन कारावास जैसे कठोर दंडात्मक प्रावधान किये जाएं। गौ तस्करी में लिप्त अपराधियों की अवैध संपत्ति तुरंत कुर्क की जाये। तस्करी में इस्तेमाल होने वाले वाहनों को जब्त कर उन्हें सार्वजनिक रूप से नीलाम किया जाये। गौ भक्तों का कहना है कि जब तक कानून सख्त नहीं होंगे, तब तक गौ माता सुरक्षित नहीं होंगी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रशासन से इन मांगों को प्राथमिकता से सरकार तक पहुंचाने का आग्रह किया।

# महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग व जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**अमरोहा**। धनौरा विधानसभा क्षेत्र में बछरायूं मंडल में विधायक राजीव तरारा के नेतृत्व में महिलाओं द्वारा 'जन आक्रोश रैली' निकाली। 'मातृशक्ति का संकल्प' थीम पर आधारित रैली नगर के एएनडीपी कॉलेज से लेकर नगर के प्रमुख मार्गों पर घूमी।

**■ विधायक के नेतृत्व में महिलाओं ने निकाली रैली**



विधायक ने कहा कि, रैली में शामिल महिलाओं की बड़ी भागीदारी यह सुनिश्चित करती है कि क्षेत्र की महिलाएं जागरूक हैं, संगठित हैं और अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह सजग हैं। यह केवल एक रैली नहीं, बल्कि सुशासन, सुरक्षा और सम्मान के पक्ष में एक सशक्त जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों और योजनाओं ने महिलाओं को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता हमेशा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन रही है और भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर कार्य जारी रहेगा। इस अवसर पर अनिता रस्तोगी, रूबी सिंह, पिंकी रानी, रुचि देवी, मिथलेश, सविता रानी, कमलेश देवी, प्रियांशु, रूपाली, भावना, मीनाक्षी देवी, शशि, भारती, संतोष देवी, कुसुम देवी, मंडलाध्यक्ष रोहित आर्य आदि मौजूद रहे।

# युवक को डंडो से किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। एक दुकानदार ने अपने परिजनों व साथियों के साथ मिलकर जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड के कर्मचारी के पुत्र के साथ लाठी डंडे व लोहे की रोड आदि के प्रहार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार नगर की जुबिलेंट सेकेंड कॉलोनी में महावीर सिंह रावत रहते हैं। बीते दिन उनका पुत्र आदित्य राज सिंह रावत नाईपुरा में ही अण्डरपास के स्थित ईशाद पुत्र अल्लादिया की कन्फैक्शनरी शॉप पर पानी की बोतल लेने गया था। आरोप है

**■ पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

कि ईशाद व उसके पुत्र जिशान ने गाली गलौच की। उस समय तो आदित्य वहां से चला आया। शाम के समय जब आदित्य अंडरपास की तरफ गया तो ईशाद व उसके पुत्र जिशान ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर उसे घेर लिए और लाठी डंडे व लोहे की रोड आदि के प्रहार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने आदित्य के पिता की तहरीर के आधार पर ईशाद व उसके पुत्र जिशान आदि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक नजर

### दो अवैध क्लीनिकों को किया सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पौरारा की मढैया में संचालित दो अवैध क्लिनिकों को सील कर दिया। बिना लाइसेंस और मानकों के चल रहे इन क्लिनिकों पर छापेमारी के बाद हड़कंप मच गया। सूचना के आधार पर सीएचसी टीम ने डॉ. शशांक चौधरी के नेतृत्व में छापेमारी की। जांच में दोनों क्लिनिक बिना पंजीकरण के संचालित मिले और जरूरी दस्तावेज भी नहीं पाए गए। साथ ही इलाज के नाम पर मरीजों की सेहत से खिलवाड़ किए जाने की बात सामने आई। टीम ने मौके पर दवाइयों और उपकरणों की जांच की, जिसमें कई अनियमितताएं पाई गईं। इसके बाद दोनों क्लिनिकों को सील कर संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस क्लिनिक चलाना अवैध है और ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। स्थानीय लोगों ने इस कदम का स्वागत किया है।

### बच्चे देश के भविष्य की नींव: महबूब



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने बच्चों की शिक्षा को देश के भविष्य की नींव बताया। जोया स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे महबूब अली ने उन्होंने कहा कि बच्चे सिर्फ परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे देश का भविष्य होते हैं, इसलिए उनकी पढ़ाई-लिखाई पर विशेष ध्यान देना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही देश को आगे बढ़ाता है और आने वाले समय में यही बच्चे देश का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहें। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# डीजे पर डांस को लेकर भिड़े बाराती

## दो घायल, पुलिस ने किया शांतिभग में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। एक शादी समारोह में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई। जब डीजे पर अपनी पसंद के गाने बजवाने और डांस करने को लेकर दो बाराती आपस में भिड़ गये। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। जिसमें रोहित व सचिन ग्राम जल्लोपुर थाना रहरा बुरी तरह घायल हो गये।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपला. ेती खुर्द में बीते दिन ग्राम जल्लोपुर से बारात आई थी। ग्रामीणों ने बताया बारात में डीजे पर डांस चल रहा था। तभी एक गाने को लेकर दो युवकों में कहासुनी हो गई। जोश के बीच बहस ने हिंसक रूप ले लिया। सिर और चेहरे पर चोट लगने के कारण दोनों को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों का प्राथमिक उपचार कराया गया। पुलिस ने दोनों बारातियों के विरुद्ध शांति भंग (धारा 151) के तहत चालान कर दिया।

# जन आक्रोश पदयात्रा में महिलाओं ने भरी हुंकार

## गंगेश्वरी में निकाली पदयात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। गंगेश्वरी में 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभा के बाद निक. ाली गई पदयात्रा में महिलाओं ने हाथों में बैनर-तख्तियां लेकर जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान 33 प्रतिशत महिला आरक्षण और नारी सम्मान के मुद्दे प्रमुख रूप से उठाए गए, वहीं विपक्षी दलों पर भी तीखे आरोप लगाए गए। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों से किसी तरह का समझौता स्वीकार नहीं है। उन्होंने महिलाओं से एकजुट होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, रजनी आर्य, रूपवती, मंजू, आशा, कमलेश, बबीता, राजबाला, प्रेमवती, आसमा, आभा त्यागी, पूनम सैनी, उर्मिला, देवी, अनीता समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

### राशन डीलर की दुकान निरस्त करने को गरजे ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। ग्रामीणों ने राशन वितरण मे धांधली का आरोप लगाया। डीलर की दुकान निरस्त करने की मांग को कलेक्ट्रेट मे प्रदर्शन किया। सोमवार को तहसील हसनपुर के गांव वाटूपुरा फतेहपुर के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट मे शिकायती पत्र सौंपा। उनका आरोप है कि राशन डीलर निमना पत्नी रामपाल राशन वितरण मे धांधली कर रही है। एक यूनिट पर पांच किलो की जगह चार किलो राशन दिया जा रहा है। जिसकी जांच निष्पक्ष तरीके से उच्च अधिकारियों से कराई जाए और उसकी दुकान को निरस्त कर दूसरा राशन डीलर नियुक्त किया जाए। प्रदर्शन करने वालो मे राजेंद्र, गोपाल, अतर सिंह, बबली, मंगला, सुशील, दानवीर, प्रवीण, हीरा, विजय, बंटी, सतपाल, सुभाष, मनोहर व जय प्रकाश शामिल रहे।

# ठेकेदार ने तोड़ दी सड़क, सफाई के लिए चंदा कर रहे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर पालिका की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शेरपुर चुंगी स्थित

**■ पालिका की पोल खोलती शिवपुरी की सड़क**

जिला सहकारी बैंक के पास मोहल्ला शिवपुरी में पाइपलाइन बिछाने के नाम पर सड़क खोद दी गई, लेकिन काम पूरा होने के बाद हालात ऐसे हैं कि 'विकास' खुद सड़क पर बिखरा पड़ा है।



कई दिन बीतने के बावजूद ठेकेदार ने सड़क पर डाली गई मिट्टी, पत्थर और अन्य मटेरियल उठाने की जहमत नहीं उठाई। नतीजा यह है कि राहगीरों और स्थानीय निवासियों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिम्मेदार अधिकारी भी शायद दफ्तरों की कुर्सियों से उठकर मौके तक पहुं. चने की जरूरत महसूस नहीं कर रहे। हद तो तब हो गई जब नगर पालिका को कर देने वाले लोग अब खुद चंदा इकट्ठा कर सड़क साफ कराने की तैयारी में जुट गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार ठेकेदार से शिकायत की गई, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला, कार्रवाई नहीं। एक निवासी ने नाम न छापने की शर्त पर तंज कसते हुए कहा कि नगर पालिका के अधिकारी शायद कागजों पर ही सड़कें साफ देख लेते हैं, जमीन पर झांकने की फुर्सत नहीं है। अब मजबूरी में हमें ही चंदा करके सफाई करनी पड़ रही है। लोगों ने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, नगर पालि. का की इस लापरवाही ने जनसेवा के दावों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका उनका पक्ष मिलने पर उसको भी लिखा जाएगा।

# करंट से मजदूर झुलसा, रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। मकान के मरम्मत कार्य के दौरान लोहे के शटर से बिजली का तार टच हो गया और करंट उतर आया। करंट की चपेट में आकर एक मजदूर की हालत बिगड़ गयी, जिसे निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहाँ से उसे बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार नगर के खादगूजर तिराहे के पास फौंदापुर गाँव निवासी व्यक्ति का मकान है। सोमवार को यहाँ पर मरम्मत कार्य चल रहा था। इस दौरान शटर उठाने

**■ एक मकान में मरम्मत कार्य के दौरान हुई घटना**

के दौरान लोहे के एक एंगिल बिजली के तार से टच हो गया। इस कारण शटर में करंट उतर आया। करंट की चपेट में आकर फौंदापुर गाँव निवासी मजदूर राजेश की हालत बिगड़ गयी। वह बेहोश हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ लग गयी। गृहस्वामी ने आसपास के लोगों की मदद से मजदूर को तुरंत पास में ही स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। यहाँ से उसे बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# बीमा कम्पनी को दो लाख रूपये ब्याज सहित देने का आदेश

## उपभोक्ता फोरम ने सुनाया फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रजबपुर**। थाना क्षेत्र के गांव खाता निवासी मृतक किसान की पत्नी को आखिरकार न्याय मिल गया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये के क्लेम को खारिज करने वाली बीमा कंपनी को उपभोक्ता आयोग ने फटकार लगाते हुए भुगतान का आदेश दिया है। आयोग ने इसे सेवा में कमी मानते हुए बीमा राशि के साथ ब्याज और क्षतिपूर्ति देने के निर्देश दिए हैं।

मामला रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव खाता से जुड़ा था। गांव निवासी धर्म सिंह का बैंक के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना के तहत बीमा था। 11 मई 2019 को एक सड़क हादसे में धर्म सिंह की मौत हो गई थी। घटना के बाद उनकी पत्नी माया देवी ने दो लाख रुपये की बीमा राशि के लिए बीमा कंपनी में आवेदन किया लेकिन बीमा कंपनी ने यह कहते हुए उनका दावा खारिज कर दिया कि हादसे के समय धर्म सिंह के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था, जो सीधे तौर पर बीमा शर्तों का उल्लंघन है। मायूस माया देवी ने उपभोक्ता आयोग की शरण ली थी। सुनवाई के दौरान माया देवी पक्ष की ओर से दलील दी गई कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक सामा. जिक सुरक्षा योजना है, जिसका उद्देश्य दुर्घटना में मौत होने पर परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। यह कोई सामान्य मोटर बीमा पॉलिसी नहीं है, जिसमें ड्राइविंग लाइसेंस जैसी शर्तें लागू होती हैं। दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद आयोग के अध्यक्ष रमा शंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने बीमा कंपनी द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस के अभाव में क्लेम निरस्त करने को गलत माना। फोरम ने कहा कि बीमा राशि का भुगतान नहीं करना सेवा में कमी की श्रेणी में आता है। आयोग ने बीमा कंपनी को एक माह के भीतर माया देवी को दो लाख रुपये की बीमा राशि का भुगतान वाद दायर करने की तिथि से नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज से देने को आदेश दिया। वहीं, आर्थिक व मानसिक क्षति के लिए 15 हजार रुपये तथा वाद व्यय के रूप में 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

# बाइक की टक्कर से परिवार के तीन लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। शेरपुर से शोक जताकर लौट रहे एक ही परिवार के तीन लोग सोमवार को सड़क हादसे में घायल हो गए। नवाबपुर गांव के पास पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

थाना हसनपुर क्षेत्र के गांव भैसरोली निवासी सुशीला देवी पत्नी सुरेश, अपने बेटे गौरव और बहू मालती के साथ शेरपुर गई थीं। वहां वे अपनी बेटी कविता के पति के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंची थीं। सोमवार को तीनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में हादसा हो गया। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनौरा में भर्ती कराया। सीएचसी प्रभारी डॉ. राहुल कुमार ने बताया कि सुशीला देवी के सिर में गंभीर चोट आई है, जिन्हें सीटी स्कैन के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। गौरव के सिर से खून बह रहा था, उनका इलाज चल रहा है, जबकि मालती की हालत ठीक बताई गई है। पीड़ित परिवार ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी बाइक सवार की तलाश में जुटी है।

# बारात से लौट रहे युवकों की बाइकें टकरायी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। शादी की खुशियों के बीच उस वक्त मातमी सन्नाटा पसर गया, जब बारात से लौट रहे लोगों की दो मोटरसाइकिलें आपस में टकरा गईं। इस हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिनमें एक अज्ञात बाइक सवार की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, थाना बहजोई क्षेत्र के गांव बेरीखेड़ा निवासी सीतल पुत्र हंसराज की बारात हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर गई हुई थी। बारात में शामिल होने के लिए गांव के कई लोग अपनी-अपनी बाइकों से पहुंचे थे। शादी समारोह संपन्न होने के बाद सभी लोग देर रात अपने घरों को लौट

**■ हादसे में चार घायल, गंभीर हालत में एक रैफर**

रहे थे। बताया जा रहा है कि भारत सिंह पुत्र शेरपाल, पुष्पेंद्र और हंसराज एक ही बाइक पर सवार होकर वापस बेरीखेड़ा जा रहे थे। जैसे ही वे थाना रहरा क्षेत्र के पास स्थित पेट्रोल पंप के निकट गवां रोड पर पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों के सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहरा में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल अज्ञात बाइक सवार को हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज स्थानीय स्तर पर जारी है।

# कार से टक्कर मारकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति ने बोलेरो कार से टक्कर मारकर बाइक सवार दम्पत्ति और उनके बच्चे को घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गाँव पतई एमन निवासी महकार सिंह का पुत्र बंटी अपनी पत्नी और बच्चे के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। आरोप है कि गाँव निवासी राजेंद्र

**■ आरोपी के विरूद्ध पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

पुत्र तेजपाल ने पुरानी रंजिश के चलते अपनी बोलेरो कार से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बंटी, उसकी पत्नी और बच्चा घायल हो गया। बंटी ने विरोध जताया तो राजेंद्र जान से मारने की धमकी देता हुआ अपनी कार लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी राजेंद्र के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# डूब क्षेत्र में ग्रेनो प्राधिकरण ने चलाया बुल्डोजर

- 25 हजार वर्ग मीटर जमीन को कराया अतिक्रमण मुक्त
- अवैध कालोनी काटने व डूब क्षेत्र में निर्माण पर कार्रवाई





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर सोमवार को बिसरख के डूब क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। कालोनाइजर डूब क्षेत्र में बाउंड्री बनाकर अवैध प्लॉटिंग करने की कोशिश कर रहे थे। करीब 25 हजार वर्ग मीटर जमीन मुक्त कराई गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने कहा है कि ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण करने की इजाजत नहीं है। ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। उन्होंने अपील की है कि अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण की टीम अवैध कब्जों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। सोमवार को प्राधिकरण के वर्क सर्किल तीन के वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर, प्रबंधक प्रशांत समाधिया और टीम ने बिसरख के डूब क्षेत्र के खसरा संख्या 333 और 334 की जमीन पर अतिक्रमण को ढहा दिया। करीब 25 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। कालोनी काट रहे काला.नाइजरों को दोबारा अवैध निर्माण करने पर कड़ी कार्रवाई की चेता. वनी दी गई है। इससे पहले वर्क सर्किल तीन की तरफ से विगत दिनों तिलपता, रोजा याकूबपुर खेड़ा चौगानपुर, चिपियाना बुजुर्ग में भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# यादव समाज में फैली विसंगतियों को दूर करने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ ।** जैतीपुर रोड घाटमपुर में अमर सिंह यादव पूर्व ग्राम विकास अधिकारी ने यादव समाज के उत्थान हेतु एक सभा का आयोजन किया गया।

जिसमें समाज की विसंगतियों को दूर कर शिक्षित और संगठित होकर समाज को आगे बढ़ाने और हर समाज के लोगों की सेवा करने का अवसर मिले ताकि हर समाज की सेवा कर सके और सबका सम्मान करे एवं कलम को ताकत बनाए और उत्थान का प्रयास करे डा भीमराव अंबेडकर, डा राम मनोहर लोहिया ,कपूरी ठाकुर ने कहा था कि शिक्षा से ही आगे बढ़ा जा सकता है । यह विचार चौधरी रामवीर



सिंह यादव सपा नेता ने विचार व्यक्त किया साथ में अजीत यादव, प्रवीण पंकज,जयवीर सिंह यादव शिक्षक संघ कानपुर, रामरूप सिंह पूर्व प्रधान,रामबाबू पूर्व प्रधान,रामवीर सिंह,मंगल यादव प्रधान बीबीपुर,बलवंत यादव मवई , एडवोकेट महेंद्र सिंह यादव, बलवान यादव, शिवम यादव, प्रिंस यादव मनोज यादव, रामवीर यादव, जीतू यादव, गुलाब यादव, धीरेन्द्र यादव, गौरव यादव, देव सिंह यादव, अजीत यादव, मानवेंद्र यादव, रूपेश यादव, लवकुश यादव, अविनाश यादव, हिमांशु, ने संबोधित किया और संकल्प लिया कि समाज को नशे से मुक्त कराएंगे।

# जब्त की अवैध शराब और बीयर नष्ट कराई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-142 थाने की पुलिस ने न्यायालय के आदेशानुसार अवैध देसी, अंग्रेजी शराब और अवैध बीयर सोमवार को नष्ट कराई।

पुलिस ने जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर शराब को दबवाया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार माल निरस्तीकरण के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा, अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा के पर्यवेक्षण में सहायक पुलिस आयुक्त सेंट्रल नोएडा तृतीय, प्रभारी निरीक्षक थाना सेक्टर-142 और आबकारी निरीक्षक गौतमबुद्ध नगर की उपस्थिति में यह कार्रवाई की गई। सेक्टर-142 थाना पुलिस ने बताया कि वर्ष 2022-24 में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत दर्ज कुल 64 अभियोग से संबंधित लगभग 3371 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब, 323 लीटर अवैध बीयर, 406 लीटर अवैध देसी शराब को जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर मिट्टी में दबाया गया।

## हादसे से झुलसे कर्मचारी की मौत फैक्टरी प्रबंधन पर प्राथमिकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ईकोटेक-3 एक्सटेंशन की एक फैक्टरी में हुए हादसे में झुलसे कर्मचारी की मौत रविवार को उपचार के दौरान दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हो गई। परिजनों ने कंपनी प्रबंधन पर लाप. रवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए सोमवार को ईकोटेक-1 कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है।गाजियाबाद के गांव भनेड़ा निवासी प्रदीप कुमार साढ़े चार साल से डीएफएम फूड्स फैक्टरी में फिटर थे। 17 अप्रैल की शाम काम करते समय वे झुलस गए थे। हादसे में तीन-चार अन्य कर्मचारी भी घायल हुए थे।

मृतक के भतीजे संचित त्यागी का आरोप है कि मशीनें लंबे समय से खराब हैं। पहले भी कई हादसे हो चुके हैं।

इसके बावजूद न तो मरम्मत कराई गई और न ही उन्हें बदला गया। परिजनों का यह भी कहना है कि पहले हुए हादसों को कंपनी ने दबा दिया और पीड़ित परिवारों को डरा-धमकाकर चुप करा दिया था। पुलिस ने कंपनी के मालिक एवं वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

वहीं, कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा का कहना है कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने कंपनी के मालिक एवं वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

## शुकुल बाजार में बढ़ रहे हादसे

**शुकुल बाजार।** कस्बे के प्रमुख मार्गों पर सड़क सुरक्षा से जुड़े जरूरी इंतजाम न होने से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। खासकर इन्हौनादृरुदौली मार्ग, जिसे क्षेत्र का सबसे व्यस्ततम मार्ग माना जाता है, वहां चेतावनी संकेत और रिफ्लेक्टिव व्यवस्थाएं नदारद हैं। इस सड़क पर बाजार, व्यापारिक प्रतिष्ठान, स्कूल और कालेज होने के कारण दिनभर वाहनों और राहगीरों की आवाजाही बनी रहती है, बावजूद इसके विभागीय स्तर पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। सड़क पर संभावित खतरे वाले स्थानों पर लगाए जाने वाले सांकेतिक बोर्ड, सफेद-पीली थर्मोप्लास्टिक पट्टी, कैट-आई और रेडियम जैसे सुरक्षा चिन्ह कई जगहों पर दिखाई नहीं देते। रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है, क्योंकि अंधेरे में सड़क पर कोई भी रिफ्लेक्टिव संकेत नजर नहीं आता। ऐसे में दोपहिया वाहन चालक अचानक स्थिति का अंदाजा नहीं लगा पाते और हादसे का शिकार हो जाते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक **28.05.2026** को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 03-DyCE-GSU-LKO-2026-27 दिनांक 27.04.2026 | | |
| निविदा संख्या | 03-DyCE-GSU-LKO-2026-27 | | |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के अर्न्तगत अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन अमृत स्टेशनों (हैदरगढ़, निहालगढ़, जौनपुर सिटी, श्रीकृष्णानगर, लम्भुआ, लालगंज, उंचाहार, कुण्डाहरनामगंज, बादशाहपुर, शाहगंज, जौनुपर, लोहता एवं तकिया) पर वर्तमान प्लेटफार्म पर कवर ओवर प्लेटफार्म (COP) का निर्माण तथा हैदरगढ़, लम्भुआ, लालगंज, बाबतपुर, कुण्डाहरनामगंज, मड़ियाहू, लोहता, चिलबिला, शिवपुर और निहालगढ़ स्टेशनों पर मौजूदा फुटओवर ब्रिज में रैप उपलब्ध कराने हेतु संबंधित सिविल कार्य एवं मानकनगर स्टेशन पर 2 लिफ्ट, भदोही स्टेशन पर 2 लिफ्ट उतरेटिया स्टेशन पर 2 लिफ्ट, अकबरपुर स्टेशन पर 2 लिफ्ट, फूलपुर स्टेशन पर 1 लिफ्ट एवं शाहगंज स्टेशन पर 3 लिफ्ट (कुल 12 नं0 लिफ्ट) और मां बेला देवीधाम प्रतापगढ़ स्टेशन पर 4, रायबरेली स्टेशन पर 4 एवं सुल्तानपुर स्टेशन पर 4 एस्केलेटर (कुल 12 एस्केलेटर) हेतु सिविल एवं उससे जुड़े हुए कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | Rs.4730.16 लाख | धरोहर राशि | Rs. 94,60,300/- |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ माह। | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 14.05.2026 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28.05.2026 11:30 बजे | | |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1403/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बुजुर्ग को 16 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 85 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने एनटीपीसी से सेवानिवृत्त बुजुर्ग को 16 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 85 लाख रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने धनशोधन और मानव तस्करी जैसे गंभीर आरोपों में केस दर्ज होने का डर दिखाकर जालसाजी की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-51 स्थित केंद्रीय विहार निवासी 84 वर्षीय धीरेंद्र कुमार ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दी कि उनके मोबाइल पर बीते दिनों अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को बेंगलुरु साइबर सेल का अधिकारी बताया। उसने कहा कि धीरेंद्र के आधार कार्ड का दुरुपयोग हुआ है और उनके नाम पर मोबा. इल खरीदकर आपराधिक गति. विधियां की गई हैं।

इसके बाद कॉल को दूसरे व्यक्ति से जोड़ा गया, जिसने खुद को सीबीआई का एसपी प्रवीण कुमार बताया। ठगों ने पीड़ित को बताया कि उनके खिलाफ धनशोधन और मानव तस्करी जैसे गंभीर आरोपों में मुकदमा दर्ज है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जांच चल रही है। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर जांच में सहयोग नहीं किया तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। संपत्ति जब्त कर ली जाएगी और पेंशन भी रोक दी जाएगी।आरोपियों ने सात अप्रैल से 22 अप्रैल 2026 के बीच लगातार व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए धीरेंद्र कुमार से पूछताछ की।

## कॉलेज में साइबर सुरक्षा की जानकारी दी

**नोएडा।** सेक्टर-91 स्थित पंचशील बालक इंटर कॉलेज में सोमवार को सोपरा स्टेरिया फाउंडेशन ने जागरुकता सत्र का आयोजन किया। इसमें कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों को साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, व्यक्तित्व विकास और वित्तीय साक्षरता पर जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने संवाद के माध्यम से छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रधानाचार्य नीरज टंडन ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम में गतिविधि प्रभारी शीतल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। मोहिनी एकादशी पर भजन-कीर्तननोएडा। सेक्टर-33 स्थित इस्कॉन मंदिर में मोहिनी एकादशी के अवसर पर धार्मिक आयोजन हुए।

# अजनारा होम्स के पास कार में लगी आग

बिजली के खंबे के नीचे खड़ी थी, वायर गिरने से लगी आग, 30 मिनट में पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बिजली के खंबे के नीचे खड़ी एक कार में आग लग गई। कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। आग बिजली के खंबे की विद्युत वायरिंग गिरने की वजह से लगी। घटना रविवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे के आसपास हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को भेजी।

बिजली सप्लाई को बंद किया गया है। जिसके बाद दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। आग अन्य गड़ियों तक नहीं पहुंची। आग पर करीब 30 मिनट में काबू पा लिया गया। कार को क्रेन की मदद से हटाया गया। इस दौरान बिजली सप्लाई बंद रही।



जिसके बाद बिजली के तारों को जोड़ा गया।

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि ये घटना सेक्टर 121 गड़ी चौखंडी, अजनारा होम्स के पास हुई। यहां बाहर रोड पर खड़ी गाड़ी में आग लगने की सूचना मिली। फायर स्टेशन से एक गाड़ी रवाना की गई। वहां पहुंच कर देखा गया कि आग एक होंडा अमेज गाड़ी नंबर DL1CZ6914 पेट्रोल और CNG 2018 उवकमस में लगी थी।

बिजली के खंबे के पास खड़ी थी। जिसमें विद्युत वायरिंग गिरने के कारण आग लग गई थी। कार में कोई नहीं था। आग को बुझा दिया गया।


# विशेष रेलगाड़ियाँ

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैः-

**04221 प्रयागराज संगम – अयोध्या धाम जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 04221 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04221 प्रस्थान |
|---|---|---|
| प्रयागराज संगम | -- | 09:00 |
| अयोध्या धाम जं. | 12:30 | -- |

**चलने की तिथि : 04221 प्रयागराज संगम** से दिनांक 28.04.2026 (मंगलवार) को। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** प्रयागराज जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर जं. एवं अयोध्या कैंट स्टेशन।

**04232/04231 लखनऊ जं. – अयोध्या धाम जं. – लखनऊ जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04232 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04232 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04231 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04231 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 10:00 | लखनऊ जं. | 21:30 | -- |
| 13:00 | -- | अयोध्या धाम जं. | -- | 17:15 |

**चलने की तिथि : 04232 लखनऊ जं.** एवं **04231 अयोध्या धाम जं.** से दिनांक 28.04.2026 (मंगलवार) को। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** बाराबंकी जं., दरियाबाद, रुदौली एवं अयोध्या कैंट स्टेशन।

**04229/04230 वाराणसी जं. – अयोध्या धाम जं. – वाराणसी जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04229 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04229 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04230 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04230 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 09:00 | वाराणसी जं. | 22:10 | -- |
| 13:30 | -- | अयोध्या धाम जं. | -- | 17:45 |

**चलने की तिथि : 04229 वाराणसी जं.** एवं **04230 अयोध्या धाम जं.** से दिनांक 28.04.2026 (मंगलवार) को। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर एवं गोशाईंगंज स्टेशन।

**04227 अयोध्या धाम जं. – लखनऊ जं. – अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 04227 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04227 प्रस्थान |
|---|---|---|
| अयोध्या धाम जं. | -- | 14:00 |
| लखनऊ जं. | 20:30 | -- |

**चलने की तिथि : 04221 अयोध्या धाम जं** से दिनांक 28.04.2026 (मंगलवार) को। **स्थान:** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
**ठहराव:** अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1407/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# वाहन चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-24 पुलिस ने दोपहिया वाहन चुराने वाले चार बदमाशों को रविवार रात सेक्टर-11 से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी की तीन बाइक और अवैध हथियार बरामद हुए हैं। इनमें से एक नेपाल का रहने वाला है।

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि आरोपी बाइक को बेचने की फिराक में थे। तलाशी के दौरान सभी के पास से एक-एक अवैध हथियार बरामद हुआ। इनकी पहचान लखीमपुर खीरी के गोला गांव निवासी दिव्यांशु शुक्ला, नेपाल के वामिटकसर निवासी अभिषेक थापा, जिला बुलंदशहर के बालका गांव निवासी आशीष शर्मा और मेरठ के छोटा मवाना निवासी सागर के रूप में हुई। चारों आरोपी गौतमबुद्धनगर क्षेत्र में अलग-अलग क्षेत्र में रहते हैं। बरामद वाहनों में से दो बाइक दिल्ली और गाजियाबाद से चोरी की गई थी।

## जिले में 14 ठेकेदारों के लाइसेंस निरस्त

**ग्रेटर नोएडा।** श्रम विभाग ने सोमवार को 14 ठेकेदारों के लाइसेंस निरस्त कर दिए। श्रम कानूनों का पालन न करने और नोटिस का जवाब न देने पर यह कार्रवाई की गई। अपर श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी ने बताया कि जिले में अभी तक 49 ठेकेदारों के लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं। साथ ही इन्हें ब्लैकलिस्ट करने के लिए श्रमायुक्त उत्तर प्रदेश को पत्र प्रेषित किया गया है। श्रम कानूनों के उल्लघंन पर सोमवार को छह अन्य ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए। बताया कि जिन ठेकेदारों के लाइसेंस निरस्त हुए हैं, उनके सेवायोजकों एवं कारखाना प्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि श्रमिकों को वह सीधे उनके खाते में वेतन का भुगतान करें और वेतन का समायोजन संविदाकार के बिल से कर लें।

## नोएडा में शौचालयों से प्राधिकरण को मिलेगा 90 करोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में प्राधिकरण को शौचालयों से बड़ी आमदनी होने जा रही है। 10 साल में करीब 90 करोड़ रुपए प्राधिकरण के खाते में आएगा। यानी सालाना करीब 9 करोड़ रुपए। ये सिर्फ पीएच-1 यानी 150 सार्वजनिक शौचालय से आएगा। जबकि प्राधिकरण ने 256 शौचालय बनवाए है। जिनके रखरखाव और संचालन का पैसा भी प्राधिकरण को खर्च नहीं करना होगा। दरअसल, प्राधिकरण ने 256 शौचालयों की जिम्मेदारी अलग-अलग एजेंसी को दी है। जिम्मेदारी के साथ एजेंसी को विज्ञापन का राइट भी दिया गया है। विज्ञापन के जरिए वो पैसा कमाएंगी , शौचालयों को रखरखाव और मैनटेन भी करेंगी। साथ ही होने वाली मरम्मत का काम और गार्ड की तैनाती भी कंपनियां ही करेंगी। विज्ञापन से कमाई का एक हिस्सा प्राधिकरण को देंगी। प्राधिकरण के जीएम एसपी सिंह ने बताया कि करीब 150 शौचालय पीएच-1 में है। इनकी जिम्मेदारी एक एजेंसी को दी गई। 10 साल तक कंपनी उनका रखरखाव और संचालन करेगी। विज्ञापन के जरिए कमाई करेंगी और उसका एक हिस्सा करीब 90 करोड़ रुपए वो प्राधिकरण को देंगी।

**मई तक खुल जाएंगे सभी शौचालयः** उन्होंने बताया कि मई के पहले सप्ताह तक सभी बंद सार्वजनिक शौचालयों को पूरी तरह से खोल दिया जाएगा। किसी प्रकार की गंदगी मिलने पर प्राधिकरण कंपनी पर जुर्माना या बड़ा एक्शन भी ले सकती है।

# एयरपोर्ट पर स्थाई नौकरी का फैसला चार मई को होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले युवाओं की स्थाई नौकरी की मांग पर निर्णय चार मई को होगा। यीडा के सीईओ ने सोमवार को बैठक के बाद युवाओं को आश्वासन दिया।युवाओं का आरोप है कि एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले 14 गांवों के 335 युवाओं को स्थाई नौकरी का वादा किया गया था, लेकिन अब तक नौकरी नहीं मिली। नायल ने एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले युवाओं को रोजगार देने के लिए पोर्टल बनाया है। इस पोर्टल पर 180 से अधिक युवा पंजीकरण करा चुके हैं।

उन्हें अब तक ऑफर लेटर तक नहीं मिले हैं। इस संबंध में सोमवार को यीडा कार्यालय में सीईओ आरके सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई।

इसमें सीईओ ने युवाओं को पक्की नौकरी का आश्वासन दिया। अनुशासनहीनता न होने तक नौकरी से न निकाले जाने की बात कही। यापल की ओर से ऑफर लेटर भी दिलाने का भरोसा दिया। सीईओ ने कहा कि 12वीं पास तक योग्यता के आधार पर वह पहले एयरपोर्ट पर पदों के बारे में जानकारी जुटाएंगे। इसके बाद आगे निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने चार मई को दोबारा बैठक बुलाई है। युवाओं के रोजगार को लेकर अंतिम निर्णय बैठक के बाद ही होगा।

# चिलचिलाती धूप और लू से लोग बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिले में सोमवार को चिलचिलाती धूप और लू से लोग बेहाल रहे। दोपहर में सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरने लगा। लोग धूप से बचने के लिए छांव तलाशते नजर आए। नोएडा और ग्रेनो में अधिकतम तापमान 42 और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।जिले में सोमवार को सुबह से ही सूर्य की किरणें तेज थीं। दोपहर में लोगों का खुले स्थान पर खड़ा होना मुश्किल हो रहा था। आईएमडी की वेबसाइट के अनुसार सोमवार को करीब 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवा चली, जिससे दोपहिया वाहन चालकों और खुले आसमान के नीचे काम करने वाले



लोगों की मुसीबत बढ़ गई।

दिन में लोग घरों से निकलने में कतराते रहे। ग्रेनो का एक्यूआई का खराब श्रेणी में रहा। यहा का एयर क्वालिटी इंडेक्स 215 दर्ज किया गया, जबकि नोएडा का 173 एक्यूआई रहा। हालांकि, मौसम विशेषज्ञ का कहना है कि 28 अप्रैल से मौसम में बदलाव की संभावना है।

इस दौरान तापमान 40 के आसपास या अधिक ही रहेगा, लेकिन आसमान में बादल छाए रहेंगे। साथ ही हल्की बारिश की भी संभावना है।वहीं, गर्मी बढ़ते ही अस्पतालों में उल्टी-दस्त समेत अन्य मरीजों की संख्या बढ़ गई। डॉक्टर के अनुसार गर्मी के कारण लोगों को पेट संबंधी समस्या बढ़ी है। डॉक्टरों ने शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है। इसके अलावा लू से बचाव के लिए नींबू पानी, शिकंजी और तरल पदार्थ पीने को कहा है।

# हनी फैसल का जोरदार स्वागत

## युवा कार्यकर्ताओं ने कंधे पर बैठाया, आठों सीटें जीतने का संकल्प





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल का स्वागत समारोह बड़ी शानो-शौकत के साथ आयोजित किया गया। हनी फैसल ने जनपद की आठों विधानसभा सीटें जीतने का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह नई सपा है और इसमें युवाओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल आज सुबह काफिले के साथ लखनऊ से पार्टी कार्यालय पहुंचे। उनका जगह-जगह गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। पार्टी कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया गया। युवा कार्यकर्ताओं ने उन्हें कंधे पर बैठा लिया। युवा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर समा बांध दिया।

स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए हनी फैसल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिस सोच के साथ मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसे मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाऊंगा। युवाओं को पार्टी से जोड़कर और सभी को साथ लेकर चलते हुए एकजुटता व कड़ी मेहनत के साथ 2027 में जनपद की सभी आठों विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी का परचम लहराने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि पुराने व नए, सभी कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक है और जिम्मेदारियां बहुत हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी के साथ निभानी होगी। उन्होंने कहा कि हमें जोश के साथ-साथ, होश से भी काम लेना होगा। उन्होंने कहा कि हमें सभी चुनौतियां स्वीकार हैं। हम इन चुनौतियों का मुकाबला एकजुटता के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता परेशान है। जनता सत्ता में बदलाव चाह रही है। जनता को सपा से काफी उम्मीदें हैं।

स्वागत समारोह की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन ने की। जबकि युवा नेता सुहैल बाकर और अखलाक पप्पू ने संयुक्त रूप से किया। समारोह को संबोधित करते हुए नूरपुर के विधायक राम अवतार सिंह सैनी, विधायक तसलीम अहमद, विधायक मनोज पारस, पूर्व जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन आदि ने कहा कि नए जिला अध्यक्ष संगठन को मजबूत बनाकर 2027 में जनपद में सपा की जीत सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के फैसले का स्वागत करते हुए हनी फैसल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी को मजबूत बनाने का भरोसा भी दिलाया।

जिला अध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि उन्होंने 2002 में बिजनौर से चुनाव लड़े पार्टी प्रत्याशी हाजी तसलीम अहमद के साथ जुड़ कर राजनीतिक सफर शुरू किया था और तब से लगातार पार्टी के साथ हैं। उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के भरोसे को कभी टूटने नहीं दूंगा। कड़ी मेहनत कर युवाओं को पार्टी से जोड़ूंगा और 2027 में उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य लेकर काम करूंगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट रहकर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के मिशन को आगे बढ़ाने की अपील की।

समारोह को पूर्व मंत्री नईम उल हसन, स्वाति वीरा, राहुल सिंह, डॉ. रमेश तोमर, पूर्व मंत्री डॉ. लाखन सिंह पाल, मंदीप सिंह, प्रभा चौधरी, डॉ. शाहबाज, डॉ. कुंतेश सैनी, पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी, शेख कमरुल इस्लाम, कपिल गुर्जर, दीपक सैनी, महमूद कुरैशी, अनुज मलिक, पूर्व सांसद यशवीर धोबी, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन अमित चौहान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रफी सैफी, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल यादव, नजीबाबाद के पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खान एड., महमूद कस्सार, साहनपुर के पूर्व चेयरमैन मेराज अहमद आदि ने भी संबोधित किया।

दूसरी तरफ लखनऊ से लौटते हुए हनी फैसल के मुख्यालय पहुंचने पर नूरपुर रोड, कृष्ण कॉलेज, रामलीला चौराहा, जानी का चौराहा, विदुर कुटी रोड, शास्त्री चौक और जजी चौक पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान हनी फैसल ने सामाजिक सद्भाव की मिसाल पेश करते हुए रविदास मंदिर पहुंच कर संत गुरु रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और शास्त्री चौक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया।

इस अवसर पर विरेन्द्र सिंह चमार, सतपाल सिंह, चौधरी आदित्य वीर सिंह, अजीम जैदी, राधा सैनी, मदन सैनी, कमलेश भूय्यार, सतपाल सिंह, धनंजय यादव, जावेद अख्तर, बुनियाद अंसारी, हाजी जावेद राईन, नसीम अहमद, फुरकान खान, मोहसिन अंसारी, अय्यूब अंसारी, शहजाद अंसारी, मनोज राजपूत, राजेश गोयल, डॉ. वीरेंद्र चौधरी, वीरेंद्र प्रधान, कमलेश भूईयार, पीतांबर सैनी, सलमान कुरैशी, शादाब हैदर, विकास अहमद, दानिश अल्वी, जयप्रकाश चंदेल, राहुल इस्लाम, शेख इरशाद, नसीम प्रधान, मेहताबुद्दीन, दिलशाद अंसारी, प्रमोद प्रधान, रईस कस्सार, नवाब मंसूरी, फैजान, बीके कश्यप, तरुण लाम्बा, सरफराज सिद्दीकी, तसलीम सिद्दीकी, नफीस कस्सार, कारी जमाल नासिर, शरीफ, डॉ. लुकमान, इफ्तार प्रधान, नईम मकरानी, शाहनवाज खान, इमरान नवाज, संजय पाल, शाहरुख चौधरी, डॉ. इरफान मलिक, जीशान आलम, सिराज जैदी, आसिफ असलम, यूनुस ताऊ, मोहसिन खान, आसिफ अंसारी, राजेश गोयल, नसीम राणा, मुदित गुप्ता, मुदित त्यागी, रफीक अहमद, बहादुर अंसारी, मुस्तकीम, सभासद ठाकुर योगेंद्र सिंह, जावेद सईद, उस्मान खान, कैसर अली, सुरेंद्र वाल्मीकि, जगविंदर चौधरी, श्लोक पवार व अहमद खिजर खान आदि उपस्थिति थे।

## चौक बाजार की दुकान में पांच लाख की चोरी का खुलासा

### स्वाट टीम ने एक आरोपी को माल सहित दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** स्वाट, सर्विलांस व थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने हरिओम वैरायटी स्टोर में हुई लाखों की चोरी का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया है।

वादी शुभम अग्रवाल पुत्र हरिओम अग्रवाल निवासी मौहल्ला बालकराम ने तहरीर दी थी कि चौक बाजार स्थित उनकी दुकान से अज्ञात चोरों ने करीब चार-पांच लाख रुपए नगद, नोटों की मालाएं, कुछ आभूषण व चांदी के सिक्के चोरी कर लिए। इस पर थाना नजीबाबाद में मुक. दमा अपराध संख्या-180/2026 धारा 305(ए) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

पुलिस टीम ने प्रकाश में आए अभियुक्त मौहम्मद रफी उर्फ बब्बू पुत्र बन्ने निवासी निकट लाल मस्जिद, मौहल्ला कायस्थान, चामुण्डा रोड, थाना हसनपुर, जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 4,05,000 रुपए नगद एवं नोटों की 48 माला, जिनमें कुल 1,09,380 रुपए के नोट लगे हैं। इस प्रकार कुल 5,14,380 रुपए नगद बरामद हुए। साथ ही 15 सफेद धातु के सिक्के भी बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2)/331(4) की वृद्धि की गई। पूछताछ में अभियुक्त रफी ने बताया कि उसने अपने साथी इमामुद्दीन पुत्र शाहाबुद्दीन निवासी ग्राम गुम्मद, थाना नखासा, जनपद सम्भल के साथ मिलकर कुछ दिन पूर्व दुकान की रैकी की थी। 19 अप्रैल को दोनों नजीबाबाद आए और 19 व 20 अप्रैल की रात दुकान में घुसकर चोरी की। चोरी का सामान दोनों अपने-अपने घर ले गए। कुछ नगदी व सिक्के अभियुक्त ने साथी इमामुद्दीन को दे दिए। शेष नगदी व सिक्के रफी के कब्जे से बरामद हुए हैं। पुलिस फरार अभियुक्त इमामुद्दीन की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## मधुमक्खियों का हमला

**अफजलगढ़।** मौहल्ला गौहर अली खा निवासी नितिन बिश्नोई अगवानपुर स्थित एक विद्यालय में अपने बच्चों को छोड़ने गए थे।

बच्चों को स्कूल में छोड़ने के बाद जब वह वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में अचानक मधुमक्खियों का झुंड उनके ऊपर टूट पड़ा।

मधुमक्खियों से खुद को बचाने का प्रयास करते रहे, लेकिन झुंड ने उन्हें बुरी तरह घेर लिया और कई जगह डंक मार दिये। वहां से गुजर रहे लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया। उन्हें गंभीर हालत में पास के एक निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। मधुमक्खियों के कई डंक लगने के कारण उनकी हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें गहन निगरानी में रखा गया है।

## हादसे में मौत के बाद हाईवे पर शव को रौंदते रहे वाहन



### शव कई टुकड़ों में कटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** नेशनल हाईवे पर बस स्टैंड के पास बीती रात दिल दहला देने वाली घटना हुई।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय निवासी युवक की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। इसके बाद वह हाईवे पर पड़ा रहा। आधे घंटे तक वाहन उसके शव को रौंदते हुए गुजरते रहे। जिससे शव पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया और उसका सिर, धड़ व पैर आदि कई टुकड़ों में बट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहचान का प्रयास किया, लेकिन बुरी हालत हो जाने की वजह से शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने रात में ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आज सुबह युवक की शिनाख्त बलराज सिंह उर्फ बल्लू (33 वर्ष) पुत्र स्व. प्रेम सिंह निवासी रेहड़ के रूप में हुई। बड़े भाई खूब सिंह ने बताया कि मृतक बलराज तीन भाइयों में सबसे छोटा था। सबसे बड़ा भाई सोमपाल विवाहित है, जो अपने बच्चों सहित नोएडा में रहता है और वहीं की एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता है। बलराज और वह अविवाहित है। माता-पिता की पहले मौत हो चुकी है। दोनों भाई एक साथ ही रहते थे। रात में खाना खाकर किसी समय बलराज घर से निकल गया था। मृतक बलराज रेहड़ में स्थित एचपी गैस एजेंसी पर काम करता था। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार अपराह्न मृतक का शव घर पहुंचा। इसके बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## घायल महेश राठौर की उपचार के दौरान मौत

**नजीबाबाद।** मंडावली पुलिस को बीती रात्रि में सूचना मिली कि पूर्वी गंग नहर पटरी पर बाइक सवार युवक सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना पर भागूवाला पुलिस चौकी इंचार्ज संजय कुमार व एसएसआई योगेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे तथा गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक को समीपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान महेश राठौर उर्फ छोटू (26 वर्ष) पुत्र अमरनाथ राठौर निवासी मौहल्ला कुंवरपुर, थाना किला, जनपद बरेली के रूप में हुई। पुलिस के द्वारा मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## एक नजर

### अमरोहा में लगाई फांसी

**मंडावर।** ग्राम रतनपुर रियाय निवासी प्रवेन्द्र (30 वर्ष) पुत्र मूलचंद पिछले काफी समय से अपनी पत्नी व बच्चों के साथ अमरोहा में रहकर एमआर का काम करता था। शनिवार देर रात किसी समय उसने पंखें के कुंदे से लटक कर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इस दौरान उसकी पत्नी व बच्चे बरामदे में सोये हुए थे।

### पिंजरे में फंसा गुलदार



**बढ़ापुर।** ग्राम हमजापुर कठैर में एक सप्ताह पहले ग्रामीण प्रमोद कुमार के पालतू कुत्ते को गुलदार उठा ले गया था और दो बेसहारा पशुओं को भी मार डाला था। ग्रामीणों की शिकायत पर सामाजिक वानिकी नगीना वन रेंज कर्मियों ने 21 अप्रैल को प्रमोद के घर के पास गुलदार पकड़ने के लिए एक पिंजरा लगाया था। बीती रात पिंजरे में एक मादा गुलदार फंस गई। सुबह होने पर गुलदार को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर वन कर्मी मौके पर पहुंचे और गुलदार को कृषि विज्ञान केंद्र नगीना ले आए। वन दरोगा धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गुलदार की उम्र 4 से 5 वर्ष प्रतीत हो रही है।

## नूरपुर में हनी फैसल का स्वागत

### युवा कार्यकर्ताओं में देखा गया जबरदस्त उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** सपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल का सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।



प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह लखनऊ से बिजनौर जा रहे सपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल यहां पहुंचे, तो सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओं ने विधायक राम अवतार सिंह सैनी एवं युवा नेता दीपक सैनी के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया। युवा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। युवा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश देखा गया। पार्टी नेताओं का कहना था कि हनी फैसल के जिला अध्यक्ष बनने से युवाओं को नई ऊर्जा मिलेगी और पार्टी पहले से ज्यादा हर विधानसभा में मजबूत होगी। आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की सरकार बनेगी।

इस मौके पर सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी, डॉ. कुंतैश सैनी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दीपक सैनी, जिला पंचायत सदस्य इमरान, अबरार मलिक, सरफराज अहमद सिद्दीकी, मकसूद अहमद ठेकेदार, सुरेश कुमार प्रजापति, मास्टर रमेश सैनी, शिव कुमार यादव, सपा नगर अध्यक्ष जुल्फकार कुरैशी, विशाल यादव, विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद, खुर्शीद अकबर सिद्दीकी, डॉ. खादिम अंसारी, जिला सचिव ऐजाज अहमद अंसारी, देवेंद्र यादव, सलीम अहमद, मुस्तुफा अहमद इदरीसी, अकबर नबी इदरीसी, नवाबुद्दीन मलिक आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### विपक्ष का पुतला फूंका



**नूरपुर।** भाजपा से जुड़ी महिला नेत्रियों ने जन आक्रोश यात्रा निकाली। यात्रा में भाजपा नेत्रियों ने जमकर नारेबाजी की। संयोजिका डॉ. शिला राणा के नेतृत्व में सरस्वती शिशु मन्दिर से निकाली गई यात्रा शिव मन्दिर चौक पर पहुंची। वहां पर विपक्ष का पुतला दहन किया। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी सदस्य आलिशा हुसैन सिद्दीकी, डॉ. शिला राणा, मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, मंडल मंत्री सरोता सिसौदिया, सभासद रेनू चौहान, कमलेश प्रजापति, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार राणा, मंडल मंत्री राहुल यादव, भावना जोशी, सर्वेश त्यागी आदि उपस्थित रहीं।

### हादसे में तीन घायल



**रेहड़।** नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने घोड़ा बग्गी में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में बग्गी स्वामी व दो घोड़े घायल हो गए और बग्गी क्षतिग्रस्त हो गई। बग्गी स्वामी गुलफाम अंसारी पुत्र गफ्फार निवासी कस्बा महुआ डाबरा, थाना जसपुर बीती शाम थाना क्षेत्र के वादीगढ़ चौराहे पर एक शादी में बारात की चढ़त कराने आया था। चढ़त के बाद रात लगभग दो बजे गुलफाम अंसारी घोड़ा बग्गी लेकर वापस घर कस्बा महुआ डाबरा लौट रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर दहलावाला बस स्टैंड के पास एक तेज रफ्तार कार ने उसकी घोड़ा बग्गी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे घोड़ा बग्गी स्वामी गुलफाम अंसारी तथा उसके दो घोड़े घायल हो गए। जबकि बग्गी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। बग्गी स्वामी ने थानाध्यक्ष को अज्ञात कार चालक के विरुद्ध तहरीर दी है।

### फैसल चौधरी ने किया स्वागत




**बिजनौर।** युवा सपा नेता एवं टिक्कोपुर के प्रधान असद चौधरी मामू के पुत्र फैसल चौधरी ने अपने साथियों के साथ सपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हनी फैसल के जिला अध्यक्ष बनने से युवा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश है। उनके साथ जावेद उस्मानी, शीबू शेख, उबैद चौधरी, मौहम्मद रफी, परवेज उस्मानी, मसरूफ चौधरी भी थे।

### मंडावर में बच्ची बरामद

**मंडावर।** एक तीन साल की बच्ची खेलते हुए घर से निकल कर कस्बे के मौहल्ला मंगल बाजार पहुंच गई। बच्ची को अकेला रोते हुए देख मौहल्ले वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस बच्ची को थाने ले गई। महिला दरोगा प्रेरणा यादव ने बताया कि बच्ची अपना नाम-पता नहीं बता पाई। पुलिस द्वारा बच्ची के माता-पिता का पता लगाने के लिए उसका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। फोटो वायरल होने के बाद मौहल्ला शहविलायत निवासी आसिफ अली अपनी पत्नी के साथ थाने पहुंचे और उन्होंने बच्ची को अपनी बेटी जोहा बताते हुए कहा कि वह घर से निकल गई थी। बच्ची भी अपने माता-पिता को देख कर रोते हुए उनसे लिपट गई, जिसके बाद पुलिस ने बच्ची उसके माता-पिता को सौंप दिया।

### खरीदारी में नियमों का पालन

**बिजनौर।** समितियों द्वारा सीजन के अनुसार धान व गेहूं की खरीदारी की जाती है। बीते वर्ष सीएफसी के 13 क्रय केंद्रों पर धान की खरीदारी हुई थी। लगभग 1.60 लाख कुंतल धान खरीदा गया था। कुछ लोगों ने क्रय केंद्र प्रभारियों पर धान की खरीदारी में अनियमितता बरतने और गैर किसानों से धान खरीदने का आरोप लगाया था। पीसीएफ केंद्र शेरगढ़, सुआवाला, कादराबाद, हरेवली, शेरकोट पर विभागीय जांच की गई। जांच में पाया गया कि पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से ही धान खरीदा गया था। धान खरीदने से किसानों से अंगूठे के बायोमैट्रिक निशान लगवाने सहित अन्य क्रय नीति का पालन किया गया है। सुआवाला के क्रय केंद्र प्रभारी आशु प्रताप ने बताया कि प्रशासन की जांच से सब कुछ ठीक मिला है। अब उनकी समिति पर गेहूं की खरीदारी की जा रही है। गेहूं की खरीदारी में भी नियमों का पूरा पालन किया जा रहा है।

### बास्टा में कार में लगी आग

**बास्टा।** जिला सहकारी बैंक के सामने खड़ी वैगन आर में अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग बुझ नहीं पाई। कार रोहतक, हरियाणा निवासी जसवीर सिंह की थी। जसवीर सिंह ने धनौरा क्षेत्र के ग्राम भूतपुरा में मुर्गी फार्म खोल रखा है तथा वह किसी काम से बास्ट आए थे। वैगन आर में आग लगने का कारण पता नहीं लग सका।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर रेलवे स्टेशन पर प्रशासन सतर्क, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** होमगार्ड भर्ती परीक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में सोमवार को




जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर अभ्यर्थियों के आवागमन एवं व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें सुगम एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के आगमन को देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें।

उन्होंने रेलवे स्टेशन पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और प्रतीक्षालय की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए पुलिस बल को संवेदनशील स्थानों पर तैनात करने की बात कही।इसके अलावा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि स्टेशन के आसपास जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

अधिकारियों ने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित की जाएंगी।

# महानगर में होमगार्ड भर्ती परीक्षा सकुशल संपन्न, कड़ी सुरक्षा में 28 केंद्रों पर हुई परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में होमगार्ड भर्ती परीक्षा 25 से 27 अप्रैल तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के



बीच सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। चार दिनों तक चली इस परीक्षा का आयोजन जिले के कुल 28 परीक्षा केंद्रों पर किया गया, जहां प्रतिदिन दो शिफ्टों में अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की उपस्थिति के बावजूद प्रशासन ने सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखा।परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी गई, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई और नियमों का सख्ती से पालन कराया गया।भारी भीड़ के चलते यातायात व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। ट्रैफिक पुलिस ने शहर के प्रमुख मार्गों पर विशेष प्रबंधन किया, जिससे कहीं भी जाम या अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयासों का ही परिणाम रहा कि पूरे परीक्षा अवधि के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की शिकायत या अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह की पारदर्शी एवं सुरक्षित व्यवस्थाओं के साथ परीक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि अभ्यर्थियों का भरोसा कायम रहे।

## एक नजर

### भाजपा चंद्र नगर मंडल में 'मन की बात' कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



**मुरादाबाद।** चंद्र नगर मंडल में 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता के नेतृत्व में उत्साह और सक्रिय भागीदारी के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मंडल के सभी शक्ति केंद्र संयोजकों, बूथ अध्यक्षों, पदाधिकारियों, पार्षदों एवं विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम के दौरान सभी शक्ति केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की गईं। कार्यकर्ताओं ने आमजन को "सरल ऐप" डाउनलोड कराने में विशेष सहयोग किया, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों को और मजबूती मिली। मंडल के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता के चलते चंद्र नगर मंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुनः पहला स्थान हासिल किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महानगर महामंत्री अमित शर्मा, जिला महामंत्री विशाल त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कटघर मंडल प्रभारी मुकेश भारद्वाज तथा वरिष्ठ नेता अमर सिंह सागर मौजूद रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह एकजुट होकर संगठन के कार्यक्रमों को सफल बनाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रमोद शर्मा एवं सह संयोजक प्रकाश यादव सहित मंडल के अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को उनके सहयोग और मेहनत के लिए धन्यवाद दिया गया।

### टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 10 से 16 साल तक के सभी बच्चों का सफलता पूर्वक शत प्रतिशत टीकाकरण किया

**कुंदरकी।** इण्डियन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल ग्राम ढकिया जुम्मा में स्कूल आधारित टी.डी. टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 10 से 16 साल तक के सभी बच्चों का सफलता पूर्वक शत प्रतिशत टीकाकरण



किया गया। टीकाकरण टीम में गुलाम अहमद सी एच ओ, सोनाली ए एन एम, आशा श्रीमती आशा सिंह मौजूद रही।इस मौके पर प्रधानाचार्य मोहम्मद तय्यब अली, मैनेजर मोहम्मद इकराम अध्यक्ष हसमत अली , अरविन्द कुमार, सुरेंद्र सिंह, विपिन कुमार, शिवम्, प्रिंस कुमार गौतम, मोहम्मद अली अब्बास मासूम फात्मा, पूजा, सबा काजमी, जोया रिजवी सिफत,शिफा , आलेमीन आदि ने भी टीकाकरण में भरपूर सहयोग दिया।

### बाइक पर माइक और हूटर लगाकर युवकों का हुड़दंग, लोग परेशान

**ठाकुरद्वारा।** नगर क्षेत्र में कुछ युवकों द्वारा बाइक पर माइक और हूटर लगाकर सड़कों पर हुड़दंग मचाने का मामला सामने आया है। ये युवक तेज आवाज में "गाड़ी साइड करो" जैसे नारे लगाते हुए अशोभनीय और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, माइक और हूटर की तेज आवाज से न केवल ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा है, बल्कि अचानक तेज सायरन जैसी आवाज से राहगीर घबरा जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। खासकर भीड़भाड़ वाले इलाकों और बाजारों में इनकी गतिविधियां अधिक देखने को मिल रही हैं। नागरिकों का कहना है कि बिना अनुमति माइक और हूटर का प्रयोग नियमों के खिलाफ है। साथ ही अशब्दों का प्रयोग सामाजिक मर्यादा को ठेस पहुंचा रहा है, जिससे माहौल खराब हो रहा है और विवाद की स्थिति बन सकती है। नगरवासियों ने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि ऐसे युवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, वाहनों की जांच अभियान चलाया जाए और इस तरह की अवैध गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाई जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

### गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर युवाओं ने सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर सोमवार को देशव्यापी 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत चन्दौसी तहसील में युवाओं एवं विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। अभियान के तहत केंद्र सरकार से मांग की गई कि गौमाता को संवैधानिक रूप से 'राष्ट्रमाता' का दर्जा दिया जाए तथा पूरे देश में गौवंश हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए केंद्रीय कानून बनाया जाए। देशभर की लगभग 5400 तहसीलों में चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत चन्दौसी के युवाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए 4500 लोगों के हस्ताक्षर एकत्र कर गौरक्षा के समर्थन में ज्ञापन



सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार हैं, इसलिए उन्हें राष्ट्रमाता का सम्मान मिलना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि गौवंश संरक्षण के लिए कठोर कानून समय की मांग है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि चरणबद्ध रूप से आगे भी जारी रहेगा। अभियान की रूपरेखा के अनुसार अगला बड़ा चरण 27 जुलाई 2026 को आयोजित किया जाएगा और यह आंदोलन 15 अगस्त 2028 तक निरंतर चलता रहेगा, जब तक सरकार गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित नहीं कर देती। युवाओं ने कहा कि यह केवल धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक और राष्ट्रीय सम्मान का विषय है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुदित शर्मा, शगुन ठाकुर, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, निखिल शर्मा, शुभम अग्रवाल, रजत यादव, अजय सैनी, प्रिंस ठाकुर, प्रवेश राघव, स्वान शर्मा, यश मदन, अमन खोली, गोविंद ठाकुर, प्रखर काका, विजय अरोरा, वंश वार्ष्णेय, अंश वार्ष्णेय, अभिनव वार्ष्णेय, यश शर्मा, नॉनी प्रजापति, आशु यादव, देव कश्यप, प्रिंस शर्मा, अनमोल खटिक राणा, गौरव, कुनाल रस्तोगी, मोहित पंडित, मोहित राणा, सुमित दक्ष, मनीष ठाकुर, कुशल प्रजापति, भुवनेश प्रजापति और राजू कश्यप सहित अनेक युवाओं का सहयोग रहा। युवाओं ने कहा कि गौसंरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा और गांव-गांव, शहर-शहर समर्थन जुटाया जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की गई।

## गोमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग, ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

**ठाकुरद्वारा।** सनातन संस्कृति की ध्वजवाहक देशी गौवंश को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने और उनके संरक्षण के लिए 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत स्थानीय उपजिलाधिकारी महोदय



को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। यह ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महामहिम राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश सरकार के नाम भेजा गया है। अभियान के जिला प्रभारी साजन शर्मा (एडवोकेट) ने बताया कि ज्ञापन में तीन प्रमुख मांगें रखी गई हैं कि पूरे देश में गौवंश की हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए एक सशक्त केंद्रीय कानून बनाया जाए। गौवंश के संवर्धन और संरक्षण के लिए एक अलग गोपालन मंत्रालय स्थापित किया जाए। रासायनिक खादों के दुष्चक्र से मुक्ति के लिए गौ-आधारित प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा दिया जाए, जिससे हर नागरिक सात्विक आहार अपनाकर निरोग रह सके। प्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में मोदी सरकार ने राम मंदिर निर्माण और अनुच्छेद 370 हटाने जैसे ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि गौमाता को राष्ट्रीय सम्मान का दर्जा देकर प्रधानमंत्री इस सांस्कृतिक पुनरुत्थान महायज्ञ को पूर्णाहुति देंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला उपाध्यक्ष लक्की चौहान, नगर अध्यक्ष अर्जुन, नगर सहमंत्री हर्षित कश्यप, विशाल यादव, देवेंद्र सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में हीट वेव से निपटने की तैयारियां तेज, कोल्ड रूम और विशेष वार्ड किए गए तैयार

**मुरादाबाद।** भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जिला अस्पताल प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। मरीजों को त्वरित और बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।सीएमएस डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि हीट स्ट्रोक और गर्मी से जुड़ी बीमारियों से निपटने के लिए अस्पताल में चार बेड का एसी युक्त कोल्ड रूम तैयार किया गया है। इसके अलावा छह बेड का एक विशेष वार्ड भी बनाया गया है, जिसमें एयर कूलर की सुविधा उपलब्ध है।गंभीर मरीजों के इलाज के लिए आईसीयू में दो बेड आरक्षित रखे गए हैं। अस्पताल के सभी वार्डों में आइस पैक, ठंडे पानी और स्प्रे जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि मरीजों के शरीर का तापमान तुरंत नियंत्रित किया जा सके। प्रशासन का उद्देश्य है कि किसी भी मरीज




को इलाज के लिए इंतजार न करना पड़े। डॉ. गुप्ता ने बताया कि इन दिनों ओपीडी में रोजाना करीब 1800 से 2000 मरीज पहुंच रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या बुखार, उल्टी और दस्त से पीड़ित लोगों की है। इनमें से करीब 400 से 500 मरीज गर्मी से संबंधित समस्याओं, जैसे डिहाइड्रेशन और कमजोरी से ग्रस्त होते हैं। लगभग 60 से 70 मरीजों को भर्ती करना पड़ रहा है, जिनका इलाज ड्रिप और आवश्यक दवाओं के जरिए किया जा रहा है। राहत की बात यह है कि अभी तक कोई भी मरीज अत्यंत गंभीर स्थिति में नहीं पहुंचा है।स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए दोपहर 12 से 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है।

लोगों को अधिक पानी पीने, हल्का भोजन करने और बाहर निकलते समय सिर ढकने की हिदायत दी गई है। साथ ही खुले में बिकने वाले पेय पदार्थों से परहेज करने की अपील की गई है, ताकि संक्रमण से बचा जा सके।

# नाबालिग से दुष्कर्म व हत्या के विरोध में न्याय पार्टी का ज्ञापन, कड़ी कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** उत्तर प्रदेश के जनपद गाजीपुर के थाना करंडा क्षेत्र के ग्राम कटरिया में नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने के मामले को लेकर न्याय पार्टी ने कड़ा विरोध जताते हुए सोमवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई गई। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम कटरिया निवासी एक नाबालिग किशोरी के साथ कथित रूप से दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर शव को गंगा नदी में फेंक दिया गया।

इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे, तो कुछ दबंगों द्वारा उन पर पथराव कर दिया गया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके साथ मौजूद कार्यकर्ता भी चोटिल हुए।

ज्ञापन के माध्यम से न्याय पार्टी ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। इसके अलावा, पूर्व मंत्री पर हमला करने वाले आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने तथा संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ भी आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही गई। पार्टी नेताओं ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताते हुए इसे सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। इस दौरान जिला अध्यक्ष परमात्मा शरण शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नारी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान भगतपुर में भाजपा ने किया पुतला दहन

**ठाकुरद्वारा/भगतपुर।** नारी शक्ति के सम्मान की रक्षा और विरोधियों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ भाजपा मण्डल भगतपुर ने ग्राम चांदपुर में कांग्रेस का पुतला दहन कर कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम जिला मंत्री कशिश चौहान के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने 'नारी का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान' के नारे लगाए। भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी सदैव महिलाओं के स्वाभिमान और सुरक्षा के लिए संकल्पित रही है। उन्होंने संकल्प लिया कि हर उस मानसिकता को जलाकर राख कर दिया जाएगा जो नारी शक्ति का अनादर करती है।इस अवसर पर मण्डल प्रभारी भजन लाल पाल, मण्डल अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, मण्डल महामंत्री प्रदीप सिंह, बंटी पाल, मण्डल उपाध्यक्ष विशाल तंवर, ओवीसी मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद, युवा मोर्चा के अरुण चौधरी, बूथ अध्यक्ष अजब सिंह के अलावा अनीता देवी सहित अनेक महिलाएँ शामिल रहीं।




## मंडी समिति में लगी अचानक आग, आढ़तियों का लाखों का माल जलकर राख, मची भगदड़

**ठाकुरद्वारा ।** नगर की मंडी समिति में देर रात अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कई आढ़तियों का रखा माल जलकर पूरी तरह राख हो गया। घटना के समय मंडी में मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के आगे उनकी कोशिशें नाकाम रहीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक लाखों रुपये का नुकसान हो चुका था। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है आढ़तियों का कहना है कि मंडी में अग्निशमन के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण नुकसान ज्यादा हुआ। उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। वहीं, स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। घटना के बाद मंडी परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा और व्यापारी वर्ग में दहशत बनी हुई है।

# हिमालय की जैव विविधता बेहद समृद्ध, मानव सभ्यता की खातिर संरक्षण अनिवार्यः प्रो. एसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल यूनिवर्सिटी, उत्तराखंड के पूर्व कुलपति एवम् जाने-माने पर्यावरणविद प्रो. एसपी सिंह ने हिमालय को थर्ड पोल की संज्ञा देते हुए कहा, हिमालय केवल भारत ही नहीं, बल्कि चीन, म्यांमार और अन्य एशियाई देशों के लिए भी जल, जैव विविधता और जलवायु संतुलन का प्रमुख स्रोत है। हिमालय से निकलने वाली नदियां करोड़ों लोगों के जीवन, कृषि, पेयजल और उद्योगों को सहारा देती हैं, क्योंकि यहां ध्रुवीय क्षेत्रों के बाद सबसे अधिक बर्फ और हिम भंडार है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा, हिमालयी क्षेत्र में बर्फ पिघलना और जलवायु परिवर्तन गंभीर खतरे की घंटी है। यदि यह प्रक्रिया इसी तरह बढ़ती रही, तो सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र जैसी नदी प्रणालियों पर गहरा प्रभाव पड़ेगा, जिससे कृषि, जल सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता संकट में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि हिमालय की जैव विविधता अत्यंत समृद्ध है और इसका संरक्षण मानव सभ्यता के भविष्य के लिए अनिवार्य है। उन्होंने नदी सर्वेक्षण, कृषि उपयोग, अपशिष्ट प्रबंधन और सतत संसाधन उपयोग को भी महत्वपूर्ण बताया। कृषि क्षेत्र को समस्या का हिस्सा नहीं, बल्कि समाधान का हिस्सा बनना होगा। इसके लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण, पर्यावरणीय चेतना और सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है। प्रो. सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर की ओर से विकसित भारत 2047 के तहत सतत विकास लक्ष्यों-एसडीजीएस पर दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस के शुभारम्भ मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि प्रो. एसपी सिंह, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की के वैज्ञानिक-ई डॉ. गोपाल कृष्ण, जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, अल्मोड़ा के वैज्ञानिक-ई डॉ. केएस कानवाल, टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप



प्रज्ज्वलित करके नेशनल कॉन्फ्रेंस का शंखनाद किया। अतिथियों ने कॉन्फ्रेंस प्रोसिडिंग का विमोचन भी किया। कॉन्फ्रेंस सचिव प्रो. गणेश दत्त भट्ट और प्रो. महेश कुमार की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। संचालन असिस्टेंट डीन एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनंद ने किया। पर्यावरणविद प्रो. सिंह ने सतत विकास और हिमालयी अध्ययन के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा, आज कृषि, पर्यावरण और जल संसाधनों के सामने सबसे बड़ी चुनौती संतुलित विकास की है। सतत विकास का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि प्रकृति, संसाधनों और आने वाली पीढ़ियों के हितों को ध्यान में रखकर विकास करना है। उन्होंने कहा कि भारत की कृषि में जल संकट, मृदा क्षरण, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और कृषि अपशिष्ट का सही प्रबंधन न होना सबसे बड़ी बाधा है, इसलिए अब कृषि को अधिक टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल और संसाधन संरक्षण आधारित बनाना आवश्यक है। उन्होंने कार्बन जस्टिस की अवधारणा पर भी बल दिया, जिसका आशय है, विकास और उत्सर्जन का भार सभी पर समान रूप से पड़े और पर्यावरणीय न्याय सुनिश्चित किया जाए। सतत विकास, जल संरक्षण, जैव विविधता सुरक्षा और जलवायु न्याय के बिना विकास अधूरा है। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने इंस्टिट्यूशंस इन्नोवेशन काउंसिल- आईआईसी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, इस काउंसिल में नवाचार, उद्यमिता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने का एक सशक्त मंच है, जो उन्हें भविष्य के कृषि नवप्रवर्तक बनने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स 2023 के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, भारत ने मिलेट्स को बढ़ावा देने में वैश्विक नेतृत्व स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कृषि, पर्यावरण और समाज एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं, और सततता को केवल एक सिद्धांत नहीं, बल्कि जीवन शैली के रूप में अपनाना होगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस में डॉ. आशुतोष अवस्थी, डॉ. देवेन्द्र पाल सिंह, डॉ. चारु बिष्ट, डॉ. अमित कुमार मौर्या, डॉ. शबनम ठाकुर, डॉ. शाकुली सक्सेना, डॉ. उपासना, डॉ. नेहा, डॉ. प्रिंस साहू, डॉ. निमित कुमार, डॉ. ब्रजपाल रजाबत, डॉ. आयुष मिश्रा, डॉ. सुषमा सिंह, डॉ. जेम्स सिंह, डॉ. इशिता, डॉ. अनुप्रिया, डॉ. अनिल कुमार सिंह के संग-संग बीएससी और एमएससी एग्रीकल्चर के स्टुडेंट्स मौजूद रहे।

## एक नजर

### सीएम योगी के दौरे को लेकर बैठक



**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर द्वारा अपने कार्यालय में सीएम योगी के 02 मई को बिजनौर के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। डीएम जसजीत कौर ने सीडीओ को निर्देशित किया कि शिलान्यास एवं लोकार्पण होने वाली परियोजनाओं की सूची बना लें और उसके लिए किसी नोडल अधिकारियों को नामित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि महत्वपूर्ण विभिन्न कार्यों के लिए भी नोडल अधिकारियों को नामित किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि सभी कार्य सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकें। उन्होंने कृषि उपनिदेशक को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर ऑर्गेनिक उत्पाद, फूल एवं सब्जियों के स्टाल की व्यवस्था और कृषि से संबंधित योजनाओं के लाभार्थियों को कार्यक्रम स्थल पर लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त उद्योग सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भी स्टॉल लगाने एवं मुख्य मंत्री द्वारा लाभान्वित होने वाले लाभार्थियों को भी कार्यक्रम स्थल पर लाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण गंभीरता एवं सजगता पूर्वक निर्वहन करना सुनिश्चित करें, जिससे सभी कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सकें। बैठक में सीडीओ रणविजय सिंह, उप कृषि निदेशक डा. घनश्याम सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर भारती, डीसी एनआरएलएम योगेंद्र यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### हिंदू सुरक्षा सेवा संघ ने ज्ञापन सौंपा



**धामपुर।** हिंदू सुरक्षा सेवा संघ द्वारा गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम स्मृति मिश्रा को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में गौ माता को संरक्षण सुरक्षा सम्मान एवं राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग करी गई है। ज्ञापन देने वालों में मनोज चौहान, टीकम सिंह फौजी, पुनीत कुमार, ललित कुमार, अंकित कुमार, शेर सिंह, सोनू, वैभव सिसोदिया, चेतन चौहान, राहुल चौहान आदि शामिल रहे।

### उत्तराखंड संघर्ष समिति की बैठक



**अफजलगढ़।** उत्तराखंड संघर्ष समिति की बैठक कादराबाद स्थित भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्तराखंड सीमावर्ती संघर्ष समिति के संस्थापक व अध्यक्ष मनमोहन दूधपुरी ने की। बैठक में वरिष्ठजनों ने अपनी पुरानी मांग को लेकर एक बार फिर से एकजुटता का परिचय दिया। अध्यक्ष मनमोहन दूधपुरी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य को बने 26 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अभी तक राज्य के 13 जनपदों का सीमांकन पूर्ण रूप से नहीं हो पाया है। उन्होंने उत्तराखंड राज्य के सीमावर्ती 125 ग्राम पंचायत के लगभग 285 गांव को उत्तराखंड में शामिल किए जाने की मांग की। इन गांव में लगभग 50% लोग उत्तराखंड मूल के हैं। जिनका सीधा संबंध उत्तराखंड से है। इस कारण उन्हें दैनिक कार्यों में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उत्तराखंड सीमावर्ती संघर्ष समिति को पुर्नजागृत करने तथा समिति में युवा शक्ति को जोड़कर अपनी पुरानी मांगों को लेकर नया संघर्ष शुरू करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। बैठक में भूतपूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बिष्ट, पूरन सिंह असवाल, आनंद सिंह रावत, अनिल नेगी, जगमोहन सिंह नेगी, उपेंद्र डोबरियाल, सुनील धस्माना, सुनील काला आदि मौजूद रहे।

### पालिका बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पास



**स्योहारा।** नगर पालिका बोर्ड की बैठक में आठ प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए। इसके अलावा विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। चेयरमैन फैसल वारसी की अध्यक्षता एवं ईओ विजेंद्र सिंह पाल उपस्थिति में बोर्ड की बैठक में आठ प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिन्हें सभी सभासदों की सहमति से पारित कर दिया गया। इनमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के वास्तविक बजट तथा वर्ष 2026-27 के अनुमानित बजट को स्वीकृति प्रदान करना प्रमुख रहा। राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत नालों व चैनलों की मरम्मत कार्य, जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने तथा नए निर्माण कार्य कराने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में पेयजल व्यवस्था सुधार के तहत पाइप लाइन दुरुस्तीकरण, ट्यूबवेल एवं ओवरहेड टैंकों की मरम्मत कराने पर सहमति बनी। बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए 500 नई एलईडी लाइटें क्रय करने तथा आवश्यकता अनुसार हाईमास्ट पोल लगाए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। तालाबों की साफ-सफाई डी-पार्टिंग, डी-सिल्टिंग एवं सौंदर्यीकरण कार्य कराने के साथ गंदे पानी के शोधन हेतु एसटीपी प्लांट स्थापित करने पर भी विचार किया गया। वहीं सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए डबल बैरल फॉगिंग मशीन खरीदने तथा भवन मानचित्रों की स्वीकृति से जुड़े प्रस्तावों को भी मंजूरी प्रदान की गई। बोर्ड द्वारा पारित सभी प्रस्तावों पर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए। जिससे नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। बैठक में लेखा लिपिक देवेंद्र सिंह सहित समस्त सभासद एवं नामित सदस्य उपस्थित रहे।

# स्वागत समारोह में धामपुर से पहुंचा काफिला

## ठाकुर अमित चौहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बिजनौर पहुंचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल के स्वागत में बिजनौर में आयोजित कार्यक्रम में धामपुर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर नव-नियुक्त जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया और पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया।

धामपुर से कार्यकर्ताओं का नेतृत्व ठाकुर अमित चौहान (पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, बिजनौर) ने किया। उनके साथ नसीम राणा, जावेद सईद, नाजिम अहमद, बहादुर सिंह, नवनीत राणा, रविंद्र राजपूत, विनोद राजपूत, हाजी कलाम अंसारी, अरमान अली, डा. गुरमीत सिंह जुनेजा, धर्मवीर जोशी, सलाउद्दीन, मौहम्मद इस्लाम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बिजनौर पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर हनी फैसल का स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों ने संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर मजबूती और आगामी चुनावों की रणनीति पर भी चर्चा की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नए जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी को मजबूती मिलेगी तथा जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। कार्यक्रम में जनपद से कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति देखने को मिली, जिससे पार्टी में उत्साह का माहौल नजर आया।

# डायरिया से मासूम की मौत गांव में कई बच्चे बीमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम पैजनियां में डायरिया और बुखार के प्रकोप से 15 माह की मासूम बालिका की मौत हो गई। जबकि गांव के कई अन्य बच्चे भी बीमारी की चपेट में बताए जा रहे हैं। घटना के बाद गांव में दहशत और शोक का माहौल है।



गांव निवासी फरमान के अनुसार उनकी 15 माह की पुत्री नव्या पिछले तीन दिनों से डायरिया से पीड़ित थी। उसका चांदपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था, जहां आज उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

ग्रामीणों के मुताबिक गांव में अन्य कई बच्चे भी बुखार और डायरिया जैसी बीमारियों से ग्रसित हैं। इनमें माधव (डेढ़ वर्ष), आयरा (3 वर्ष), गौरांश (9 वर्ष), यश (11 वर्ष) और आर्यन (10 वर्ष) सहित दर्जनों बच्चे शामिल हैं, जिनका आसपास के निजी अस्पतालों में उपचार कराया जा रहा है। उधर नूरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा. अजय गंधर्व ने मामले की जानकारी होने से इनकार किया है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से गांव में चिकित्सा टीम भेजकर जांच और आवश्यक उपचार की मांग की है, ताकि बीमारी के फैलाव पर जल्द काबू पाया जा सके।

# कुत्तों के हमले में नोडी घायल



**हल्दौर।** ग्राम गोवर्धनपुर नंगली के जंगल में आवारा कुत्तों के हमले में एक मादा नोड़ी गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह कुत्तों से उसे बचाया और तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन ग्रामीणों ने टीम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि मौके पर पहुंचे वन रक्षक मनोज कुमार नशे की हालत में थे। टीम के अन्य सदस्य राजेंद्र सिंह व बिरजू आदि ने घायल नोडी के पैर रस्सी से बांध दिए, लेकिन इसके बावजूद वह उनके चंगुल से छूटकर भाग गई। बताया जा रहा है कि वह पहले से ही कई जगह से घायल थी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते उचित उपचार और सावधानी बरती जाती, तो नोडी को सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सकता था। वन विभाग की कथित लापरवाही को लेकर गांव में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत विभाग के उच्च अधिकारियों से करने की बात कही है और जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# पुष्प निकेतन में जिला स्तरीय सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** धामपुर शुगर मिल परिसर स्थित पुष्प निकेतन स्कूल में 24 एवं 25 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय किशोर शिखर सम्मेलन अभिव्यक्ति में एम के डी अग्रिम अकेडमी नहटौर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विशेष पहचान बनाई।



प्राप्त समाचार के अनुसार युवा महोत्सव में जनपद के वालिया ग्लोबल एकेडमी, एजुक. ेल स्कूल, सेंट मेरी, सिमरा इंटरनेशनल, मधुर मेमोरियल, आरआर नूरपुर, शिखर शिशु सदन, प्रियंका मॉडर्न धामपुर, भारत स्वरूप एकेडमी, एमकेडी एग्रिम एकेडमी, दुर्गा पब्लिक स्कूल, होली एंजेल एकेडमी और आरआर मोरारका नजीबाबाद के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। एमकेडी एग्रिम एकेडमी के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के अंतर्गत एमकेडी एग्रिम एकेडमी के छात्र मानव ठाकरण ने जीके क्विज में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम जनपद में रोशन किया। इसके साथ ही विद्यालय के छात्र शौर्य ने नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान हासिल कर अपनी रचनात्मक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विजेता विद्यार्थियों को मनीष त्यागी (सीओई देहरादून), आशीष शर्मा (यूनिट हेड, धामपुर शुगर मिल) एवं विद्यालय प्रबंधक विजय गुप्ता तथा द्वारा पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई।

अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने एमकेडी एग्रिम एकेडमी के विद्यार्थियों के प्रदर्शन की विशेष प्रशंसा की।

विद्यालय के प्रबंधक अंकित अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य तृप्ति अग्रवाल ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि एमकेडी एग्रिम एकेडमी निरंतर शिक्षा के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है। इस प्रकार, एमकेडी एग्रिम एकेडमी ने अभिव्यक्ति 2026 में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए एक बार फिर जनपद में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की।

# जल जीवन मिशन का कार्य लगभग पूर्ण

## डीएम जसजीत कौर ने दिए प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर द्वारा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित जल जीवन मिशन (हर घर जल) योजना के कार्यों को धरातल पर समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के लिए, विगत दिवस विभिन्न पीएम जनमन (PM JANMAN) और उत्तराखंड राज्य की सीमा से लगे ग्रामों में ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति प्रदान किए जाने के लिए निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुकी पेयजल परियोजनाओं का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा के अंतर्गत पूरा करने के लिए कड़े निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान डीएम द्वारा पीएम जनमन एवं बार्डर ग्रामों के अन्तर्गत जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड नजीबाबाद में मै. विंध्या टेलीलिंक्स लि. के द्वारा निर्माणाधीन मोटा ढाक एवं कौड़िया पाइप पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि ग्राम मोटा ढाक एवं कौड़िया में पेयजल आपूर्ति की जा रही है एवं अवशेष कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त डीएम द्वारा विकास खंड कोतवाली में मै. विंध्या टेलीलिंक्स लि. द्वारा निर्माणाधीन तेलीपाड़ा पेयजल योजना एवं मै. एलसी इंफ्रा प्रो.प्रा.लि. द्वारा निर्माणाधीन जहांनाबाद पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। ग्राम तेलीपाड़ा में योजना में ग्राम प्रधान द्वारा उचित क्षमता की मोटर न होने के कारण पर्याप्त जलापूर्ति न होने के सम्बंध में अवगत कराया गया। जिसके सम्बंध में उनके द्वारा सम्बंधित कार्यदायी संस्था को तत्काल उक्त प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही कर जलापूर्ति सुचारु किए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान ग्राम जहांनाबाद में जलापूर्ति सुचारु पाई गई एवं पेयजल योजनाओं के अवशेष कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिला बिजनौर में जल जीवन मिशन का कार्य तीव्र गति से पूर्णता की ओर अग्रसर है। जनपद में ट्यूबवैल और पंप हाउस निर्माण का कार्य 99 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन (FHTC) प्रदान करने में जनपद ने लगभग 98.38 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की है। जनपद के अधिकांश ग्रामों में डायरेक्ट पम्पिंग/अवर जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। डीएम ने निरीक्षण के अंत में अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन योजनाओं में अवर जलाशय, रोड रेस्टोरेशन, डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क या कैंपस डेवलपमेंट अथवा जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने का कार्य शेष है उसे तत्काल प्रभाव से गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेयजल की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी औचक निरीक्षण की यह प्रक्रिया जारी रहेगी। इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह, एसडीएम नगीना एवं नजीबाबाद, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, कार्यदाई संस्था के अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### एमएससी तृतीय सेमेस्टर में शालिनी प्रथम



**बिजनौर।** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज एमएससी जन्तु विज्ञान (मत्स्य एवं मत्स्यिकी विज्ञान) के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जन्तु विज्ञान की विभागाध्यक्षा डा. शोमा सिंह ने बताया कि एमएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा शालिनी रानी ने 80.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, सोफिया परवीन ने 80.3 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व शाजिया परवीन ने 78.3 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृष्णा कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि एमएससी मत्स्य एवं मत्स्यिकी विज्ञान दो वर्षीय पोस्टग्रेजुएट कोर्स है, जिसमें मछली पालन, एक्वाकल्चर, जल गुणवत्ता प्रबंधन और जलीय संसाधानों के संरक्षण का अधययन कराया जाता है। इस कोर्स में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ लैब, हैचरी और फील्ड में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी दी जाती है, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव मिलता है। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभाग की प्रवक्ता अदीबा शारिक, सलोनी चौधरी, मीतू राजपूत ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गौ सम्मान आह्वान अभियान



**धामपुर।** गौ सम्मान आह्वान अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत यात्रा निकाली गई। देश में प्रत्येक तहसील पर गौ सम्मान आह्वान अभियान कार्यक्रम के तहत एसडीएम कार्यालय पर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सीओ अभय कुमार पांडे एवं तहसीलदार धनराज कुमार को दिया गया। इस मौके पर गौरी गौशाला आश्रम से गौ सेवकों, गौ भक्तों, गौ रक्षकों ने एकत्रित होकर भजन-कीर्तन, गौ माता के जैकारों के साथ ढोल-नगाड़े बजाते हुए नगर के मुख्य बाजार होते हुए धामपुर तहसील तक यात्रा निकाली। यात्रा का शुभारंभ श्रीश्री 108 महामंडलेश्वर आचार्य डा.दिनेश चंद्र भारद्वाज, डा. आदित्य अग्रवाल, राजीव त्यागी ने संयुक्त रुप से नारियल तोड़कर एवं गौ पूजन करके कराया। नगर के मुख्य मार्ग खारी कुंआ भगत सिंह चौक मंडी जैतरा फाटक होते हुए एसडीएम कोर्ट यात्रा पहुंची। यात्रा का नगर में स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा कर मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया। यात्रा एवं ज्ञापन देने वालों में श्रीश्री 108 महामंडलेश्वर आचार्य डा.दिनेश चंद्र भारद्वाज, डा. आदित्य अग्रवाल, राजीव त्यागी, गौतम गिरि, अनुज चौधरी, लक्ष्य छाबड़ा, डा. सुरेंद्र कुमार, परवेंद्र सिंह, अनिल कश्यप, निखिल अरोड़ा, सुनील कुमार, निकुंज शर्मा, शौर्य अत्रि, उर्मिला शर्मा, कविता भारद्वाज, मनु चौहान, मुन्नी सैनी, प्रीति शर्मा, सोनम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### आरएसएम में वित्तीय सेमिनार



**धामपुर।** आरएसएमपीजी कॉलेज में 'मिशन शक्ति 5.0' के तहत आर्थिक स्वावलंबन एवं वित्तीय साक्षरता विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डा. रश्मि रावल शर्मा ने की। इस मौके पर प्राचार्या ने कहा कि नारी सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ तभी पूरा होता है, जब महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने छात्राओं को बैंकिंग सेवाओं से जुड़ने, बचत की आदत विकसित करने और साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। सेमिनार का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी (छात्र इकाई) डा. सुमेधा चौहान ने किया। उन्होंने छात्राओं को डिजिटल बैंकिंग, सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन, यूपीआई के उपयोग और विभिन्न सरकारी बचत योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय साक्षरता प्रत्येक व्यक्ति, विशेषकर छात्राओं के लिए अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे अपने भविष्य के आर्थिक निर्णय स्वयं ले सकें। बताया गया कि 'मिशन शक्ति 5.0' का यह चरण प्रदेश में 19 मार्च से संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों, छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता की। अंत में सभी उपस्थित छात्राओं को मिशन शक्ति की शपथ दिलाई गई और उन्हें जागरूक नागरिक बनने का संकल्प कराया गया।

### स्ट्रीट वेंडर्स ऋण सुविधा का लाभ उठाएं

**बिजनौर।** एसडीएम/ परियोजना अधिकारी डूडा वंदना कुशवाहा ने बताया कि सरकार द्वारा 01 जून, 2020 से प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना जनपद की समस्त स्थानीय निकाय एवं 07 चयनित सेन्सस टाउन (1.- रशीदपुर, गढ़ी-ब्लाक मौहम्मदपुर देवमल, 2. कोतवाली- ब्लाक कोतवाली, तातारपुर लल्लू-ब्लाक नजीबाबाद, अल्हैपुर, हुसैनपुर ब्लाक धामपुर, सदररूद्दीन नगर-ब्लाक नहटौर व बास्टा- ब्लाक जलीलपुर) में संचा. लित की जा रही हैं, जिसके अंतर्गत रेहड़ी/ पटरी विक्रेताओं को सूक्ष्म ऋण प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत तीन चरणों प्रथम ऋण (रु. 15,000/-), द्वितीय ऋण (रु. 25,000/-) तथा तृतीय ऋण (रु. 50,000/-) में बैंकों के माध्यम से ऋण दिया जाता है। उन्होंने बताया कि ऋण आवेदन पत्र ऑनलाइन कराने के लिए आवश्यक अभिलेखों के अंतर्गत आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम न हो, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर, बैंक की पास बुक, वेंडर्स का चालू मोबाइल नम्बर अनिवार्य है। मार्जिन मनी कोई नहीं। उन्होंने यह भी बताया कि आवेदन सम्बंधित नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत/सेन्सस टाउन के कार्यालय में निःशुल्क किया जा सकता है। ऋण प्राप्त पथ विक्रेताओं को केंद्रीय सरकार की आठ योजनाओं, जिनमें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, रजिस्ट्रेशन अण्डर बीओसीडब्लू, प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा वन नेशन वन राशन कार्ड योजना से भी निःशुल्क लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम निकाय कार्यालय/खंड विकास अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क करें।

# संदिग्ध अवस्था में फांसी पर झूलता मिला किशोरी का शव

## पड़ौसी से विवाद के बाद मौत, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक राजमिस्त्री की 14 वर्षीय बेटी का शव घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया, जबकि मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

घटना थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां रहने वाला एक व्यक्ति पेशे से राजमिस्त्री है। मूलरूप से यह परिवार बिजनौर जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है तथा गांव में किराए के मकान में रहता है। राजमिस्त्री के परिवार में पत्नी, दो बेटे व तीसरे नंबर की सबसे छोटी 14 वर्षीय बेटी थी। सोमवार सुबह को किसी बात को लेकर पड़ोसी से इस परिवार का विवाद हो गया था। विवाद शांत होने पर सभी अपने-अपने काम पर चले गए। घर में सिर्फ राजमिस्त्री की 14 वर्षीय बेटी अकेली थी। थोड़ी देर बाद घर के कमरे में उसका शव फंदे पर लटका हुआ मिला। बेटी का शव मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई, शव को नीचे उतारा गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वहीं, चर्चा है कि किशोरी बिना बताए पड़ोसी के घर चली गई थी, जिसे लेकर परिजनों ने एतराज जताया था। दोनों परिवारों के बीच विवाद भी हुआ था। इसके बाद संदिग्ध हालत में किशोरी की मौत हो गई।

# लखनऊ कोचिंग को गये युवक की संदिग्ध मौत

## एकेडमी में ऐन्ट्री के लिए डेढ़ लाख मांगे थे, परिजनों ने 80 हजार देकर भेजा था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** नौगावां सादात क्षेत्र के एक युवक की लखनऊ में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। क्रिकेट कोचिंग के लिए गए युवक का शव केजीएमयू अस्पताल की मोर्चरी में मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने जहर देकर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे शव का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। परिजनों ने लखनऊ लेकर जाने वाले व्यक्ति व उसके साथियों के खिलाफ थाना नौगावां सादात में तहरीर दी है।



नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव हादीपुर कलां निवासी विनोद कुमार द्वारा पुलिस से की गई शिकायत के मुताबिक उनका बेटा नितिन कुमार क्रिकेट का खिलाड़ी था। खेलते हुए देखने पर रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने विनोद कुमार से कहा कि नितिन क्रिकेट में अपना कैरियर बना सकता है, बशर्ते कि उसे ठीकठाक कोचिंग मिल जाए। ग्रामीणों द्वारा बताए जाने पर उन्होंने मंडी धनौरा क्षेत्र निवासी महेश से संपर्क किया। महेश ने बताया कि उसकी लखनऊ में अच्छी जान-पहचान है, वह नितिन की

**■ धनौरा के महेश समेत तीन युवकों पर जहर देकर हत्या का आरोप**

किसी बड़ी क्रिकेट अकादमी में एंट्री करा देगा लेकिन इसमें लगभग 1.50 लाख का खर्च आ जाएगा। बातचीत होने के बाद बीती 20 अप्रैल की शाम में महेश, अपने तीन अज्ञात साथियों को लेकर किसान विनोद कुमार के घर पहुंच गया। जहां विनोद कुमार ने पत्नी योगेश देवी और ग्रामीण संजय कुमार की मौजूदगी में महेश कुमार को 80 हजार रुपये दे दिए और बाकी पैसा जल्दी देने का वादा कर लिया। इसके बाद ये लोग नितिन को लेकर लखनऊ चले गए। लखनऊ पहुंचने के बाद 21 अप्रैल को नितिन ने परिजनों से बात की, उसने बताया कि वह ठीक है परंतु 22 अप्रैल की दोपहर में करीब एक बजे महेश कुमार ने फोन कर बताया कि नितिन की तबियत खराब हो गई है, लिहाजा जितना जल्दी हो सके लखनऊ आ जाओ, ये सुनकर जब किसान विनोद कुमार और परिजन लखनऊ पहुंचे तो वहां केजीएमयू हॉस्पिटल में नितिन उन्हें मृत मिला। बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि युवक के परिजनों ने जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# छोटी सी बात पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## लाठी-डंडों से किया प्रहार, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** क्षेत्र में फरीदी मस्जिद के पास दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी अचानक हिंसक झड़प में बदल गई। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले और मारपीट हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी है।

अमरोहा के नौगावा सादात थाना क्षेत्र में फरीदी मस्जिद के पास दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान जमकर मारपीट हुई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जानक. ारी के अनुसार, यह घटना कस्बे में हुई। शुरुआती विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया, जिसमें दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला करते और धक्का-मुक्की करते नजर आए। घटनास्थल पर मौजूद कुछ लोगों ने इस पूरी वारदात को अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय पुलिस हरकत में आई और तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर घटना में शामिल लोगों की पहचान शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इलाके में स्थिति सामान्य है।

# 18.40 लाख रूपये उधार लेकर मुकर गये आरोपी

## वापस मांगने पर की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रजबपुर।** किसान से 18.40 लाख रुपये उधार लेकर वापस न करने और पैसे मांगने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने विकासपुरी निवासी तीन नामजद आरोपियों समेत दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के मुताबिक रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव कलाली में किसान सोनू कुमार का परिवार रहता है। उनकी दिल्ली के विकासपुरी निवासी हिमांशु, अमरीक सिंह व नरेश चावला से जान-पहचान थी। आरोप है कि मई 2025 में तीनों लोगों ने सोनू से कारोबार में पैसे लगाने के लिए 18.40 लाख रुपये उधार लिए थे। सोनू कुमार ने धनराशि तीनों के खातों में ट्रांसफर की थी। जल्दी ही पैसे लौटाने का वादा किया था लेकिन एक साल गुजरने के बाद भी तीनों ने पैसे वापस नहीं किए। एक मार्च 2026 को तीनों लोगों ने फोन कर सोनू व उसकी पत्नी पिंकी को नारंगपुर में हाईवे पर पैसे देने के बहाने से बुला लिया। उनके साथ दो अज्ञात लोग भी थे, जिन्हें सोनू कुमार जानते नहीं थे। आरोप है कि पांचों ने मारपीट की तथा दोबारा पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर डिडौली पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो उन्होंने कोर्ट की शरण ली थी। सीओ सदर अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में कोर्ट के आदेश पर दिल्ली के विकासपुरी निवासी हिमांशु, अमरीक सिंह व नरेश चावला को नामजद करते हुए दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# अन्तिम दिन 1773 ने छोड़ी होमगार्ड परीक्षा

## दस परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** होमगार्ड परीक्षा के तीसरे दिन 1773 अभ्यर्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। नगर के दस परीक्षा केन्द्रों पर होमगार्ड परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई।

तीन दिनों तक चली होमागर्ड परीक्षा का आज समापन हो गया। अन्तिम तिथि पहली पाली में पंजीकृत 4704 अभ्यर्थियों में से 3802 ने परीक्षा दी जबकि 902 अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। वहीं दूसरी पाली में पजींकृत 4704 अभ्यर्थियों में 871 परीक्षा देने नहीं पहुंचे। जबकि 3833 परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा के लिए नगर में दस परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। जिनमें एकेके इंटर कालेज, आईएम इंटर कालेज, जेएस इंटर कालेज, जेएस डिग्री कालेज, कुंदन मांडल इंटर कालेज, जीआईसी, जीजीआईसी, सिख इंटर कालेज नां. रगपुर व भगवत सरन इंटर कालेज जोया को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। परीक्षा तीनों दिन सफलतापूर्वक व नकलविहिन सम्पन्न करायी गयी।



अभ्यर्थियों को गेट पर तलाशी के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा केन्द्र के बाहर परीक्षार्थियों की लम्बी लम्बी लाइने लगी रहीं। सुबह दस बजे से पहली पाली शुरू हुई जबकि अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग समय प्रातः आठ बजे रखा गया है। जिस कारण बड़ी संख्या में अभ्यर्थी समय से पूर्व ही परीक्षा केन्द्र पहुंच गये। परीक्षा को नकलविहिन सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक केन्द्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं। जबकि परीक्षा केन्द्र के आसपास साइबर कैफे व फोटोकापी की दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा जाम से निपटने के लिए बड़े वाहनों की नो ऐन्ट्री रखी गयी है। किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या संदिग्ध सामग्री को पूरी तरह प्रतिबंधित रखा गया। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से हर गतिविधि पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसके अलावा प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे।

## जाम में फंसने से लोगों का हुआ बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** होमगार्ड परीक्षा के आखिरी दिन फ्लाई ओवर से बिजनौर रोड तक जाम में वाहनों के पहिए थमे रहे। भीषण गर्मी में जाम मे फंसने से लोग पसीने मे तरबतर हो गए। वाहनों की लंबी लंबी लाइने लग गई जिससे निकलने में लोगों को काफी समय लगा। पुलिस व ट्रैफिक पुलिस ने किसी तरह जाम को कंट्रोल कर राहगीरों को को मंजिल तक पहुंचने के लिए रास्ता खुलवाया।

शहर में दस परीक्षा केंद्रों पर तीन दिन होमगार्ड परीक्षा सम्पन्न हुई। रामपुर,चंदौसी,बहजोई समेत दूर दूर शहरों से परीक्षा में सम्मिलित होने हजारों अभ्यर्थियों अमरोहा में बने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। परीक्षा देने वाले अभ्यार्थियों को किसी तरह की परेशानी से दो चार न होना पड़े और जाम मे फंसकर उनको समय बर्बाद न हो। इसको लेकर रूट डाइवर्जन का खाका तैयार किया गया था और बड़े वाहनों के प्रवेश पर परीक्षा के समय पाबंदी लगाई



गई थी। परंतु परीक्षा के तीनों दिन शहर जाम की गिरफ्त से नहीं निकल सका।तीनों दिन स्टेशन रोड, टीपी चौराहा, बिजनौर रोड, फ्लाई ओवर की सड़के जाम के झंझाल में घिरी रही। इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है और लोगों गर्मी से बेहाल है। सोमवार को होमगार्ड परीक्षा का आखिरी दिन दिन भी जैसे ही दोनों पालियों की परीक्षा छूटी तो स्टेशन रोड, फ्लाईओवर, टीपी चौराहा, बिजनौर रोड पर वाहन रेंग रेंग कर चलने लगे। किसी तरह यातायात पुलिस ने जाम खुलवाया तब कही जाकर लोग अपनी मंजिल की तरफ रवाना हुए। दरअसल शहर के मुख्य चौराहों और बाजारों में जाम लगना अब आम बात हो गई है। किस रोड पर वाहनों के पहिए कब थम जाए कुछ कहा नहीं जा सकता।

# होमगार्ड परीक्षा देकर लौट रही युवती से दरिंदगी

## युवकों ने बाइक पर बैठाकर की अश्लीलता, विरोध पर पिटाई कर चलती बाइक से फेंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** होमगार्ड का पेपर देकर लौट रही युवती से बाइक सवारों ने सरेराह दरिंदगी की है। परीक्षा देकर लौट रही छात्रा को हैवानों ने बाइक पर से बैठाकर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर जमकर पिटाई कर खून से लथपथ के दिया।

रक्षक बनने निकली थी बेटी, भक्षकों ने नोच डाला। सावधान अगर आपकी बहन-बेटी घर से बाहर निकल रही है। तो यह खबर आपकी रूह कंपा देगी। नगर के एक मोहल्ले की बेटी के साथ हुई शर्मनाक घटना हुई है। मानवता को शर्मसार करने वाली एक ऐसी घटना सामने आई है। जिसने कानून व्यवस्था के दावों की धज्जियां उड़ा दी हैं। नगर के मोहल्ला निवासी युवती होमगार्ड का पेपर देने के लिए गई थी। रोडवेज बस से युवती पेपर देकर बीती शाम घर लौट रही थी।

**■ पुलिस ने युवती को मेडिकल परीक्षण के लिएभेजा**

जोया से 2 युवक रोडवेज बस में चढ़ गये। एक मासूम युवती, जो आंखों में वर्दी का सपना लिए होमगार्ड की परीक्षा देकर लौट रही थी। वह दरिंदों के जाल में फंस गई। शातिर बदमाशों ने उसे मीठी बातों के जाल में फंसाकर रोडवेज बस से उतरने पर मजबूर किया। युवती को क्या पता था कि बस से उतरना उसके लिए काल के मुंह में जाने जैसा होगा। जैसे ही युवती उनकी बाइक पर बैठी, बदमाशों ने अपना असली रंग दिखाना शुरू कर दिया। सुनसान रास्ते का फायदा उठाकर दरिंदों ने चलती बाइक पर युवती के साथ अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब उस निडर बेटी ने अपनी अस्मत बचाने के लिए विरोध किया, तो हैवानियत की सारी हदें पार हो गईं। विरोध करने पर उन जालिमों ने युवती को चलती बाइक पर ही लात-घूसों से जमकर पीटा और सड़क पर फेंक दिया। युवती लहूलुहान होकर तड़पती रही, लेकिन उन पत्थर दिल शिक. ारियों को तरस नहीं आया। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आनन-फानन में तहरीर लेकर युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

# तेज रफ्तार बाइक ने अधेड़ को टक्कर मारी, मौत

## घर के बाहर टहलते समय हुआ हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** घर के बाहर सड़क पर टहल रहे अधेड़ को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों मे कोहराम मच गया।पोस्टमार्टम के बाद मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। रविवार रात यह हादसा अमरोहा देहात क्षेत्र में जोया मार्ग स्थित मोहल्ला बदावाला में हुआ। यहां पर रविंद्र सिंह 55 का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे एक बेटी है। वह रात लगभग आठ बजे खाना खाकर घर के बाहर सड़क पर टहल रहे थे। उसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में रवींद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। रवींद्र की मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया।पोस्टमार्टम के बाद मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। सीओ अवधभान सिंह ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई की बात कही।

# ग्राहक बनकर आये, कुंडल लेकर हुए चम्पत



## दिनदहाड़े ज्वैलर्स की दुकान पर टप्पेबाजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैदनगली।** थाना क्षेत्र में एक ज्वैलरी की दुकान पर ग्राहक बनकर आए एक युवक और महिला ने चालाकी से सोने का कुंडल पार कर दिया। पीड़ित दुकानदार ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और सामान बरामदगी की मांग की है। नगर पंचायत के मोहल्ला महल निवासी जफर पुत्र ओन मोहम्मद की सैदनगली में ज्वैलर्स की दुकान है। पीड़ित के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 2:20 बजे एक युवक, जिसने पीली टी-शर्ट पहनी थी, एक महिला के साथ दुकान पर आया। दोनों ने जेवर खरीदने की बात कहकर गहने दिखाने को कहा। जब दुकानदार ने उन्हें सोने के कुंडल दिखाए, तो युवक ने मौका पाकर एक कुंडल अपनी महिला साथी को थमा दिया। इससे पहले कि दुकानदार कुछ समझ पाता, दोनों शातिर वहां से चकमा देकर फरार हो गए।घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात महिला-पुरुष की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे । सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। दिनदहाड़े हुई इस टप्पेबाजी से क्षेत्र के व्यापारियों में असुरक्षा का माहौल है। नगर पंचायत के लोगों का कहना है कि पुलिस इससे पूर्वी हुई चोरियों का खुलासा नहीं कर सकी है इससे व्यापारियों में भी काफी रोष व्याप्त है। जब इस बारे में थाना अध्यक्ष विकास सहरावत से बात की तो उन्होंने बताया। मामला संज्ञान में है अज्ञात के खिलाफ तहरीर प्राप्त हुई है जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सरकारी धन के दुरूपयोग का आरोप

## सभासदों ने डीएम से शिकायत कर जांच की मांग की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सभासदों ने बछरायूं नगर पालिका पर गंभीर आरोप लगाते हें। जिसमें पहले से पूर्ण हो चुके कार्यों के लिए दोबारा निविदा (टेंडर) जारी किए जाने का आरोप लगाया गया है। उन्होने डीएम को शिकायती पत्र देकर जांच कराने की मांग की है।

शिकायत में आरोप है कि नगर पालिका परिषद द्वारा जारी निविदा पर दर्शाया गया कार्य स्वच्छ भारत मिश के अंतर्गत पहले ही पूर्ण किया जा चुका था। इसके बावजूद उसी कार्य के लिए पुनः निविदा आमंत्रित की गई, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितता की आशंका जताई जा रही है। शिकायतकर्ताओं ने इसे न केवल वित्तीय अनियमितता बताया, बल्कि निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता के अभाव का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि पहले से पूर्ण कार्य पर दोबारा भुगतान किया जाता है, तो यह "डबल पेमेंट" की श्रेणी में आएगा, जो सीधे तौर पर भ्रष्टाचार को दर्शाता है। शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि पूरे



प्रकरण की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा संबंधित कार्य की भौतिक सत्यापन भी कराया जाए। साथ ही, यह भी मांग उठाई गई है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और संबंधित निविदा प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। ज्ञापन पर निशात खातून, फहीम अनवर, जेबा, अरशद चौधरी, मोहम्मद जावेद, जफर, इदरीस, मधु देवी, आकाश, नसरीन, शब्बीर अहमद, फरहाना आदि के हस्ताक्षर हैं।

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ कलेक्ट्रेट में गरजी महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** स्मार्ट मीटर हटवाने की मांग को महिलाओं ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपा।सोमवार को जोया के मोहल्ला इकबाल नगर की महिलाओं ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमे कहा गया है कि उनके घरों में पहले जो विद्युत मीटर लगे हुए थे।वो मीटर सही थे,उसी के अनुसार उनका बिल जमा होता था। परंतु अब जो स्मार्ट मीटर लगाए गए है उसका रिचार्ज खत्म होते ही विद्युत आपूर्ति बंद हो जाती है। जिस कारण काफी समय से उनके घरों में अंधेरा छाया है। और बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। स्मार्ट मीटर को हटवाकर पुन विद्युत मीटर का कनेक्शन किया जाए। जिससे उपभोक्ता सही समय पर बिजली का बिल जमा कर सके। प्रदर्शन करने वालों में परवीन जहां, गुड्डो, शहाना, जरीदन, सीमा, नगमा आदि शामिल रहीं।



# नाबालिग विवाद में उलझा प्रेम विवाह

## पति ने खाया जहर, कोर्ट ने युवती को भेजा नारी निकेतन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** थाना क्षेत्र में प्रेम विवाह का मामला दर्दनाक मोड़ ले बैठा। नाबालिग होने के विवाद और पत्नी से अलगाव से आहत युवक ने जहर खाकर जान दे दी, जबकि दूसरी ओर हाईकोर्ट ने युवती को नाबालिग मानते हुए नोएडा के नारी निकेतन भेजने का आदेश दिया है।

जानकारी के मुताबिक नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी मजदूर के बेटे ने बिजनौर जिले के स्योहारा थाना क्षेत्र के एक की युवती से लगभग सात महीने प्रेम विवाह किया था। दोनों की मुलाकात फेसबुक के जरिए हुई थी। मंदिर में शादी करने के बाद दोनों घर में रह रहे थे। वहीं, दूसरी तरफ प्रेमिका के परि. जनों मामले में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया था। बेटी के नाबालिग होने का भी दावा किया था। इसके बाद स्योहारा पुलिस ने प्रेमिका को प्रेमी के घर से बरामद कर बिजनौर की अदालत में पेश किया था। पेश किए गए काग. जात के आधार पर अदालत ने प्रेमिका को बालिग मानते हुए उसकी इच्छा के मुताबिक प्रेमी के साथ भेज दिया था। लेकिन, प्रेमिका के परिजन इस मामले में हाईकोर्ट पहुंच गए थे। प्रेमिका अमरोहा जिले में रह रही थी लिहा. जा हाईकोर्ट ने अमरोहा पुलिस को प्रेमिका को ससुराल से लाकर 27 अप्रैल को हाईकोर्ट में पेश करने का आदेश दिया था। बुधवार को अमरो. हा पुलिस को आदेश मिला था। लिहाजा गुरुवार को पुलिस प्रेमिका को ससुराल से ले आई तथा स्थानीय अदालत में पेश किया था। स्थानीय अदालत ने भी प्रेमिका को नाबालिग माना था। बाद में बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर उसे वन स्टाप सेंटर भेज दिया था। वहीं शुक्रवार को पति, पत्नी से मिलने के लिए वन स्टाप सेंटर गया था लेकिन दोनों की मुलाकात नहीं हो सकी थी। मायूस होकर घर लौटे पति ने जहर खाकर अपनी जान दे दी थी। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को परिजनों ने बगैर कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। वहीं सोमवार को नौगावां सादात पुलिस ने नाबालिग दुल्हन को हाईकोर्ट में पेश किया। जहां उसके बयान दर्ज कराए गए। हाईकोर्ट ने भी उसे नाबालिग मानते हुए नोएडा नारी निकेतन भेजने का आदेश दिया।

# हेजलवुड़-भूवी के तूफान में उड़ी दिल्ली

### दिल्ली को बेंगलुरु ने 75 रनों पर समेटा बेंगलुरु ने 6.3 ओवर में हासिल किया लक्ष्य


जोश हेजलवुड़ ने 12 रन देकर झटके 4 विकेट

**नई दिल्ली, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के 39वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 75 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बेंगलुरु ने 6.3 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी बेंगलुरु ने 8 रन के स्कोर पर ही दिल्ली के 6 विकेट निकाल लिए। इसके बाद अभिषेक पोरेल ने 30 रन बनाए और टीम को कुछ हद तक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। बेंगलुरु की ओर से जोश हेजलवुड ने 4 और भुवनेश्वर कुमार ने 3 विकेट लिए। जवाब में बेंगलुरु ने 2 ओवर में बिना विकेट खोए 13 रन बना लिए हैं। जैकब बेथेल और विराट कोहली क्रीज पर हैं। तीसरे ओवर में जैकब बेथेल ने लगातार दो सिक्स लगा दिए। उन्होंने शार्ट गेंद पर शानदार तरीके से पिकअप शाट खेलकर मिडविकेट के ऊपर छक्का जड़ा। अगली बाल में उन्होंने कदमों का इस्तेमाल करते हुए गेंद को मिडविकेट के पार भेज दिया। यह सिक्स104 मीटर का था। 75 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने संभली हुई शुरुआत की है। पहले ओवर में 7 रन आए। जैकब बेथेल ने फाइन लेग की दिशा में चौका लगाकर टीम का खाता खोला।

इसके बाद कुछ डाट गेंदें जरूर आईं, लेकिन उन्होंने स्ट्राइक रोटेट करते हुए ओवर खत्म किया। दिल्ली कैपिटल्स की पारी पूरी तरह बिखर गई और टीम सिर्फ 75 रन पर ऑलआउट हो गई। 16.3 ओवर में जोश हेजलवुड ने अभिषेक पोरेल को बोल्ड कर दिया। यार्कर लेंथ की तेज गेंद पर पोरेल देर से बल्ला ला पाए और गेंद सीधे स्टंप्स से जा टकराई। पोरेल 33 गेंदों में 30 रन बनाकर टीम के टॉप स्कोरर रहे, लेकिन उन्हें किसी दूसरे बल्लेबाज का साथ नहीं मिला। 75 रन इस आईपीएल सीजन का सबसे छोटा टोटल रहा। इससे पहले गुजरात की टीम 20 अप्रैल को मुंबई के खिलाफ 100 रन पर आउट हो गई थी।

15.3 ओवर में दिल्ली को एक और झटका लगा और अब टीम 9 विकेट गंवा चुकी है। सुयश शर्मा ने शानदार गेंद डालकर कुलदीप यादव को बोल्ड कर दिया। लेग स्पिनर की यह गेंद आफ स्टंप के बाहर पिच होकर तेजी से अंदर आई। कुलद. ीप उसे ठीक से पढ़ नहीं पाए और शाट खेलने की कोशिश में पूरी तरह चूक गए। गेंद सीधा स्टंप्स से जा टकराई और गिल्लियां बिखर गईं। कुलदीप 11 गेंदों में 3 रन बनाकर आउट हुए। 14वें ओवर में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्पिनर सुयश शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 3 रन दिए।

## भारतीय पुरुषों ने क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की की

**हॉर्सेंस ( डेनमार्क ), वार्ता।** पूर्व चैंपियन भारत ने सोमवार को डेनमार्क के हॉर्सेंस में थॉमस और उबर कप 2026 के पुरुषों के ग्रुप ए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

भारत ने अपने शुरुआती ग्रुप मुकाबले में कनाडा को 4-1 से हराया था और अब ग्रुप विजेता का फैसला करने के लिए उसका मुकाबला शीर्ा वरीयता प्राप्त चीन से होगा। चीन ने ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराया था और सोमवार को कनाडा को 4-1 से मात दी थी। यह जानते हुए कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत उन्हें अंतिम आठ में जगह की गारंटी देगी, भारत ने उस टीम में सिर्फ एक बदलाव किया जिसने कनाडा को हराया था, इसमें किदांबी श्रीकांत की जगह एच-एस-प्रणय को मैच खेलने का मौका मिला। लक्ष्य सेन ने एफ्रेम स्टीफन सैम को 21-14, 21-16 से हराकर टीम की जीत का सिल. सिला शुरू किया,

और एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आयु शेट्टी ने श्रेय धांड को सिर्फ 26 मिनट में 21-8, 21-6 से हराकर स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद पूर्व एशियाई चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने रिजकी हिदायत और जैक यू को 21-14, 21-16 से हराकर जीत को पूरी तरह से सुनिश्चित कर दिया। फिर प्रणय और पुरुों की युगल जोड़ी हरिहरन अमसकारुनन और एम-आर- अर्जुन ने शानदार जीत दर्ज करते हुए स्कोर को पूरा किया। परिणामः पुरुः भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराया (लक्ष्य सेन ने एफ्रेम स्टीफन सैम को 21-14, 21-16 से हराया।

### खेल विशेष

#### एशियन गेम्स ओलंपिक्स से ठीक पहले वाले साल में कराए जा सकते है: ओसीए

**सान्या, वार्ता।** ओलंपिक परिाद ऑफ एशिया (ओसीए) एशियाई खेलों को ग्रीमकालीन ओलंपिक से ठीक पहले वाले वा में स्थानांतरित करने की योजना बना रही है। ओसीए के एक अधिकारी ने बताया कि इस कदम का मकसद इस महाद्वीपीय स्पर्धा को दुनिया के सबसे बड़े स्पोर्ट्स के क्वालीफाइंग के रूप में कार्य कर सके। ओसीए के उपाध्यक्षट सॉन्ग लुजेंग ने रविवार को कहा कि यह एडजस्टमेंट दोहा एशियन गेम्स से लागू होने की उम्मीद है, जिन्हें 2030 से 2031 में शिफ्ट किया जाएगा। इस प्रस्ताव को ओसीए एग्जीक्यूटिव बोर्ड ने पहले ही मंजूरी दे दी है और अब इस पर इंटरनेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन के साथ आगे बातचीत चल रही है। सोंग ने कहा कि इससे एशियन गेम्स ओलंपिक्स के लिए क्वालिफाइंग इवेंट के तौर पर काम कर सकेंगे, जिससे ज्यादा एलीट एथलीट्स को कॉम्पिटिशन के कीमती मौके मिलेंगे और गेम्स का ओवरऑल स्टैंडर्ड बढ़ेगा।

#### रग्बी प्रीमियर लीग के सीजन 2 में महिला फ्रेंचाइजियो की होगी शुरुआत

**नई दिल्ली, वार्ता।** जीएमआर स्पोर्ट्स ने रग्बी इंडिया के साथ साझेदारी में सोमवार को एचएसबीसी रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) के विकास में एक अहम कदम की घोाणा करते हुए कहा कि दूसरे सीजन में महिला फ्रेंचाइजियों की शुरुआत की जाएगी। 2025 में आयोजित पहले सीजन की सफलता के बाद, मौजूदा छह पुरु टीमों में से चार, :चेन्नई बुल्स (एविड सिस स्पोर्ट्स के स्वामित्व में), दिल्ली रेड्ज (आरएमजेड कॉर्प के स्वामित्व में), मुंबई ड्रीमर्स (ड्रीम स्पोर्ट्स के स्वामित्व में) और कोलकाता बंगा टाइगर्स (हंच वेंचर्स के स्वामित्व में), जो पहले कलिगा ब्लैक टाइगर्स के नाम से जानी जाती थी और अब भुवनेश्वर से कोलकाता स्थानांतरित हो चुकी है: अपनी-अपनी महिला टीमें भी उतारेंगी।

#### श्रीनगर चितन शिविर में शारीरिक शिक्षा के भविय पर हुआ मंथन

**नई दिल्ली, वार्ता।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा 25 से 26 अप्रैल 2026 तक श्रीनगर में आयोजित दो दिवसीय राट्रीय 'चितन शिविर' में देश को खेल महाशक्ति बनाने के लिए केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय तथा राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के खेल मंत्रियों के बीच में मंथन हुआ। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में इस शिविर में 'श्रीनगर खेल संकल्प' के माध्यम से राज्यों के साथ मिलकर खेल प्रशासन, प्रतिभा की पहचान और खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की योजना बनाई गई। इस चितन शिविर में फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) का प्रतिनिधित्व राट्रीय सचिव प्रोफेसर (डॉ-) पीयूा जैन ने किया।

## मोहसिन पर नजर होनी चाहिए भारतीय चयनकर्ताओं की: बांगर



**लखनऊ, वार्ता।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज और बल्लेबाजी कोच संजय बांगर ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के समूह में मोहसिन खान सबसे अधिक प्रभावित कर रहे है और चयनकर्ताओं को नजर उन पर करीब से होनी चाहिए।

लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच रविवार रात खेले गए मुकाबले में 23 रन देकर पांच विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज को लेकर बांगर ने कहा, अगर आप हमारे बाएं हाथ के सीमरों के समूह को देखें, तो मोहसिन सबसे अधिक प्रभावित करते हैं, क्योंकि उन्हें अतिरिक्त उछाल मिलता है, वह उस लेंथ पर लगातार हिट कर सकते हैं और उनके पास 'हेवी बॉल' है, जैसा अक्सर कहा जाता है। एक शानदार बाएं हाथ का सीमर बनने के लिए जो गुण चाहिए, वह सब उनमें है और चयनकर्ताओं की नजर उन पर करीब से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत समय हो गया है और अब बात अपनी सर्वश्रेठ फटिनेस दोबारा हासिल करने की है, क्योंकि भारतीय प्रतिभा में इस तरह की स्किलसेट वाले खिलाड़ी बहुत कम हैं। हमारे पास बल्लेबाज बहुत हैं, लेकिन जो चीज कम है वह बाएं हाथ के सीम गेंदबाजो की विविधता है। टी-20 विश्व कप विजेता टीम में अर्शदीप सिंह ऐसे अकेले विशोज्ञ थे।

## हमें ब्रेक चाहिए व खिलाड़ियों को जिम्मेदारी लेनी होगी: रिषभ पंत



**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुजर जायंट्स के कप्तान रिषभ पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में मिली लगातार पांचवीं हार के बाद कहा कि हमें ब्रेक की जरुरत है और हर खिलाड़ी को जिम्मेदारी लेनी होगी। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को उतार-चढ़ाव भरे मैच के सुपर ओवर में मिली हार के बाद पंत ने कहा कि देखिए, मुझे लगता है कि हमें निश्चित तौर पर एक ब्रेक चाहिए। हम खुद को तरोताजा करेंगे। दबाव तो हमेशा रहेगा,

और यह हमेशा दबाव वाला खेल रहेगा। लेकिन साथ ही हमें जवाब बाहर नहीं, अपने भीतर ढूंढ़ने होंगे। चीजों को सरल रखना होगा। हर खिलाड़ी को जिम्मेदारी लेनी होगी। यह एक या दो खिलाड़ियों की बात नहीं हो सकती, पूरी टीम की बात है। और बहुत से लोग इसकी जिम्मेदारी लेंगे, इसमें कोई शक नहीं। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए एक चिंता निकोलस पूरन की फॉर्म भी रही है, जिन्होंने अब तक सिर्फ 82 रन बनाए हैं, औसत 10-25 और स्ट्राइक रेट 81-18 रहा है। इसके बावजूद एलएसजी ने सुपर ओवर में पूरन और पंत को बल्लेबाजी के लिए भेजा। पूरन पहली ही गेंद पर बोल्ड हो गए, जबकि एलएसजी कुल तीन गेंद ही खेल सकी। अन्य बल्लेबाज एडन मारक्रम भी बिना खाता खोले आउट हो गए। पंत ने कहा कि हमने टीम के रूप में चर्चा की थी और जो नाम सामने आया, वह निकी पी (पूरन) का था। हो सकता है वह इस समय अपने करियर की सर्वश्रेठ फॉर्म में न हों, लेकिन मुश्किल समय में आपको अपने खिलाड़ी पर भरोसा करना होता है। वो वापसी करेंगे। इसलिए कोई बहाना नहीं है। बस सकारात्मक बातों को देखना है। अभी शायद ज्यादा सकारात्मक बातें नजर न आ रही हों।

## बंग्लादेश ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया



**चटगांव, वार्ता।** मो. तौहीद दोय (नाबाद 51) और शमीम हुसैन (नाबाद 31) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत बंगलादेश ने सोमवार को पहले टी-20 मुक. ाबले में न्यूजीलैंड को 12 गेंदें शो रहते छह विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ बंगलादेश ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश के लिए सैफ हसन और तंजिद हसन की सलामी जाड़ी ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। छठें ओवर में नेथेन स्मिथ ने सैफ हसन (17) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कप्तान लिटन कुमार दास (21) और तंजिद हसन (20) को ईश सोढ़ी ने आउट किया। परवेध हुसैन इमॉन 14 गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हुये। बंगलादेश ने 18 ओवरों में चार विकेट पर 183 रन बना छह विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। मो- तौहीद हृदोय और शमीम हुसैन की जोड़ी ने पांचवें विकेट अविजित 49 रन जोडे। मो- तौहीद हृदोय ने 27 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 51 रनों की पारी खेली। शमीम हुसैन ने 13 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 31 रन बनाए। इससे पहले आज यहां के- क्लार्क और डेन क्लीवर की (51-51) रनों की अर्धशतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैड ने पहले टी-20 मुक. ाबले में बंगलादेश को जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया। बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड को दूसरे ही ओवर में टिम रॉबिसन (शून्य) के रनआउट होने पर पहला झटका लगा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डेन क्लीवर ने के- क्लार्क के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 88 रन जोड़े। 10वें ओवर में रिशाद हुसैन ने डेन क्लीवर को आउट कर इस साझेदारी को अंत किया। डेन क्लीवर ने 27 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 51 रन बनाए। 12वें ओवर में के- क्लार्क को भी रिशाद हुसैन ने अपना शिकार बना लिया। के क्लार्क ने 37 गेंदों में सात चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 51रनों की पारी खेली।

कप्तान निक केली ने 27 गें. दों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 182 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जॉश क्लार्कसन ने 14 गेंदों में दो चौके और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 27 रनों की पारी खेली। बंगलादेश के लिए रिशाद हुसैन ने दो विकेट लिये। शोरिफुल इस्लाम, तनजीम हसन साकिब और मेहदी हसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## बीमारी से जूझते हुए गॉफ ने दर्ज की जीत

**मैड्रिड, वार्ता।** अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने बीमारी से जूझते हुए एक सेट और एक ब्रेकडाउन से वापसी करते हुए सोराना क्रिस्टिया को हराते हुए मैड्रिड ओपन के अंतिम 16 में जगह बना ली है। वहीं पुरु वर्ग में जैनिक सिनर ने एल्मर मोलर पर जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट के अगले दौर में पहुंच गए है। मुकाबले के दौरान अमेरिका की तीसरी सीड गॉफ पेट के संक्रमण से जूझती रही और उन्हें दूसरे सेट के बीच में कूड़ेदान में उल्टी करनी पड़ी। उन्होंने ने वापसी करते हुए रोमानिया की सोराना क्रिस्टिया पर 4-6, 7-5, 6-1 से जीत हासिल की।

गॉफ ने रोमानिया की 25वीं सीड वाली क्रिस्टिया के खिलाफ दूसरे सेट में मेडिकल टाइमआउट मांगा और जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने मैच कैसे खेला, तो उन्होंने जवाब दिया, सच कहूं तो मुझे नहीं पता। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि बदकिस्मती से मुझे भी वही मिला जो मैड्रिड में बाकी सबको हो रहा है। इसलिए, मैं बस कल के लिए कोशिश करूंगी। मुझे बेहतर महसूस होने लगा था, ऐसा नहीं लग रहा था कि मुझे उल्टी करनी है। उन्होंने मुझे कुछ गोलियां दीं, तो उससे निश्चित रूप से मदद मिली। लेकिन मैं सच में बहुत थक गई थी, पहला हिस्सा सचमुच बस जो कुछ भी मैंने खाया था उसे निगलने की कोशिश करना था। एक बार जब उन्होंने मुझे उसमें मदद करने के लिए कुछ दिया, तो मुझे बस उल्टी और थकान होने लगी। लेकिन मैं इससे निपट सकती हूं। गॉफ अंतिम 16 में चेक गणराज्य की 13वीं सीड वाली नोस्कोवा से खेलेंगी, जहां वह मौजूदा चैंपियन हैं। पिछले साल उन्हें फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने हराया था।

## सिंधु ने BWF परिषद में अपने कार्यकाल की शुरुआत की



**हॉर्सेंस ( डेनमार्क ), वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विज. ेता भारतीय स्टार खिलाड़ी पी वी सिंधु ने विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की परिाद के सदस्य के रूप में अपना कार्यकाल शुरू कर दिया है।

सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ एथलीट्स कमीशन का अध्यक्ष चुने जाने के बाद बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन की कार्उंसिल में मतदान का अधिकार हासिल कर लिया है। सिंधु आधिकारिक तौर पर 2025 के आखिरी में परिाद में शामिल हुई थी। यहां बीडब्ल्यूएफ की हुई वार्िक बैठक में हिस्सा लेने के साथ सिंधु की सबसे बड़ी गवर्निंग बॉडी में उनके कार्यकाल की शुरुआत हुई। इस अवसर पर पी-वी- सिंधु ने कहा, बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन में यह जिम्मेदारी लेना और दुनिया भर के एथलीटों की आवाज को रिप्रेजेंट करना मेरे लिए सच में सम्मान और खुशी की बात है। बैडमिंटन ने मुझे बहुत कुछ दिया है, और मैं इस तरह से खेल में योगदान देने का मौका पाकर बहुत शुक्रगुजार हूं। मैं खास तौर पर बीडब्ल्यूएफ अध्यक्ष खुनयिग पटामा लीस्वाडत्रकुल की उनके प्यार और हौसला बढ़ाने के लिए शुक्रगुजार हूं, और मैं काउंसिल और बड़ी बीडब्ल्यूएफ कम्युनिटी के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि हम दुनिया भर में इस शानदार खेल को मजबूत और आगे बढ़ा रहे हैं। बीडब्ल्यूएफ परिाद में सिंधु की मौजूदगी यह पक्का करने में एक अहम कदम है।

## भारतीय टीम जीत सकती है महिला टी-20 विश्वकप: डायना एडुल्जी



**डरबन, वार्ता।** भारत की महान खिलाड़ी और आईसीसी हॉल ऑफ फेमर डायना एडुल्जी का मानना है उनकी पूर्व टीम आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप का खिताब जीत सकती है।

डायना ने कहा नवम्बर में घरेलू मैदान पर अपना पहला एकदिवसीय विश्व कप जीतने के लिए एशियाई टीम ने सबको पीछे छोड़ दिया था और अब 12 जून को इंग्लैंड और वेल्स में शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप के 10वें एडिशन में सबसे छोटे फॉर्मेट में भी ऐसा ही करने की कोशिश करेगी। भारत ने पहले भी 20-ओवर क्रिकेट में अपनी काबिलियत दिखाई है और इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में हुई टी-20 सीरीज में छह बार की टी-20 विश्व कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भी हराया है। लेकिन डायना एडुल्जी के मुता. बिक, सबसे छोटे फॉर्मेट में टीम के लगातार अच्छा प्रदर्शन न करने से चितित हैं। एडुल्जी ने ओलंपिक डॉट कॉम को बताया, टी-20 पूरी तरह से एक अलग खेल है, और टीमों का अच्छा प्रदर्शन हर खिलाड़ी के योगदान पर निर्भर करता है, और मैं चाहती हूं कि बड़े खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करें, और 170-180 का टोटल मुश्किल होगा।लेकिन हम एकदिवसीय प्रारुप में अच्छे हैं, टी- 20 में यह एक अलग गेम है। हमारे पास इस गेम को अपनाने वाले युवा क्रिकेटर हैं। टी-20, मुझे पक्का नहीं पता, मैंने डरबन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में देखा है, जिससे पता चलता है कि हमारी लड़कियों में क्या कमी है। उन्होंने कहा कि हमारी लड़कियों के खिलाफ हालात हैं, और उन्हें ढलने में समय नहीं लगेगा। मुझे यकीन है कि आने वाले समय में, हम उन्हें कमियों को पूरा करते हुए देखेंगे। हमने एकदिवसीय में एक बेहतर टीम साबित की है और इस छोटे वर्शन में कंसिस्टेंसी (जरूरी है)। लड़कियां खुद को साबित करेंगी कि वे बेस्ट हैं। हमें बेस्ट की उम्मीद करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि भारत को टी-20 विश्व कप में ग्रुप ए में रखा गया है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# थम गया चुनाव प्रचार

29 अप्रैल को होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा के दूसरे चरण के मतदान का चुनाव प्रचार 27 अप्रैल को थम गया। दूसरे चरण में 142 विधानसभा सदस्यीय सीटों पर चुनाव होना है। 152 पर 23 अप्रैल को पहले ही हो चुका है। चुनाव यूं तो लो. कतंत्र में एक सामान्य प्रक्रिया है और पूरे देश में चुनाव होते हैं। अभी भी पांच राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, लेकिन पश्चिमी बंगाल को लेकर जिस तरह का चुनाव प्रचार देखने में आया, ऐसा बेहद कम ही देखने में आता है। प्रधानमंत्री मोदी सहित तमाम नेता व भाजपा पश्चिम बंगाल में लंबे समय से डेरा जमाए रहे। आरएसएस व अन्य सहयोगी संगठन भाजपा को पूरा बैकअप दे रहे हैं। जाहिर है चुनाव की गर्मी के साथ–साथ बेचैनी का माहौल भी बनता है। यूं भी पश्चिम बंगाल का चुनाव अपनी हिंसक घटनाओं के लिए भी जाना जाता है। भले ही पहले चरण का मतदान शांतिपूर्वक बताया जा रहा हो, लेकिन तब भी कई स्थानों से मारपीट व हिंसा की खबरें आई थी। यह अलग बात है कि कोई बड़ा कांड सामने नहीं आया और इसलिए चुनाव आयोग ने भी राहत की सांस ली, लेकिन 29 तारीख को होने वाले चुनाव से पूर्व जिस तरह 27 अप्रैल को गोहाटी में टीएमसी की सांसद मिताली बाग की कार पर हमला हुआ, हमले के समय वह गो घाट से आराम बाग में अभिषेक बनर्जी के रोड शॉ में शामिल हो रही थीं। हमले में कार के शीशे फूट गए, उनको व उनके ड्राइवर को चोटें आईं। जहां दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन जहां भवानीपुर में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपना रोड शॉ किया, तो वहीं पीएम मोदी ने बंगाल की जनता को एक ओपन लेटर लिखा, जिसमें उन्होंने कहा कि बंगाल में रैलियों और रोड शॉ के दौरान उन्हें ऐसा लगा कि जैसे वह किसी तीर्थ यात्रा पर हों। भीषण गर्मी के बावजूद थकान महसूस नहीं हुई और मां काली के भक्तों तथा लोगों के आशीर्वाद से ऊर्जा मिलती रही। इससे पता चलता है कि भाजपा अपने हिन्दुत्व को लेकर ही आगे बढ़ना चाहती है और इसी के सहारे अपनी चुनावी नैया पार लगाने का प्रयास कर रही है। जीत किसकी होगी, इसका पता तो उस समय ही लगेगा जब 4 मई को चुनाव परिणाम सामने आएंगे, लेकिन चुनाव प्रचार के समय जिस तरह जनता से जुड़े मुद्दे गौण दिखाई दिए और उनकी जगह तू–तू मैं–मैं ने ले ली, जिनमें घुसपैठियों ने बड़ी भूमिका निभाई। उससे पता चलता है कि भारतीय राजनीति में गंभीरता की कमी होती जा रही है और बुनियादी मुद्दे हाशिए पर रखे जा रहे हैं। चुनाव प्रचार के समय जो सबसे ज्यादा खराब बात देखने में आई वह मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता पर तमाम विरोधी दलों के हमले हैं। जिसमें वह कहते रहे हैं कि चुनाव आयोग पक्षपात कर रहा है और भाजपा से मिलकर वोट काटने का काम कर रहा है। चुनाव आयोग हालांकि इस बात से इन्कार करता है, लेकिन साथ में यह भी कहना पड़ेगा कि उसकी ओर से ऐसा उत्तर नहीं आता जिसको संतोषजनक कहा जा सके।

## इजरायल पर रुख को लेकर भारत अकेला



भारत असामान्य रूप से इजरायल के पक्ष में खड़ा है और ब्रिक्स देशों की बैठक में उसके रुख का अन्य सदस्यों ने समर्थन नहीं किया, ब्रिक्स देशों के उप विदेश मंत्रियों और विशेष दूतों की बैठक आयोजित हुई, जो बिना किसी संयुक्त वक्तव्य के समाप्त हुई, इजरायल –फलस्तीन मुद्दे पर भाषा को लेकर सदस्य देशों के बीच मतभेद सामने आए और भारत द्वारा भाषा को नरम करने के आग्रह को अन्य देशों ने स्वीकार नहीं किया, रूस, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, यूएई और ईरान के प्रतिनिधियों ने भारत के रुख का समर्थन नहीं किया, यह देश के हितों को प्रभावित करने वाली नीति है, भारत दुनिया का एकमात्र प्रमुख देश बन गया है, जो गाजा, दक्षिण लेबनान और वेस्ट बैंक में जारी घटनाओं के बावजूद इजरायल के प्रति समर्थन बनाए हुए है, जिससे संतुलित विदेश नीति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। **–जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# भारतीय राजनीति के जय चंद और मीर जाफर





तनवीर जाफरी

सिद्धांत व विचारविहीन राजनीति करते हुए अपनी सुविधा, लाभ व राजनैतिक भविष्य के मद्देनजर दल बदल करना हमारे देश में एक हकीकत बन चुकी है। सच पूछिए तो वर्तमान सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की पूरी सत्ता इस समय दल बदलुओं के भरोसे ही चल रही है। इस समय केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद विधायक जैसे तमाम पदों पर कल के कांग्रेसी आज के भाजपाई बने देखे जा सकते हैं। इनमें कई तो लंबे समय तक विपक्ष की भूमिका में न रह पाने और संघर्ष व विपक्ष की राजनीति में सक्षम न हो पाने के कारण किसी न किसी बहाने से भाजपा में शामिल हुए। तो कई भ्रष्ट लोग जेल जाने या कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए श्राजनैतिक धर्म परिवर्तन श करने को मजबूर हुए। कुछ नेता डर,लालच या भयवश इधर से उधर करने को बाध्य हुए तो दल बदल के लिए उतावले कई नेता पार्टी में अपनी उपेक्षा का बहाना बनाकर चलते बने। यह और बात है कि ऐसे अनेक लोग दल बदल कर जहां गए वहां भी वे देखते देखते लापता हो गए।

पिछले दिनों आम आदमी पार्टी को भी उस समय एक बार फिर जबरदस्त झटका लगा जबकि उसके राज्य सभा के दस में से सात सांसदों ने दल बदल कर भाजपा में शरण ले ली। ए सभी सात सांसद पंजाब राज्य से निर्वाचित होकर आए थे। गौरतलब है कि इस समय आम आदमी पार्टी केवल पंजाब में ही सत्ता में है। और इसी राज्य के 7 राज्य सभा सांसदों के पार्टी बदलने के बाद अब कई विधायकों के भी दल बदल की संभावना जताई जा रही है। इस दल बदल के मुख्य सूत्रधार के रूप में राघव चड्ढा को देखा जा रहा है। राघव चड्ढा वही हैं जो कई बार यह कह चुके हैं कि भाजपा अनपढ़ व गुंडों की पार्टी है। यह गुंडों को संरक्षण देने वाली पार्टी है। राघव चड्ढा पिछले दिनों राज्यसभा में उठाए गए कई जनहितकारी मुद्दों को लेकर जनता में काफी लोकप्रिय हो गए थे। उन्होंने संसद में गिग वर्कर्स की सुरक्षा, एयरपोर्ट पर आम लोगों को मिलने वाला महंगा खाना, गरीब आदमी का मिनिमम बैलेंस कम होने पर उसपर लगने वाली बैंक पैनल्टी, पैटरनिटी लीव, स्वास्थ्य सेवा, इनकम टैक्स जैसे अनेक मुद्दे उठाए थे। तथा इन मुद्दों पर सरकार से एक्शन लेने की मांग भी की थी। इन दलबदल करने वालों में एक राज्यसभा सांसद का नामअशोक मित्तल है। ए उस लवली ग्रुप के मालिक हैं जिसका वार्षिक टर्नओवर रु. 850 करोड़ का बताया जा रहा है। मित्तल, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, लवली ऑटोज, लवली स्वीट्स जैसे संस्थानों के स्वामी हैं। अभी कुछ दिन पहले ही मित्तल के लगभग सभी ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय ED की छापेमारी भी हुई थी। और आखिरकार इन्होंने भी भाजपा की शरण में जाकर अपने व्यवसायिक साम्राज्य की रक्षा करने में ही अपनी भलाई समझी। बहरहाल जितने भी चेहरे आम आदमी पार्टी छोड़ भाजपा में गए हैं उनमें से किसी का भी कोई पूर्व राजनैतिक अनुभव नहीं है। हरभजन सिंह क्रिकेटर को छोड़ जिसने भी अपनी पहचान बनाई है वह केजरीवाल व आप पार्टी के साथ काम कर ही बनाई है। हालांकि केजरीवाल व आप का साथ छोड़कर जाने वाले नेताओं की फेहरिस्त भी बहुत लंबी है। यह भी सच है कि केजरीवाल के आचरण व स्वभाव में जरूर कुछ न कुछ कमी है जिसके चलते प्रशांत भूषण व योगेंद्र यादव जैसे अनेक बुद्धिजीवी व सुलझे हुए लोग भी केजरीवाल को छोड़कर चले गए। परन्तु इस ताजातरीन दलबदल के बाद जनता की राय बिल्कुल विपरीत है। जनता इस बार के दलब. दलुओं की तुलना इतिहास के गद्दार जय चंद व मीर जाफर से कर रही है। यह सरासर पंजाब के उनलोगों से धोखा व गद्दारी है जिन्होंने इन दलब. दलुओं को मान सम्मान देकर राज्य सभा में भेजा। ऐसा माना जा रहा है कि पहले भी विभिन्न राज्यों में राजनैतिक तोड़फोड़ कर सत्ता परिवर्तन करने वाली भाजपा पंजाब में भी निर्वाचित सरकार को गिराने या अस्थिर करने के लिए आम आदमी पार्टी के विधायकों के साथ भी यही घिनौना खेल, खेल सकती है परन्तु भाजपा व इनके पाले में गए अवसरवादी दलबदलुओं को इसबार यह खेल मंहगा पड़ सकता है, क्योंकि इस दल बदल से आम जनता में भारी रोष है। कई किसान नेता भी खुलकर इन अवसरवादियों के विरुद्ध मैदान में आ गए हैं। जिससे ऐसा लगता है कि इन लोगों का भविष्य में जनता के बीच जाना आसान नहीं होगा। इस बात की भी उम्मीद की जा रही है कि भाजपा ने अगले वर्ष राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों के पहले जिन उम्मीदों से ऑपरेशन लोटस चलाया था उन उम्मीदों पर भी पानी फिरने वाला है। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि यदि इस राजनैतिक घटनाक्रम से आम आदमी पार्टी को नुक्सान हुआ भी तो भी भाजपा को कोई फायदा नहीं मिलने वाला। बजाए इसके कांग्रेस जरूर राज्य में अपनी स्थिति मजबूत कर सकती है। उधर कानूनी जानकारों का भी कहना है कि यह सातों सांसद भले ही दो तिहाई सदस्यों के पार्टी छोड़ने को दल बदल कानून के दायरे से बाहर बता रहे हों परन्तु वास्तव में ऐसा नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि सांसदों से पहले यदि आम आदमी पार्टी के सदस्यों द्वारा बाकायदा दो तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित कर पार्टी छोड़ने की घोषणा की गई होती उसके बाद ही सांसदों का दो तिहाई दल बदल कानूनी रूप से सही माना जाता। परन्तु चूंकि पार्टी की तरफ से ऐसा कुछ भी नहीं है इसलिए इन सभी का दलबदल पूरी तरह गैरकानूनी है। लिहाजा यदि राज्य सभा के सभापति से लेकर अदालत तक ने समय रहते ईमानदारी से फैसला किया तो इन सभी दलबदलुओं की राज्य सभा सदस्यता जा सकती है। बहरहाल यह महाराष्ट्र नहीं जहां भाजपा ने शिवसेना में विभाजन कराकर सत्ता हथियाने का चक्रव्यूह रचा था। बल्कि यह वह पंजाब है जिसने किसान आंदोलन में इसी सरकार को नाकों चने चबाने और विवादित कृषि कानून वापस लेने पर मजबूर कर दिया था। पंजाब में ही कांग्रेस व अकाली दल छोड़कर अपने उज्ज्वल राजनैतिक कैरियर की तलाश में भाजपा में शामिल अनेक प्रमुख नेताओं का आज कोई अता पता ही नहीं है। भारतीय राजनीति के इन जय चंदों और और मीर जाफरों को भी न तो पंजाब की जनता बख्शने वाली है न ही भाजपा में इन्हें वह मान सम्मान व अवसर मिलने वाला है जो इन्हें आम आदमी पार्टी में हासिल था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**जनता इस बार के दलबदलुओं की तुलना इतिहास के गद्दार जय चंद व मीर जाफर से कर रही है। यह सरासर पंजाब के उनलोगों से धोखा व गद्दारी है जिन्होंने इन दलबदलुओं को मान सम्मान देकर राज्य सभा में भेजा। पहले भी विभिन्न राज्यों में राजनैतिक तोड़फोड़ कर सत्ता परिवर्तन करने वाली भाजपा पंजाब में भी निर्वाचित सरकार को गिराने या अस्थिर करने के लिए आम आदमी पार्टी के विधायकों के साथ भी यही खेल, खेल सकती है।**


# बिना गुरु का शिष्य : रामानुजन की सूत्रों वाली आध्यात्मिक क्रांति

**उनकी नोटबुक्स और शोध समय के साथ और अधिक अमूल्य बनते गए, और यह सत्य स्थापित हुआ कि सच्ची प्रतिभा कभी समाप्त नहीं होती, वह समय के प्रवाह में और भी अधिक तेजस्वी होकर उभरती है। आज रामानुजन का नाम केवल इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं, बल्कि प्रेरणा के एक अनंत प्रवाह के रूप में जीवित है। उनका जीवन यह स्पष्ट संदेश देता है कि प्रतिभा किसी सुविधा या संसाधन की मो. हताज नहीं होती, बल्कि वह गहरे समर्पण, अटूट विश्वास और निरंतर साधना से जन्म लेती है। भारत सरकार द्वारा उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाना तथा उनकी विरासत को सम्मान देना इस तथ्य का सशक्त प्रमाण है कि उनका योगदान केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए अमूल्य धरोहर है।**

काल के पन्नों में 26 अप्रैल 1920 वह दिन बनकर दर्ज हुआ, जब गणित की दुनिया ने अपना सबसे उज्ज्वल नक्षत्र खो दिया। उस क्षण गणित के आकाश से एक ऐसा सूर्य अस्त हुआ, जिसकी प्रकाश–रेखाएं आज भी विच. ारों को दिशा देती हैं। निवास रामानुजन का भौतिक अंत भले हो गया, पर उनकी चेतना आज भी हर संख्या, हर सूत्र और हर रहस्यमई समीकरण में स्पंदित होती है। वे केवल गणितज्ञ नहीं थे, बल्कि संख्याओं के ऐसे साधक थे जिन्होंने गणित को तर्क की सीमाओं से उठाकर एक आध्यात्मिक अनुभव में बदल दिया। उनकी पुण्यतिथि शोक नहीं, बल्कि उस विलक्षण प्रतिभा का उत्सव है जिसने मानव बुद्धि की सीमाओं को खुलकर चुनौती दी। तमिलनाडु के इरोड में 22 दिसंबर 1887 को जन्मा एक बालक आगे चलकर गणित के इतिहास में असाधारण अध्याय बन गया। निवास रामानुजन का जीवन प्रारंभ से ही अभावों और संघर्षों की कठोर परीक्षा से गुजरता रहा। आर्थिक तंगी, संसाधनों की कमी और सीमित औपचारिक शिक्षा उनके रास्ते में लगातार दीवार बनकर खड़ी रहीं, लेकिन उनकी प्रतिभा किसी भी सीमा में बंध नहीं सकी। किशोरावस्था में जब उनके हाथ गणित की एक दुर्लभ पुस्तक लगी, तो जैसे उनके भीतर छिपा ब्रह्मांड जाग उठा। बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के ही उन्होंने गणित की गहराइयों में उतरकर ऐसे सूत्र और सिद्धांत रचे, जिनकी कल्पना उस समय के विद्वान भी नहीं कर सकते थे। रामानुजन के चिंतन में गणित मात्र अंकों और समीकरणों की गणना नहीं था, बल्कि एक गहन, लगभग दैवीय अनुभव था। वे .ढ़ता से मानते थे कि उनके मन में उभरने वाले सूत्र किसी अ.श्य शक्ति की प्रेरणा से आते हैं। अपनी कुलदेवी नमगिरी में अटूट आस्था के कारण वे हर नई गणितीय खोज को ईश्वर का संकेत समझते थे। इसी आध्यात्मिक दृष्टि ने उनकी रचनाओं को एक रहस्यमय सौंदर्य प्रदान किया। अनंत श्रेणियां, जटिल भिन्नराशियां और विभाजन सिद्धांत जैसे उनके कार्य केवल गणितीय निष्कर्ष नहीं, बल्कि मानो ब्रह्मांडीय संगीत के स्वर हों, जिनमें हर लय के भीतर गहरी और शाश्वत सच्चाई छिपी हुई प्रतीत होती है। 1913 गणित के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ बन गया, जब निवास रामानुजन ने जी.एच. हार्डी को अपने सूत्रों से भरा पत्र भेजा। उन सूत्रों ने समूची गणितीय दुनिया को हिला दिया। हार्डी ने स्वयं स्वीकार किया कि ऐसे मौलिक और गहन विचार उन्होंने पहले कभी नहीं देखे थे। यह किसी सामान्य परिचय का नहीं, बल्कि एक स्वशिक्षित भारतीय युवक की अद्भुत प्रतिभा का विस्फोट था, जिसने कैम्ब्रिज में अपनी सशक्त पहचान बनाई। आगे चलकर हार्डी–रामानुजन की जोड़ी ने गणित को नई दिशा दी और संख्या सिद्धांत सहित अनेक जटिल समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए। कैम्ब्रिज की विद्वतापूर्ण दीवारों के बीच भी रामानुजन का अंतर्मन निरंतर गणित की अनंत गहराइयों में विचरण करता रहा। उनकी प्रसिद्ध नोटबुक्स में ऐसे हजारों सूत्र संकलित हैं, जो आज भी आधुनिक गणित के लिए एक अबूझ रहस्य बने हुए हैं। उनकी खोजें केवल अपने युग की सीमा में कैद नहीं रहीं, बल्कि उन्होंने भविष्य की पीढ़ियों के लिए ज्ञान के नए द्वार खोल दिए। विशेष रूप से उनके द्वारा विकसित मॉक थीटा फलन और विभाजन सिद्धांत आज भी क्वांटम भौतिकी, क्रिप्टोग्राफी और स्ट्रिंग थ्योरी जैसे अत्याधुनिक वैज्ञानिक क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, मानो रामानुजन का चिंतन समय की सीमाओं को भी पार कर चुका हो। रामानुजन की विलक्षणता का सबसे आश्चर्यजनक पक्ष यह था कि वे जटिल से जटिल गणितीय समस्याओं का समाधान बिना लंबे प्रमाणों के अपने सहज अंतर्ज्र्ञान से ही खोज लेते थे। यही अद्भुत क्षमता उन्हें अपने समकालीन गणितज्ञों से स्पष्ट रूप से अलग करती थी। उनकी गणनाएं केवल तर्क और नियमों पर आधारित नहीं थीं, बल्कि उनमें एक ऐसी गहरी अंतर्दृष्टि समाहित थी, जो मानो सीधे ब्रह्मांड के रहस्यमय सत्य से जुड़ी हो। इसी कारण जी।एच। हार्डी ने उन्हें गणित का ऋषि कहा था एक ऐसा संबोधन जो आज भी उनकी असाधारण प्रतिभा और आध्यात्मिक गहराई को पूर्णतः अभिव्यक्त करता है। जीवन की अंतिम पगडंडी पर रामानुजन ने अत्यंत कठिन संघर्षों का सामना किया। इंग्लैंड की कठोर जलवायु और लगातार बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं ने उनके शरीर को धीरे–धीरे दुर्बल कर दिया। अंततः वे भारत लौटे, परंतु बीमारी ने उन्हें लगातार घेर रखा। मात्र 32 वर्ष की अल्पायु में उनका देहावसान हो गया। **–कृति आरके जैन**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अब बदलाव की प्रयोगशाला बनने को तैयार है मप्र का धार





प्रो. आर.के. जैन

मप्र के धार की पहचान अब केवल उसके प्राचीन वैभव से नहीं, बल्कि एक नए साहसिक संकल्प से जुड़ने जा रही है। 22 अप्रैल 2026 की घोषणा ने इस शांत, ऐतिहा. सिक नगर को अचानक राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला दियाकृजब इसे 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट 2026' के लिए चुना गया। देश के 10 चुनिंदा शहरों में स्थान पाना और मध्य प्रदेश से अकेले प्रतिनिधि के रूप में उभरना इस बात का संकेत है कि धार अब बदलाव की प्रयोगशाला बनने को तैयार है। ঘ10 करोड़ का आवंटन और पांच वर्षों की समयसीमा केवल प्रशासनिक आंकड़े नहीं, बल्कि गहरे सामाजिक परिवर्तन की मजबूत नींव हैं। प्राचीन मालवा की राजधानी अब महिलाओं की सुरक्षा के आधुनिक प्रतीक की ओर बढ़ रही है एक ऐसा रूपांतरण, जो शहर का चेहरा ही नहीं, उसकी सोच भी बदल सकता है। यह योजना सिर्फ सुरक्षा के इंतजाम खड़े करने की नहीं, बल्कि हर महिला के भीतर भरोसे का अहसास जगाने की पहल है। इसके तहत संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, बेहतर स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग और सशक्त निगरानी तंत्र विकसित किया जाएगा। महिला हेल्प डेस्क, त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन इस ढांचे को और प्रभावी बनाएंगे। 'पिंक टॉयलेट्स' जैसी सुविधाएं स्पष्ट करती हैं कि लक्ष्य केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि सम्मान और सुविधा भी है। निर्भया फंड से जुड़ी इस पहल को धार लोकसभा क्षेत्र की सांसद और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के सक्रिय प्रयासों से गति मिली, जबकि जिला प्रशासन ने चरणबद्ध योजना में हाई–रिस्क क्षेत्रों को प्राथमिकता देकर इसे जमीनी जरूरतों से जोड़ दिया है। धार की मौजूदा तस्वीर ही इस पहल की अपरिहार्यता को रेखांकित करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन का संगम जहां इसकी पहचान है, वहीं यही मिश्रण सुरक्षा की चुनौतियों को और पेचीदा बना देता है। अंधेरी गलियां, कमजोर रोशनी वाले बाजार और सूने सार्वजनिक स्थल यह परिस्थितियां महिलाओं के लिए असहजता और असुरक्षा का माहौल गढ़ती हैं। कामकाजी महिलाएं, छात्राएं और पर्यटक अक्सर भय के साए में गुजरते हैं। ऐसे में यह परियोजना केवल ढांचे का सुधार नहीं, बल्कि भरोसे को फिर से मजबूत करने का प्रयास है। स्थानीय महिलाओं की आवाज इसे दिशा देती है अब हमारी बेटियां बिना डरे बाहर निकल सकेंगी। यह सिर्फ उम्मीद नहीं, बल्कि लौटते सामाजिक आत्मविश्वास का सशक्त संकेत है। यह पहल बदलाव का निर्णायक मोड़ बन सकती है, जिसका असर शहर के हर कोने में दिखेगा। महिलाओं की बढ़ती सुरक्षा के साथ उनकी भागीदारी शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता में तेजी से बढ़ेगी। बाजार देर तक जीवंत रहेंगे, छोटे कारोबारों को संबल मिलेगा और निवेश का भरोसा मजबूत होगा। पर्यटन को भी नई रफ्तार मिलेगी, क्योंकि धार के ऐतिहासिक स्थल अब अधिक सुरक्षित और आकर्षक बनेंगे। इससे स्थानीय गाइड, हस्तशिल्प विक्रेता, होटल व्यवसाई और परिवहन सेवाएं सीधे लाभान्वित होंगी, और शहर की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा आएगी। मध्य प्रदेश सरकार इसे एक मॉडल मान रही है, जो इंदौर, भोपाल सहित अन्य शहरों के लिए भी मार्गदर्शक बन सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर यह पहल इस धारणा को तोड़ती है कि 'सेफ सिटी' केवल महानगरों तक सीमित है। इस चमकती तस्वीर के पीछे कुछ सख्त सच भी छिपे हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। 2012–16 के दौरान मध्य प्रदेश के चार शहरों में लागू 'सेफ सिटी इनिशिएटिव' की रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि केवल बुनियादी ढांचे के सुधार से अपराध में अपेक्षित कमी नहीं आई। सामाजिक मान्यताओं और व्यवहार में बदलाव की कमी ने इसकी प्रभावशीलता सीमित कर दी। यही अनुभव इस नई परियोजना के लिए एक अहम चेतावनी है। कैमरे और रोशनी सुरक्षा के साधन हैं, समाधान नहीं असल परिवर्तन समाज की सोच में आता है। इसलिए व्यवहार परिवर्तन, लैंगिक संवेदनशीलता और जन–जागरूकता अभियानों को अनिवार्य रूप से जोड़ना होगा, ताकि सुरक्षा दिखावे से आगे बढ़कर जीवन की स्वाभाविक सच्चाई बन सके। जमीन पर उतरते ही असली परीक्षा शुरू होती है, और यहीं चुनौतियां सामने आती हैं। रु. 10 करोड़ का फंड तभी असर दिखाएगा, जब उसका पारदर्शी और सुविचारित उपयोग हो। तकनीकी उपकरणों का नियमित रखरखाव, कर्मचारियों का समुचित प्रशिक्षण और निगरानी तंत्र की सतत सक्रियताकृयही इसकी सफलता की धुरी हैं। सीसीटीवी के विस्तार के साथ गोपनीयता का सवाल भी उठेगा, जिसे संतुलित और संवेदनशील तरीके से संभालना होगा। साथ ही डिजिटल साक्षरता और तकनीकी जागरूकता बढ़ाना जरूरी है, ताकि नागरिक इस व्यवस्था से जुड़ सकें और उसका सही उपयोग करें। पांच वर्षों के बाद इसकी निरंतरता बनाए रखना भी चुनौती होगी, क्योंकि योजनाएं तभी सफल मानी जाती हैं जब वे समय के साथ जीवित और प्रासंगिक बनी रहें। फिर भी, यह पहल एक साझा जिम्मेदारी का दुर्लभ अवसर बनकर उभरती है। प्रशासन, पुलिस, गैर–सरकारी संगठन और नागरिक सभी को मिलकर इस बदलाव को जमीन पर उतारना होगा। सांसद सावित्री ठाकुर के नेतृत्व में बनी रूपरेखा में इस साझेदारी की स्पष्ट झलक है। यदि स्कूलों, कॉलेजों, महिला समूहों और स्थानीय संगठनों को सक्रिय रूप से जोड़ा गया, तो यह पहल केवल योजना नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक आंदोलन बन सकती है जो सुरक्षा से आगे बढ़कर समाज के हर आयाम को छुएगी। यही सामूहिक प्रयास इसे स्थायित्व और वास्तविक गहराई दे सकता है। इतिहास के मोड़ पर खड़ा धार अब ऐसे बदलाव की ओर बढ़ रहा है, जो सिर्फ रूप नहीं, सोच भी बदलेगा। सवाल केवल चेहरे के परिवर्तन का नहीं, बल्कि उसकी गहराई और स्थायित्व का है। इस यात्रा में आशा और सतर्कता दोनों जरूरी हैं। मजबूत वित्तीय आधार, केंद्र–राज्य सहयोग और पांच वर्षों की समयसीमा इसे सफलता की मजबूत नींव देते हैं। यदि क्रियान्वयन पारदर्शी रहा, जनभागीदारी मजबूत हुई और सोच में बदलाव आया, तो धार की सड़कें रोशनी के साथ भरोसे और स्वतंत्रता से चमकेंगी। तब यह शहर संदेश देगा कि सुरक्षा कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का अधिकार है और इसी में विकास का असली अर्थ छिपा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इजरायल के साथ सीधी बातचीत की संभावना नहीं: हिजबुल्लाह

**तेल अवीव।** हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम ने सोमवार को इजरायल के साथ सीधी बातचीत की मेज पर बैठने से इनकार करते हुए कहा कि इस तरह का अनुमान लगाने का 'सवाल ही नहीं पैदा होता'। कासिम ने सशस्त्र प्रतिरोध के प्रति समूह के मजबूत इरादे को फिर से दोहराया। कासिम ने साफ तौर पर कहा कि हम हथियार नहीं छोड़ेंगे, और रक्षा तथा मैदान-ए-जंग ने टकराव के लिए हमारी तैयारी साबित कर दी है।

उन्होंने जोड़ा कि हिजबुल्लाह इजरायली आक्रामकता का जवाब देना जारी रखेगा। उन्होंने लेबनान सरकार की भी आलोचना की और कहा कि सरकार ने 'रियायत देने में अनावश्यक जल्दबाजी की' है। उन्होंने जोर दिया कि केवल अप्रत्यक्ष बातचीत पर ही विचार किया जाना चाहिए। ये बयान इजरायल-लेबनान सीमा पर फिर से बढ़ते तनाव के बीच आया है, जबकि वहां अप्रैल के मध्य से अमेरिका की मध्यस्थता वाला संघर्ष विराम लागू है, जिसे हाल ही में बढ़ाया गया है।



■ नईम कासिम ने जोर दिया कि केवल अप्रत्यक्ष बातचीत पर ही विचार किया जाना चाहिए

इस युद्धविराम ने बड़े पैमाने पर लड़ाई को कम तो किया है, लेकिन सीमा पार होने वाले हमलों को पूरी तरह से नहीं रोका जा सका है और दोनों पक्ष एक-दूसरे पर उल्लंघन के इल्जाम लगा रहे हैं। इजरायल ने दक्षिणी लेबनान के कई शहरों के लिए नई निकासी चेतावनी जारी की है, जिसमें बाशिदों को उन इलाकों से हटने की सलाह दी गई है जिन्हें वह हिजबुल्लाह की गतिविधियों से जुड़ा बता रहा है। एक इजरायली सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि हिजबुल्लाह लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है और चेता. वनी दी कि यदि जरूरत पड़ी तो इजरायल पूरी ताकत के साथ जवाब देगा। उधर, हिजबुल्ला ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उसकी कार्रवाई बार-बार होने वाले इजरायली उल्लंघनों का 'वैध जवाब' है। समूह का दावा है कि संघर्ष विराम समझौते का सैकड़ों बार उल्लंघन हुआ है, जिससे यह नाजुक युद्धविराम कमजोर हो रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी हालिया हमलों के बाद सेना को दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले तेज करने का निर्देश दिया है। इन हमलों में कथित तौर पर कई लोग मारे गए हैं। इजरायली अधिकारियों का मानना है कि उत्तरी सीमा पर सुरक्षा पक्की करने के लिए सैन्य अभियान जरूरी हैं। अमेरिका की मध्यस्थता वाला यह संघर्ष विराम समझौता लगातार हो रही झड़पों और एक-दूसरे पर शर्तों को न मानने के आरोपों के कारण दबाव में है, क्योंकि दोनों ही पक्ष इस युद्धविराम के लंबे समय तक टिकने पर चिंता जता रहे हैं।



**पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 71वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने से पहले कतारों में इंतजार करते उम्मीदवार।**

## एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ मंगलवार को किर्गिजस्तान के बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में एक उच्च-स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। बैठक के दौरान विभिन्न सदस्य देशों के रक्षा मंत्री क्षेत्र की रक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े अनेक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय शांति, आतंकवाद-रोधी प्रयासों तथा एससीओ सदस्य देशों के बीच रक्षा सहयोग से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। इस वर्ष की एससीओ बैठक पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण उत्पन्न हो रही भू-राजनीतिक अस्थिरता की पृष्ठभूमि में आयोजित हो रही है। क्षेत्र के सबसे बड़े राजनीतिक एवं आर्थिक संगठनों में से एक एससीओ इस संघर्ष के प्रभाव को कम करने के उपायों पर भी चर्चा कर सकता है।

## राजा चार्ल्स तृतीय की अमेरिका यात्रा योजनानुसार होगी: राजमहल

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रात्रि भोज के दौरान हुई गोलीबारी की घटना के बावजूद ब्रिटिश सम्राट चार्ल्स तृतीय की अमेरिका यात्रा योजनानुसार जारी रहेगी।बकिंघम पैलेस ने एक बयान में यह जानकारी दी है। इससे पहले, राजमहल के सूत्रों ने कहा था कि चार्ल्स तृतीय और रानी कैमिला की अमेरिका की प्रस्तावित यात्रा पर इस घटना के संभावित प्रभावों के बारे में लंदन और वाशिगटन के बीच चर्चा की जा रही है। 'इंडिपेंडेंट' समाचार पत्र ने राज. महल के हवाले से कहा है कि दिन भर दोनों देशों के बीच हुई चर्चा के बाद और सरकार की सलाह पर कार्रवाई करते हुए, हम इसकी पुष्टि कर सकते हैं कि उनकी राजकीय यात्रा योजनानुसार आगे बढ़ेगी।

## पश्चिमी देशों में परमाणु हथियारों की तैनाती पर रूस चिंतित

**मास्को।** रूस ने पश्चिमी देशों के अपने क्षेत्रों में परमाणु हथियार तैनात करने की बढ़ती इच्छा पर गहरी चिंता व्यक्त की है और चेता. वनी दी है कि यह रुझान भविष्य में और तेजी से बढ़ सकता है। परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन में रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख और रूसी विदेश मंत्रालय के एंबेसडर-एट-लार्ज आंद्रेई बेलौसोव ने स्पुतनिक को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि रूस एनपीटी के संदर्भ में कई मुद्दों को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है। उनके अनुसार, पश्चिम के देशों में एक ऐसा चलन देखा जा रहा है जो जल्द ही 'हिमस्खलन जैसी वृद्धि' में बदल सकता है। उल्लेखनीय है कि एनपीटी की 11वीं समीक्षा बैठक आज से से 22 मई तक न्यूयॉर्क में आयोजित की जा रही है। बेलौसोव ने कहा कि गैर-परमाणु पश्चिमी देशों में तैनाती करने की मांग की जा रही है। नाटो के 'संयुक्त परमाणु मिशनों' और 'विस्तारित' या 'अग्रिम' परमाणु निवारण (न्यूक्लियर डिटरेंस) की योजनाएं गहरी अस्थिरता पैदा करने वाली और एनपीटी को नुकसान पहुंचाने वाली हैं। रूसी राजनयिक ने 'यूरोपीय संघ (ईयू) को परमाणु क्षमता संपन्न' बनाने की कोशिश और इसके गैर-परमाणु सदस्य देशों द्वारा खुद के परमाणु हथियार हासिल करने की दिशा में बढ़ने की संभावना पर भी चिंता जताई।

# पाक मध्यस्थ बनने के लायक नहीं: इब्राहिम

## ईरानी सांसद बोले: पाकिस्तान अमेरिका के पक्ष में झुका है, ट्रम्प के खिलाफ कुछ नहीं बोलता इस्लामाबाद



■ पाकिस्तान अक्सर डोनाल्ड ट्रम्प और अमेरिका के हितों को ध्यान में रखता है और उनके खिलाफ कुछ नहीं कहता, इसलिए वह निष्पक्ष नहीं माना जा सकता: रेजई

**तेहरान।** मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत में अभी तक कोई ठोस सहमति नहीं बन पाई है। इसी बीच ईरान के एक नेता ने पाकिस्तान की भूमिका पर सवाल उठाए हैं।

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजई ने कहा कि पाकिस्तान दोस्त जरूर है, लेकिन वह बातचीत में बीच का सही पक्ष (मध्यस्थ) नहीं बन सकता। रेजई ने कहा कि पाकिस्तान अक्सर डोनाल्ड ट्रम्प और अमेरिका के हितों को ध्यान में रखता है और उनके खिलाफ कुछ नहीं कहता। इसलिए वह निष्पक्ष नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि एक सही मध्यस्थ वही होता है, जो दोनों पक्षों के बीच निष्पक्ष रहे, न कि हमेशा एक ही पक्ष की तरफ झुका रहे। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान के विद. ेश मंत्री अब्बास अराघची ने 24 घंटे में 2 बार पाकिस्तान का दौरा किया। सांसद ने कहा पाकिस्तान हमारा एक अच्छा दोस्त और पड़ोसी है, लेकिन वह बातचीत के लिए उपयुक्त मध्यस्थ नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान का मानना है कि एक मध्यस्थ को निष्पक्ष होना चाहिए और दोनों पक्षों को असहज सच बोलने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिसमें पाकिस्तान विफल रहा है। रजाई के अनुसार, पाकिस्तान यह सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने को तैयार नहीं है कि अमेरिका ने शुरू में प्रस्ताव स्वीकार किया और फिर उससे पीछे हट गया। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान लेबनान और ईरान की रुकी हुई वित्तीय संपत्तियों के संबंध में अमेरिका को उसकी प्रतिबद्धताओं के लिए जवाबदेह ठहराने में विफल रहा है। सबसे गंभीर आरोप उस 10-सूत्रीय वार्ता ढांचे को लेकर है, जिसे ईरान का दावा है कि तेहरान यात्रा के दौरान पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को सीधे सौंपा गया था। ईरान के अनुसार, जनरल मुनीर को यह प्रस्ताव इस समझ के साथ दिया गया था कि इसे अमे. रिकी पक्ष तक पहुंचाया जाएगा, लेकिन ईरान का कहना है कि उसे अब तक कोई प्रतिक्रिया या पावती नहीं मिली है। यह कूटनीतिक तनाव 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों के बाद शुरू हुए संघर्ष की पृष्ठभूमि में सामने आया है। इस युद्ध ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग बंद कर दिया है, जिससे वैश्विक ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ सीधी बातचीत से इनकार कर दिया है। दूसरी ओर, ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर संकेत दिया कि यदि ईरान बात करना चाहता है, तो उन्हें बस फोन करना चाहिए, लेकिन अमेरिका अब इस्लामाबाद में वरिष्ठ वार्ताकार नहीं भेजेगा। पाकिस्तान की मुस्लिम जगत के शांति मध्यस्थ बनने की महत्वाकांक्षा को इस कूटनीतिक गतिरोध से बड़ा झटका लगा है। ईरान का संदेश स्पष्ट है-तटस्थता दिखाई देनी चाहिए, केवल उसका दावा करना पर्याप्त नहीं है।

## बीएलए ने किया 42 पाक सैनिकों को मारने का दावा

**इस्लामाबाद।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने कहा है कि उन्होंने 15 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर 27 हमले किए हैं। बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलोच ने एक बयान जारी कर हमलों की जिम्मेदारी ली। द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बयान में कहा गया कि संगठन के लड़ाकों ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को निशाना बनाते हुए आईईडी विस्फोट, घात लगाकर हमले, छापेमारी और ड्रोन हमले किए। बीएलए ने दावा किया कि इस दौरान 42 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए, जबकि कई अन्य घायल हुए और एक सैनिक को बंदी बना लिया गया। बीएलए ने पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की कई चौकियों पर कब्जा करने और पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के हथियार लूटने का भी दावा किया। बीएलए ने बयान में यह भी स्वीकार किया कि पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के साथ हुई झड़पों में उसके तीन लड़ाके मारे गए। बीएलए के अनुसार, उसके लड़ाकों ने सोहंदा क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना को रिमोट कंट्रोल आईईडी से निशाना बनाया और इसके बाद घात लगाकर हमला किया, जिसमें कई जवानों के मारे जाने का दावा किया गया। बयान में यह भी आरोप लगाया गया कि हमले के बाद में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने नागरिक क्षेत्रों में कार्रवाई की, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। बीएलए ने ये भी कहा कि उन्होंने खारान के अलमार्क क्षेत्र में आईईडी और घात लगाकर हमले किए गए, जिससे सुरक्षा बलों को पीछे हटना पड़ा और उन्हें नुकसान हुआ। इसके अलावा, कोहलू जिले में एक कथित सरकारी समर्थक सशस्त्र व्यक्ति की हत्या की जिम्मेदारी भी ली गई। संगठन ने बेसिमा क्षेत्र में भी सशस्त्र समूहों और सुरक्षा बलों पर हमले कर नुकसान पहुंचाने का दावा किया। बीएलए के मुता. बिक, हरनाई के शहराग इलाके में झड़प के दौरान एक सैनिक को जिंदा पकड़ लिया गया। वहीं झल मगसी में एक चौकी पर कब्जा कर हथियार जब्त करने का भी दावा किया गया।

# माली के रक्षामंत्री सादियो की बम धमाके में मौत

■ कल घर पर सुसाइड कार से हमला हुआ, हमले में सादियो की दूसरी पत्नी और दो पोते भी मारे गए

**बमाको।** माली के रक्षा मंत्री सादियो कामारा की बम धमाके में मौत हो गई। शनिवार को राजधानी बमाको से करीब 15 किमी दूर काटी शहर में उनके घर पर आत्मघाती कार से हमला किया गया। हमले में सादियो की दूसरी पत्नी और दो पोते भी मारे गए।

यह जानकारी उनके परिवार और अधिकारियों ने दी। एक रिश्तेदार ने रायटर्स को उनकी मौत की पुष्टि की, जबकि उनके साले ने फेसबुक पोस्ट में इसकी जानक. ारी दी। हमले के पीछे अल-कायदा से जुड़ा जिहादी संगठन जेएनआईएम और तुआरेग विद्रोही समूह एफएलए का गठजोड़ बताया जा रहा है। दोनों संगठनों ने मिलकर यह हमला किया। इस हमले के साथ ही देश के कई हिस्सों में भी हिंसा भड़क गई। बमाको, गाओ, किदाल और सेवरे समेत कई शहरों में गोलीबारी और धमाकों की खबरें सामने आई हैं। रिपोर्टों के मुताबिक राष्ट्रपति असीमी गोइता को सुरक्षित जगह ले जाया गया क्योंकि उनके घर को भी निशाना बनाया गया था। रक्षा मंत्री सादियो कामारा माली की सैन्य सरकार के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक थे। वे पेशे से सैन्य अधिकारी थे और लंबे समय तक सेना में सेवा देने के बाद शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचे। 2020 और 2021 में हुए सैन्य तख्तापलट के बाद उनका कद तेजी से बढ़ा और वे सत्ता के केंद्र में आ गए। रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने माली की सुरक्षा नीति तय करने में अहम भूमिका निभाई। कामारा को माली और रूस के बीच बढ़ते सैन्य संबंधों का प्रमुख सूत्रधार माना जाता था। उनके कार्यकाल में माली ने फ्रांस और पश्चिमी देशों से दूरी बनाकर रूस के साथ सहयोग बढ़ाया। वे केवल रक्षा मंत्री ही नहीं, बल्कि सैन्य शासन के सबसे ताकतवर चेहरों में शामिल थे। तुआरेग विद्रोही संगठन एफएलए ने उत्तरी शहर किदाल पर कब्जा करने का दावा किया है। एफएलए का कहना है कि किदाल अब पूरी तरह उनके नियंत्रण में है। हालांकि माली की सेना ने कहा है कि किदाल समेत कई इलाकों में अभी भी आपरेशन जारी हैं और हमलावरों को खदेड़ा जा रहा है। विद्रोहियों ने यह भी दावा किया है कि एक समझौते के तहत माली सेना और उसके रूसी सहयोगियों को शहर छोड़ने की अनुमति दी गई है, लेकिन इसकी आधिका. रिक पुष्टि नहीं हुई है।

# कनाडा में सिख बुजुर्ग पर हमला

■ नस्लीय टिप्पणी भी की आरोपी ने कहा: मेरे देश से निकल जाओ, आरोपी गिरफ्तार, हिरासत में भेजा

**ओटावा।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत के वुडस्टाक शहर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक बुजुर्ग सिख व्यक्ति पर नस्लीय टिप्पणी के साथ हमला किया गया। आरोपी युवक ने पीड़ित को धक्का दिया और चिल्लाते हुए कहा मेरे देश से निकल जाओ।

पुलिस ने इस घटना को नफरत-आधारित अपराध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। वुडस्टाक पुलिस के अनुसार, यह घटना 22 अप्रैल की है। जब सिख बुजुर्ग फुटपाथ पर चल रहे थे, तभी एक युवक ने उन्हें बिना किसी उकसावे के रोककर धक्का दे दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने केवल हमला ही नहीं किया, बल्कि पीड़ित की जातीय पहचान को लेकर आपत्तिजनक और नस्लीय टिप्पणियां भी कीं। हालांकि, इस हमले में बुजुर्ग को गंभीर शारीरिक चोट नहीं आई। जांच में यह भी सामने आया कि घटना के बाद आरोपी युवक ने पास के टर्टल आइलैंड स्कूल की बाउंड्री फांदकर परिसर में प्रवेश किया और फिर वहां से बाहर निकल गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस दौरान किसी छात्र को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर इस घटना के वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिनमें आरोपी को बार-बार नस्लीय अपशब्द कहते सुना जा सकता है, जैसे-'तुम मेरे देश में क्या कर रहे हो?' यहां से निकल जाओ। वुडस्टाक पुलिस ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे जमानत सुनवाई के लिए हिरासत में रखा गया है। पुलिस ने कहा हमारे समुदाय में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वर्ल्ड सिख आर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएसओ) ने इस घटना पर गहरी चिंता जताई है। संगठन ने इसे अस्वीकार्य बताया और वुडस्टाक पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। डब्ल्यूएसओ ने कहा कि यह घटना किसी अकेली नहीं है, बल्कि सिख समुदाय के खिलाफ बढ़ते नफरत अपराधों के एक बड़े पैटर्न का हिस्सा है।

## चाड में पानी को लेकर विवाद, 40 से अधिक लोगों की मौत

**न्जामेना।** दक्षिण अफ्रीकी देश चाड में पानी के स्रोत पर अधिकार को लेकर दो परिवारों के बीच हुई हिंसक झड़प में कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। चाड के उप प्रधानमंत्री लिमाने महामत के अनुसार, यह हिंसा एक जल स्रोत को लेकर दो परिवारों के बीच शुरू हुए झगड़े का परिणाम थी। यह विवाद बाद में बदले की कार्रवाइयों में बदल गया। चाड के राष्ट्रपति महामत इदरीस देबी इतनो ने स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल पर एक आयोग भेजा है, जिसमें उप प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और जनरल स्टाफ के प्रमुख शामिल हैं।

# इंटरव्यू में पत्रकार पर भड़के ट्रम्प

## कहा: मैं रेपिस्ट नहीं, मुझे क्लीन चिट मिल चुकी है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एक इंटरव्यू के दौरान महिला पत्रकार पर भड़क गए। यह मामला हिल्टन होटल में फायरिंग के आरोपी कोल टामस एलन के मैसेज से जुड़ा था।

एलन ने हमले से 10 मिनट पहले परिवार को एक मैनिफेस्टो (लिखित बयान) भेजा था। इसमें उसने 'पेडोफाइल, रेपिस्ट और गद्दार' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था, लेकिन उसने किसी का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया। इसी मामले को लेकर पत्रकार नोरा ओश्डोनल ने जब ट्रम्प से पूछा कि क्या ये आरोप उन्हीं की तरफ इशारा करते हैं? इस पर ट्रम्प ने कहा कि मैं न तो रेपिस्ट हूं, न ही किसी का रेप किया है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए ये भी कहा



■ एंकर ने हमलावर का बयान टीवी पर पढ़ दिया था

कि आपने एक बीमार आदमी की बकवास टीवी पर पढ़ दी। मुझे उन चीजों से जोड़ा गया, जिनसे मेरा कोई लेना-देना नहीं है। मुझे पहले ही पूरी तरह क्लीन चिट मिल चुकी है। इस पर नोरा ने साफ किया कि वे मेरे शब्द नहीं थे, बल्कि आरोपी ने लिखे थे। इस पर ट्रम्प ने कहा कि ऐसे आरा. ेप टीवी पर पढ़ना ही गलत था। इंटरव्यू में जब ट्रम्प से पूछा गया कि क्या वे खुद निशाने पर थे, उन्होंने कहा कि मुझे पक्के तौर पर नहीं पता। हालांकि, घटना के दौरान मुझे डर नहीं लगा, क्योंकि दुनिया ऐसी ही है और ऐसी घटनाएं हो सकती हैं। ट्रम्प ने कहा कि पहले मुझे लगा था कि यह छोटी घटना है, लेकिन फिर समझ आया कि मामला गंभीर है। उस वक्त एक आर्टिस्ट शो कर रहा था और माहौल सामान्य लग रहा था, लेकिन अचानक सब बदल गया। ट्रम्प ने कहा कि सुरक्षा टीम मुझे तुरंत बाहर ले जाना चाहती थी, लेकिन मैं देखना चाहता थे कि क्या हो रहा है।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

# निर्मित कौर अहलूवालिया के नए फ्रैश हेयर लुक ने मचाई हलचल

**मुंबई।** अभिनेत्री निर्मित कौर अहलूवालिया ने इस गर्मी में एक नया और फ्रेश लुक अपनाया है। निर्मित कौर ने फ्रेश हेयरस्टाइल ट्राय किया है, जो सोशल मीडिया और इंडस्ट्री में चर्चा का विषय बन गया है। यह छोटा लेकिन खास बदलाव उनके लुक को और भी सॉफ्ट और स्टाइलिश बना रहा है।

इन दिनों बॉलीवुड में फ्रेश हेयरकट का ट्रेंड भी काफी चल रहा है। अनन्य पांडे, अदिति राव हैदरी और भूमि पेडणेकर जैसी अभिनेत्री भी इस लुक में नजर आ चुकी हैं, लेकिन निर्मित का स्टाइल अपनी सादगी और एलिगेंस के कारण अलग नजर आता है, जो उनकी पर्सनैलिटी को अच्छी तरह सूट करता है। शुरुआत में फैंस को लगा कि यह सिर्फ उनका पर्सनल स्टाइल चेंज है या



■ यह छोटा लेकिन खास बदलाव उनके लुक को और भी सॉफ्ट और स्टाइलिश बना रहा

किसी रोल के लिए, लेकिन अब निमृत ने खुद इस बात का खुलासा कर दिया है। अपने नए लुक के बारे में निर्मित ने कहा कि मैंने हाल ही में एक नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया है और यह लुक उसी के लिए है। मैं कुछ अलग ट्राय करना चाहती थी और फ्रेश मुझे सही लगा। नए अंदाज के साथ किसी नई चीज की शुरुआत करना हमेशा एक्साइटिंग होता है, और यह उसी सफर का एक हिस्सा है। एक करीबी सूत्र ने बताया कि निर्मित काफी समय से अपने लुक के साथ कुछ नया करना चाहती थीं, और जब यह प्रोजेक्ट आया तो उन्हें लगा कि यही सही समय है। यह फ्रेश उनके स्क्रीन प्रेजेंस में एक नया पहलू जोड़ता है। निर्मित लगातार अपने काम में सादगी और नएपन के बीच संतुलन बनाए रखती हैं। नए प्रोजेक्ट की शुरुआत और उनके इस लुक को मिल रही प्रतिक्रिया को देखते हुए, वह एक बार फिर कुछ नया और खास लेकर आने के लिए तैयार हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108